वर्ष : 31 | अंक :87
प्रतापगढ़ | बुधवार , 29 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान आज

## ● श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले लगाएगा आस्था की डुबकी

**▸▸संगम में उमड़ा जनसैलाब**

**▸▸मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ मेला प्रशासन ने जारी किया अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम**



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी को है। इस दिन आसमान से दूसरी बार अमृत टपकेगा। इस दिन 14 जनवरी को हुए पहले अमृत स्नान से भी अधिक लोगों के पहुंचने की पूरी संभावना है। मौनी अमावस्या के दिन किए जाने वाले अमृत स्नान से न केवल आपको शुभ फल मिलते हैं, बल्कि आपके पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक ये चार प्रमुख स्थान हैं, जहां कुम्भ का आयोजन किया जाता है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या को लगभग 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले मंगलवार को तीन करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। तीर्थराज में महाकुम्भ की भव्य शुरुआत हो चुकी है।

मकर संक्रांति को महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान के बाद 29 जनवरी (बुधवार) को दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या को होगा। प्रायगराज महाकुम्भ मेला प्रशासन ने दूसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अनुमान है कि इस दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे।श्रीदूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने मंगलवार को बताया कि मौनी अमावस्या पर सबसे पहले श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी व श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़ा स्नान करेगा। दोनों अखाड़े अपने शिविरों से प्रातः 4 बजे प्रस्थान कर संगम घाट पर प्रातः 5 बजे पहुचेंगे। 40 मिनट के स्नान के बाद प्रातः 5.40 पर घाट से प्रस्थान कर अखाड़े प्रातः 6.40 पर अपने शिविरों में पहुंच जाएंगे।दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान करेगा। इसका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 4.50 बजे, घाट पर आगमन का समय 5.50 बजे होगा। स्नान का समय 40 मिनट रहेगा।तीन संन्यासी अखाड़े श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्रीपंचाग्नि अखाड़ा का शिविर से प्रस्थान का समय 5.45 बजे, घाट पर आगमन का समय 6.45 रहेगा।

स्नान का समय 40 मिनट तय किया गया है।तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्रीपंच निर्वाणी अनी अखाड़ा 8.25 पर शिविर से चलेगा, 9.25 पर घाट पर पहुंचेगा और 30 मिनट स्नान के बाद 9.55 पर घाट से शिविर के लिए रवाना हो जाएगा।अखिल भारतीय श्रीपंच दिगंबर अनी अखाड़ा 9.05 पर शिविर से निकलकर 10.05 पर घाट पहुंचेगा। अखाड़े को स्नान के लिए 50 मिनट का समय दिया गया है।अखिल भारतीय श्रीपंच निर्मोही अनी अखाड़ा 10.05 पर शिविर से चलेगा, 11.05 पर घाट पहुंचेगा। 30 मिनट स्नान के बाद 11.35 पर प्रस्थान कर 12.35 पर शिविर में आ जाएगा।

श्रीपंचायती नया उदासीन अखाड़ा 11 बजे पर शिविर से रवाना होकर 12 बजे घाट पहुंचेगा और 55 मिनट स्नान करने के बाद 12.55 पर घाट से रवाना होकर 1.55 बजे शिविर पहुंच जाएगा।श्रीपंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण 12.05 बजे शिविर से चलकर 1.05 पर घाट पहुंचेगा। एक घंटा स्नान के बाद 2.05 पर घाट से रवाना होकर 3.05 पर शिविर आ जाएगा।सबसे अंत में श्रीपंचायती निर्मल अखाड़ा स्नान करेगा। यह अखाड़ा दोपहर 1.25 पर शिविर से चलेगा और 2.25 पर घाट पहुंचेगा। ठीक 40 मिनट स्नान करने के बाद 3.05 पर घाट से रवाना होकर 4.05 पर शिविर आ जाएगा।

## उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम जमानत मिलने पर 10 साल के बाद अहमदाबाद आश्रम पहुंचे

**● अनुयायी से न मिलने की जमानत शर्त के बावजूद मोटेरा आश्रम में उमड़े साधक, पुलिस अलर्ट**



**अहमदाबाद,(हि.स.)-** नाबालिग से दुष्कर्म मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम बापू को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिलने के बाद जोधपुर जेल से निकलकर गुजरात वापस आए हैं। वह फिलहाल अहमदाबाद के साबरमती स्थित अपने आश्रम में हैं। आसाराम ने 10 साल की लंबी अवधि के बाद अहमदाबाद के आश्रम में प्रवेश किया है।सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम को चिकित्सा आधार पर 31 मार्च तक अंतरिम सशर्त जमानत दे दी है। जोधपुर जेल में सजा काट रहे आसाराम जमानत पर रिहा होने के 10 साल बाद अहमदाबाद के मोटेरा आश्रम में दाखिल हो गए । जमानत की शर्त यह है कि आसाराम अपने अनुयायियों से नहीं मिल सकेंगे। हालांकि, जैसे-जैसे इसके बारे में साधकों को पता चला है, वे आश्रम पहुंचने लगे हैं। पुलिस को भी अलर्ट कर दिया गया तथा आश्रम में स्थिति न बिगड़े, यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे गश्त शुरू कर दी गई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार जब आसाराम को जमानत मिली तो उनके अहमदाबाद आने की अटकलें बढ़ गईं। खास बात यह है कि आसाराम का यह आश्रम पहले भी कई विवादों में घिर चुका है। दीपेश-अभिषेक की अप्राकृतिक मौत का मामला, उसके बाद दुष्कर्म जैसी घटनाओं की शिकायतें और फिर आसाराम आश्रम अपने अनुयायियों के कारण भी विवादों में रहे हैं। जांच के दौरान कई विवाद सामने आये।

इस बीच चांदखेड़ा पुलिस यह सुनिश्चित करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रही है कि आसाराम अंतरिम जमानत के दौरान कोई नया विवाद खड़ा न करें।आसाराम को अप्रैल 2018 में जोधपुर स्थित अपने आश्रम में एक नाबालिग लड़की से बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया गया था। जोधपुर कोर्ट ने आसाराम को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके बाद अप्रैल 2019 में सूरत की एक अदालत ने उनके पुत्र नारायण साई को बलात्कार का दोषी ठहराया था।

## सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए दी सशर्त अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है।शर्तों के मुताबिक ताहिर हुसैन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही जेल से बाहर रह सकेंगे। इस दौरान होटल या परिचित के घर रहेंगे और वे अपने घर नहीं जा सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि ताहिर हुसैन को अपनी सुरक्षा पर हर दिन होने वाले लगभग 2 लाख 7 हजार रुपये का खर्च वहन करना होगा।दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था। ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम की ओर से उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है।

## ● ● यमुना के पानी पर सियासी संग्राम ● ●

# आतिशी और भगवंत मान ने चुनाव आयोग से की शिकायत




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने मंगलवार को यमुना जल मुद्दे को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त से मुलाकात की। आतिशी ने कहा कि हमने दिल्ली में पानी के मुद्दे पर चर्चा की। हमने चुनाव आयोग को बताया कि कैसे हरियाणा के यमुना जल में अमोनिया का स्तर जहरीले स्तर तक पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि अगर हमें ऐसा दूषित पानी मिलता रहा, तो हमारे कई जल उपचार संयंत्र बंद हो जाएंगे और दिल्ली के 30त्न हिस्से को कोई पानी नहीं मिलेगा। शाम को हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी सीईसी के साथ बैठक के लिए चुनाव आयोग आएंगे।

यमुना जल मामले में हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी के बयान पर आतिशी ने कहा कि उन्होंने खुद अपने झूठ का पर्दाफाश किया है। यह कोई राय का विषय नहीं है। यह एक तथ्यात्मक बयान है। यहां तक कि डीजेबी सीईओ द्वारा लिखे गए पत्र में भी कहा गया है कि दिल्ली के जल उपचार संयंत्र 1-2 पीपीएम तक अमोनिया का उपचार कर सकते हैं। मैंने चुनाव आयोग को यह सुझाव दिया है कि दोनों सरकारों के संबंधित अधिकारियों की एक संयुक्त टीम बनाई जाए। हरियाणा के भाजपा सांसदों ने मंगलवार को आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल को उनके इस दावे को लेकर गिरफ्तार करने की मांग की कि राज्य (हरियाणा) दिल्ली में पेयजल आपूर्ति के स्रोत यमुना नदी में 'जहर' बहा रहा है। हरियाणा के सभी 10 सांसदों ने यहां प्रेसवार्ता में कहा कि यह केजरीवाल की 'आपराधिक साजिश' का स्पष्ट मामला है क्योंकि वह दिल्लीवासियों के बीच डर पैदा करने की चेष्टा कर रहे हैं। भाजपा सांसदों ने आम आदमी पार्टी सरकार को चुनौती दी कि वह दिल्ली के घरों में आपूर्ति किए जाने से पहले हरियाणा से छोड़े जाने वाले पानी की गुणवत्ता की जांच कर ले।

## सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी बजट, 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी। इसके अगले दिन एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को शुरू होकर 13 फरवरी को समाप्त होगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन 31 जनवरी को सुबह 11 बजे संसद भवन स्थित लोकसभा कक्ष में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के बाद शुक्रवार को लोकसभा और राज्यसभा की संक्षिप्त बैठक होगी।

# आप की सरकार की पाप की सरकार- योगी आदित्यनाथ


**▸▸बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को आधार कार्ड उपलब्ध कराकर पाप करने का आरोप**



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यमुना नदी को साफ करने में विफल रहने के लिए आम आदमी पार्टी (आप) की आलोचना करते हुए मंगलवार को एक बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि नदी से सीवर जैसी दुर्गंध आ रही है। मंगोलपुरी विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए, योगी आदित्यनाथ ने्क्कपर हमला किया और कहा कि पार्टी जल्द ही राष्ट्रीय राजधानी से बाहर हो जाएगी और पापों से मुक्त हो जाएगी। योगी ने कहा कि आज जब मैं गाजियाबाद से दिल्ली आ रहा था। यमुना जी, जो कभी हम सबकी आस्था का प्रतीक थीं, वहां से दुर्गंध आ रही थी, सीवर जैसी दुर्गंध आ रही थी। दिल्ली में आम आदमी पार्टी सरकार के पाप भोगने वाली जनता को जल्द ही पापों से मुक्ति मिलेगी। इससे छुटकारा पाने का एक ही रास्ता है, दिल्ली में भी बीजेपी की सरकार बने। उन्होंने कहा कि दिल्ली के अंदर्क्ककी सरकार की पाप की भुक्तभोगी हमारे मथुरा, वृंदावन और आगरावासियों तथा वहां पर आने वाले श्रद्धालुओं को होना पड़ रहा है्क्कने दिल्ली में जो 10 साल से जो स्थिति बनाई है आज उसका भुक्तभोगी हम सबको होना पड़ा रहा है।

योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को दिल्ली की आप सरकार पर दक्षिणी दिल्ली के ओखला में बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों को आधार कार्ड उपलब्ध कराकर ÷पाप÷ करने का आरोप लगाया। नरेला विधानसभा क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यमुना में हरियाणा से पानी आता है और उन्होंने यमुना में जहर मिला दिया और कहा कि जब हमारे इंजीनियर को पता चला तो उन्होंने पानी को रोक दिया। वो कितना झूठ बोल रहे हैं...ये झूठ की दुकान नहीं चलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं उस पवित्र भूमि से आया हूं जिस भूमि पर भगवान श्रीकृष्ण ने गीता का संदेश दिया था। मैं आज अरविंद केजरीवाल को यह कहने आया हूं कि यह हमारी वही पवित्र यमुना है, जिसमें एक कालिया नाग रहता था और उसके अंदर जहर फैलाता था और भगवान श्रीकृष्ण ने आकर उस कालिया नाग का काम तमाम कर दिया था। अरविंद केजरीवाल का जन्म हरियाणा की पवित्र भूमि पर हुआ है और उन्होंने उसको भी कलंकित कर दिया है। हमने तो पानी की दिक्कत नहीं आने दी।

## बड़ौत में निर्वाण महोत्सव का मंच गिरा, पांच की मौत, 60 घायल



**बागपत, (हि.स.)।** उत्तर प्रदेश में बागपत जिले के बड़ौत में जैन समाज के निर्वाण महोत्सव के दौरान आज सुबह बड़ा हादसा हो गया। मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने के दौरान मंच गिरने से 60 लोग घायल हो गए, जबकि अब तक पांच लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। घायलों में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हैं। घायलों को आसपास के निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनहानि पर दुख प्रकट किया है। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिए कि मौके पर पहुंचकर पीड़ितों को हर प्रकार की मदद पहुंचाई जाए। घायलों को बेहतर इलाज मुहैया कराएं। बताया गया है कि श्रद्धालु क्षमता से अधिक संख्या में मान स्तंभ पर लड्डू चढ़ाने पहुंच गए। इस वजह से करीब 40 फीट ऊंचा मंच भरभरा गया। स्थानीय लोगों ने घायलों को फौरन बड़ौत सीएससी और निजी आस्था अस्पताल में भर्ती कराया। 20 घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। 30 से अधिक लोगों का उपचार चल रहा है। गंभीर रूप से घायल कुछ लोगों को दिल्ली रेफर किया गया है।सूचना मिलते ही जिलाधिकारी अस्मिता लाल, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय और एडिशनल एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।बागपत जिला अस्पताल को हाई अलर्ट पर रखा गया है। सभी चिकित्सीय सेवाओं के लिए डॉक्टर मौके पर मौजूद हैं।प्रशासन ने कहा है कि घटना की जांच कराने के आदेश दिए गए हैं।

# जब तक किसानों की मांगें मानी नहीं जातीं, तब तक अनिश्चितकालीन अनशन जारी रहेगा -जगजीत सिंह डल्लेवाल

**चंडीगढ़ ,एजेंसियॉ।** पंजाब के किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी सहित किसानों की मांगों को स्वीकार नहीं कर लेती तब तक वह अपना आमरण अनशन जारी रखेंगे। डल्लेवाल ने खनौरी धरना स्थल पर मीडिया से कहा कि पूरे देश को एमएसपी की जरूरत है। उन्होंने विस्तार से बताए बिना कहा, ''पंजाब को भी अपने भूमिगत जल स्तर को बचाने के लिए एमएसपी की जरूरत है।''

केंद्र सरकार के एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने 18 जनवरी को आंदोलनकारी किसानों को उनकी मांगों पर चर्चा करने के लिए चंडीगढ़ में 14 फरवरी को बैठक के लिए आमंत्रित किया था जिसके बाद से डल्लेवाल ने



चिकित्सकीय सहायता लेनी शुरू कर दी लेकिन उन्होंने अपना अनशन समाप्त नहीं किया। संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) के संयोजक डल्लेवाल फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सहित विभिन्न मांगों को लेकर पिछले साल 26 नवंबर से खनौरी सीमा पर अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल कर रहे हैं।किसान नेता ने आंदोलन को समर्थन देने के लिए किसानों और श्रमिकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि किसान मंचों - संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा - ने केंद्र के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल से 14 फरवरी को बैठक के लिए निमंत्रण मिलने के बाद उनसे चिकित्सकीय सहायता लेने का अनुरोध किया था जिसके बाद उन्होंने यह सहायता लेना स्वीकार किया।

उन्होंने कहा, ''मैंने केवल चिकित्सकीय सहायता ली। (उसके बाद) उल्टियां आनी बंद हो गई हैं। मेरा आमरण अनशन जारी है और यह तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार हमारी मांगें पूरी नहीं कर देती।''डल्लेवाल ने 14 फरवरी की बैठक में भाग लेने के बारे में कहा कि हर कोई चाहता है कि वह बैठक में शामिल हों।

उन्होंने कहा, ''लेकिन स्वास्थ्य इसकी अनुमति नहीं दे रहा। मेरे पास जाने की ताकत नहीं है।'' डल्लेवाल ने किसानों से 12 फरवरी को खनौरी धरना स्थल पर एकत्र होने की अपील की। उन्होंने कहा, ''अगर सभी लोग आएंगे तो मुझे और ताकत मिलेगी। ईश्वर ने चाहा तो मैं (14 फरवरी को) बैठक में जाकर अपनी बात रख सकूंगा। इसलिए मैं आपसे आग्रह करता हूं कि 12 फरवरी को बड़ी संख्या में यहां एकत्र हों क्योंकि आपको देखकर मुझे ऊर्जा मिलती है।

## राम रहीम 30 दिन के पैरोल पर रिहा, साढ़े सात साल बाद डेरा सिरसा में रखे कदम



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा सरकार ने दुष्कर्म व हत्या के दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल दे दी। पहली बार वह डेरासच्चा सौदा के सिरसा मुख्यालय में रहेगा। इससे पहले 11 बार मिली पैरोल व फरलो के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित डेरे में ही रहा है। मंगलवार सुबह हरियाणा पुलिस की सुरक्षा के बीच राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से रवाना हुआ और सिरसा डेरा पहुंचा। इन दिनों डेरा सच्चा सौदा में अवतार माह मनाया जा रहा है।डेरा प्रमुख के बाहर आने के बाद हरियाणा के सिरसा, हिसार, फतेहाबाद आदि जिलों में अलर्ट घोषित किया गया है। सिरसा में डेरा सच्चा सौदा की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साल 2017 में साध्वियों से यौन शोषण और मर्डर केस में सजा होने के बाद राम रहीम मंगलवार को 12वीं बार जेल से बाहर आया।हरियाणा में पिछले साल विधानासभा चुनाव के दौरान सितंबर में राम रहीम ने सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी थी। चुनाव आचार संहिता के कारण उसे मंजूरी नहीं मिली थी। राम रहीम को सिरसा में आने की मंजूरी जेल में उसके अच्छे आचरण तथा पैरोल व फरलो के दौरान नियमों का पालन करने के आधार पर मिली है। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम ने सिरसा पहुंचने के बाद संगत के नाम वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें लोगों से डेरे में न आने की अपील की है।मंगलवार सुबह छह बजे रोहतक के सुनारिया जेल से रिहा राम रहीम करीब नौ बजे सिरसा डेरे में पहुंचे।

## माइक्रोसॉफ्ट कर सकती है टिकटॉक का अधिग्रहण, ट्रंप ने दिए संकेत

**वाशिंगटन, (हि.स.)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संकेत दिए हैं कि माइक्रोसॉफ्ट जल्द ही चीन की सोशल मीडिया कंपनी टिकटॉक का अधिग्रहण कर सकती है। ट्रंप ने सोमवार को कहा कि उनका मानना है कि माइक्रोसॉफ्ट, टिकटॉक का अधिग्रहण करने के लिए चर्चा कर रहा है। उन्होंने एयर फोर्स वन में साथ यात्रा कर रहे संवाददाताओं से कहा कि इसकी बोली दिलचस्प




होगी।सीएनएन की खबर के अनुसार, कानून के अनुसार टिकटॉक को अमेरिका में प्रतिबंधित किया जाना है। ट्रंप ने सीधेतौर पर पूछे जाने पर कि क्या माइक्रोसॉफ्ट इस ऐप हासिल करने के लिए चर्चा कर रहा है? ट्रंप ने इस सवाल के जवाब में कहा, %%मैं हां कहूंगा।%% उन्होंने कहा, %%टिकटॉक में बहुत रुचि है।%% हालांकि माइक्रोसॉफ्ट ने इस पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।उल्लेखनीय है कि टिकटॉक के मौजूदा वक्ेत में 170 मिलियन अमेरिकी यूजर्स हैं। ट्रंप ने पहले ही यह साफ कर चुके कि अमेरिका में धंधा चलाना है तो बाइटडांस को या तो इसे राष्ट्रीय सुरक्षा के आधार पर बेचना होगा।

# श्रीलंकाई नौसेना ने भारतीय मछुआरों पर बरसाईं गोलियां

**▸▸पड़ोसी देश के कार्यवाहक राजदूत तलब**

**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** भारत ने भारतीय मछुआरों के मुद्दे पर श्रीलंका के सामने नाराजगी जताई है। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, श्रीलंकाई नौसेना की ओर से भारतीय मछुआरों



को पकड़ने के लिए की गई गोलीबारी पर कोलंबो के सामने कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है। मंत्रालय ने बताया कि डेल्फ्ट द्वीप के पास श्रीलंकाई नौसेना की फायरिंग में दो भारतीय मछुआरे गंभीर रूप से घायल हुए हैं। गंभीर रूप से घायल भारतीय मछुआरों का जाफना अस्पताल में इलाज चल रहा है। श्रीलंका के कार्यवाहक राजदूत को विदेश मंत्रालय में तलब कर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया है।विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा, % आज सुबह डेल्फ्ट द्वीप के नजदीक 13 भारतीय मछुआरों को पकड़ने के दौरान श्रीलंकाई नौसेना की ओर से गोलीबारी की घटना की सूचना मिली। मछली पकड़ने वाली नाव पर सवार 13 मछुआरों में से दो गंभीर रूप से घायल हो गए हैं और उनका इलाज जाफना टीचिंग अस्पताल में चल रहा है। तीन अन्य मछुआरों को मामूली चोटें आई हैं। उनका भी इलाज किया जा रहा है। जाफना में भारतीय वाणिज्य दूतावास के अधिकारियों ने घायल मछुआरों से अस्पताल में मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। उन्होंने मछुआरों और उनके परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान की है।बयान में आगे कहा गया, %नई दिल्ली में श्रीलंका के कार्यवाहक उच्चायुक्त को आज सुबह विदेश मंत्रालय में बुलाया गया और इस घटना पर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया।

वर्ष : 31 | अंक :87
प्रतापगढ़ | बुधवार , 29 जनवरी-2025
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़, लखनऊ, कौशाम्बी एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन

प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com


# महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान आज

## ● श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी सबसे पहले लगाएगा आस्था की डुबकी

**▶▶ संगम में उमड़ा जनसैलाब**

**▶▶ मौनी अमावस्या पर महाकुम्भ मेला प्रशासन ने जारी किया अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम**



लोकमित्र ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर।** महाकुम्भ का दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या के दिन 29 जनवरी को है। इस दिन आसमान से दूसरी बार अमृत टपकेगा। इस दिन 14 जनवरी को हुए पहले अमृत स्नान से भी अधिक लोगों के पहुंचने की पूरी संभावना है। मौनी अमावस्या के दिन किए जाने वाले अमृत स्नान से न केवल आपको शुभ फल मिलते हैं, बल्कि आपके पितरों की आत्मा भी तृप्त होती है। प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक ये चार प्रमुख स्थान हैं, जहां कुम्भ का आयोजन किया जाता है। गौरतलब है कि मौनी अमावस्या को लगभग 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। मौनी अमावस्या से एक दिन पहले मंगलवार को तीन करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ प्राप्त किया। तीर्थराज में महाकुम्भ की भव्य शुरुआत हो चुकी है।

मकर संक्रांति को महाकुम्भ के पहले अमृत स्नान के बाद 29 जनवरी (बुधवार) को दूसरा अमृत स्नान मौनी अमावस्या को होगा। प्रायगराज महाकुम्भ मेला प्रशासन ने दूसरे अमृत स्नान के लिए अखाड़ों के स्नान का कार्यक्रम जारी कर दिया है। अनुमान है कि इस दिन 10 करोड़ से अधिक श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाएंगे।श्रीदूधेश्वर मंदिर के पीठाधीश्वर एवं जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने मंगलवार को बताया कि मौनी अमावस्या पर सबसे पहले श्रीपंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी व श्रीशंभू पंचायती अटल अखाड़ा स्नान करेगा। दोनों अखाड़े अपने शिविरों से प्रातः 4 बजे प्रस्थान कर संगम घाट पर प्रातः 5 बजे पहुचेंगे। 40 मिनट के स्नान के बाद प्रातः 5.40 पर घाट से प्रस्थान कर अखाड़े प्रातः 6.40 पर अपने शिविरों में पहुंच जाएंगे।दूसरे स्थान पर श्रीतपोनिधि पंचायती श्रीनिरंजनी अखाड़ा एवं श्रीपंचायती अखाड़ा आनंद अमृत स्नान करेगा। इसका शिविर से प्रस्थान का समय सुबह 4.50 बजे, घाट पर आगमन का समय 5.50 बजे होगा। स्नान का समय 40 मिनट रहेगा।तीन संन्यासी अखाड़े श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्रीपंच दशनाम आवाहन अखाड़ा और श्रीपंचाग्नि अखाड़ा का शिविर से प्रस्थान का समय 5.45 बजे, घाट पर आगमन का समय 6.45 रहेगा।

स्नान का समय 40 मिनट तय किया गया है।तीन बैरागी अखाड़ों में सबसे पहले अखिल भारतीय श्रीपंच निर्वाणी अनी अखाड़ा 8.25 पर शिविर से चलेगा, 9.25 पर घाट पर पहुंचेगा और 30 मिनट स्नान के बाद 9.55 पर घाट से शिविर के लिए रवाना हो जाएगा।अखिल भारतीय श्रीपंच दिगंबर अनी अखाड़ा 9.05 पर शिविर से निकलकर 10.05 पर घाट पहुंचेगा। अखाड़े को स्नान के लिए 50 मिनट का समय दिया गया है।अखिल भारतीय श्रीपंच निर्मोही अनी अखाड़ा 10.05 पर शिविर से चलेगा, 11.05 पर घाट पहुंचेगा। 30 मिनट स्नान के बाद 11.35 पर प्रस्थान कर 12.35 पर शिविर में आ जाएगा।

श्रीपंचायती नया उदासीन अखाड़ा 11 बजे पर शिविर से रवाना होकर 12 बजे घाट पहुंचेगा और 55 मिनट स्नान करने के बाद 12.55 पर घाट से रवाना होकर 1.55 बजे शिविर पहुंच जाएगा।श्रीपंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन निर्वाण 12.05 बजे शिविर से चलकर 1.05 पर घाट पहुंचेगा। एक घंटा स्नान के बाद 2.05 पर घाट से रवाना होकर 3.05 पर शिविर आ जाएगा।सबसे अंत में श्रीपंचायती निर्मल अखाड़ा स्नान करेगा। यह अखाड़ा दोपहर 1.25 पर शिविर से चलेगा और 2.25 पर घाट पहुंचेगा। ठीक 40 मिनट स्नान करने के बाद 3.05 पर घाट से रवाना होकर 4.05 पर शिविर आ जाएगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए दी सशर्त अंतरिम जमानत



**नई दिल्ली, (हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट ने एआईएमआईएम उम्मीदवार और 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुए दंगों के आरोपित ताहिर हुसैन को चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत दे दी है। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली बेंच ने 29 जनवरी से लेकर 3 फरवरी तक शर्तों के साथ अंतरिम जमानत दी है।शर्तों के मुताबिक ताहिर हुसैन सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक ही जेल से बाहर रह सकेंगे। इस दौरान होटल या परिचित के घर रहेंगे और वे अपने घर नहीं जा सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि ताहिर हुसैन को अपनी सुरक्षा पर हर दिन होने वाले लगभग 2 लाख 7 हजार रुपये का खर्च वहन करना होगा।दरअसल, दिल्ली हाई कोर्ट ने 14 जनवरी को ताहिर हुसैन की अंतरिम जमानत याचिका खारिज करते हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में नामांकन दाखिल करने के लिए कस्टडी पैरोल पर रिहा करने का आदेश दिया था। ताहिर हुसैन को एआईएमआईएम की ओर से उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद से उम्मीदवार बनाया गया है।


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पंकज कुमार पांडेय
सद्गुरु फ्यूल सेंटर,
मीरजापुर शक्तिनगर मार्ग मड़िहान, मीरजापुर

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शम्भु नाथ तिवारी
अन्नपूर्णा एग्रो इंडस्ट्रीज एल०एल०पी०,
पहाड़ी, बरकछा, मीरजापुर

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डा० आर०के० खान
डा० शबाना अली खान
इमर्जेंसी सेवा 24 घण्टे उपलब्ध
माँ हॉस्पिटल
पता : निकट टी०बी० हॉस्पिटल, प्रतापगढ़ उ०प्र०

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सत्या न्यूरो केयर
डॉ० आशीष कुमार राय
मो० 7250508966
प्रयागराज

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञान सिंह
ग्राम प्रधान चिरौंव कोरॉव
प्रयागराज मो० 7785964126

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
○ जय शंकर ग्रामोद्योग सेवा समिति करनपुर मिर्जापुर ○ जय शंकर इण्डस्ट्रीज नैड़ी (रीवा मार्ग) मिर्जापुर ○ जय शंकर फिलिंग स्टेशन जंगीरोड मिर्जापुर ○ जय शंकर आटो फिलिंग तिलठी (गोपीगंज मार्ग) मिर्जापुर ○ जे०एस० फार्मास्युटिकल्स मिर्जापुर ○ जे०एस० डिस्ट्रीब्यूटर मिर्जापुर ○ जे०एस० कन्स्ट्रक्शन कम्पनी, जंगीरोड मिर्जापुर
दीनानाथ सिंह
मुख्य प्रवर्तक

समस्त नगर वासियों को 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की बधाई व शुभकामनाएं
नगर पालिका परिषद मीरजापुर
नगर को स्वच्छ बनाने के लिए नगरपालिका परिषद मीरजापुर को सहयोग करें।
जल ही जीवन का आधार है, सुखमय भविष्य के लिए पानी का संचयन जरूरी है।
जी० लाल
अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, मीरजापुर
मा० सभासदगण
नगर पालिका परिषद, मीरजापुर
श्याम सुन्दर केशरी
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, मीरजापुर

Rotary रोटरी क्लब मीरजापुर गौरव
की तरफ से समस्त जनपदवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
शिवम अग्रवाल
अध्यक्ष
रोटरी क्लब मीरजापुर गौरव
प्रतिष्ठान कलकत्ता स्टील, मीरजापुर
कंस्ट्रक्शन मैटेरियल के थोक एवं फुटकर विक्रेता

गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें
अनीता देवी
प्रधान
ग्राम सभा–सबेसर
वि०ख० मझवां मीरजापुर


समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
FUEL SHOPPEE
Authorised Dealer of B.P.C.L.
Jangi Road, Mirzapur-231001
Contact No. 9452338840
9794536954, 9696363662
Rajeev Mehrotra

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
SN PUBLIC SCHOOL & HOSTEL
An ISO 9001 : 2008 certified Organisation
The Management, Principal and Staff of S.N. Public School, Congratulate all the Students for their outstanding performance.
ADMISSION OPEN 2025-26
Board Result 2024
Dr. Rajesh Singh
DIRECTOR
SUHDANSHU SAROJ 96.8% Class- XIIth
AYUSHEE 96.8% Class Xth
Class- XII -Board Result 2024
DHRUV YADAV 96.2%
SHREJAL SINGH 96%
TEJASWINI TIWARI 95.8%
AYUSHI KESHARI 93.2%
SHIVANGI VISHWAKARMA 92.6%
Class- X-Board Result 2024
YATHARTH DUBEY 96.2%
SHREYASH GUPTA 95.2%
ANAGH TIWARI 94.8%
TEJASH PANDEY 94.8%
SAKSHAM SONI 94.4%
Maximum Students Scored FIRST CLASS & above Marks
MUSAFFARGANJ LOHANDI MISSION COMPOUND, MIRZAPUR
Mob: 9305346981 e-mail: snp981@mail.com, WWW.snpschool.mzp.in

स्वतंत्रता दिवस की सभी देश व प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
जितेंद्र सिंह,
खान अधिकारी
मीरजापुर

समस्त जनपद वासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शैलेश कुमार राय
प्रभारी निरीक्षक
थाना जिगना, जनपद मीरजापुर


## राम रहीम 30 दिन के पैरोल पर रिहा, साढ़े सात साल बाद डेरा सिरसा में रखे कदम



**चंडीगढ़, (हि.स.)।** हरियाणा सरकार ने दुष्कर्म व हत्या के दोषी डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम को 30 दिन की पैरोल दे दी। पहली बार वह डेरासच्चा सौदा के सिरसा मुख्यालय में रहेगा। इससे पहले 11 बार मिली पैरोल व फरलो के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत स्थित डेरे में ही रहा है। मंगलवार सुबह हरियाणा पुलिस की सुरक्षा के बीच राम रहीम रोहतक की सुनारिया जेल से रवाना हुआ और सिरसा डेरा पहुंचा। इन दिनों डेरा सच्चा सौदा में अवतार माह मनाया जा रहा है।डेरा प्रमुख के बाहर आने के बाद हरियाणा के सिरसा, हिसार, फतेहाबाद आदि जिलों में अलर्ट घोषित किया गया है। सिरसा में डेरा सच्चा सौदा की तरफ जाने वाले सभी मार्गों पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। साल 2017 में साध्वियों से यौन शोषण और मर्डर केस में सजा होने के बाद राम रहीम मंगलवार को 12वीं बार जेल से बाहर आया।हरियाणा में पिछले साल विधानासभा चुनाव के दौरान सितंबर में राम रहीम ने सरकार से इमरजेंसी पैरोल मांगी थी।

## सीतारमण एक फरवरी को पेश करेंगी बजट, 31 जनवरी से शुरू होगा बजट सत्र

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** संसद के बजट सत्र की शुरुआत 31 जनवरी को लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के अभिभाषण से होगी। इसके अगले दिन एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2025-26 का केंद्रीय बजट पेश करेंगी।संसद के बजट सत्र का पहला चरण 31 जनवरी को शुरू होकर 13 फरवरी को समाप्त होगा। बजट सत्र का दूसरा चरण 10 मार्च को शुरू होगा, जो 4 अप्रैल तक चलेगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बजट सत्र के पहले दिन 31 जनवरी को सुबह 11 बजे संसद भवन स्थित लोकसभा कक्ष में संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी।

# मौनी अमावस्या पर प्रयागराज में जबरदस्त भीड़



## मौनी अमावस्या में श्रद्धालुओं की हिफाजत के लिए उतरी 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स

**महाकुम्भनगर।** मौनी अमावस्या के पावन अवसर पर महाकुम्भनगर में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यूपी सरकार ने 1000 से अधिक मेडिकल फोर्स की तैनाती की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले के हर सेक्टर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसमें माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक की व्यवस्था की गई है। महाकुम्भनगर में 300 स्पेशलिस्ट डॉक्टर सुपर स्पेशल हॉस्पिटल में तैनात किए गए हैं। ये डॉक्टर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। अब तक 2 लाख से अधिक मरीज यहां के केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही ढाई लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं।
महाकुम्भ मेला के नोडल चिकित्सा स्थापना डॉक्टर गौरव दुबे ने बताया कि देश-विदेश से आ रहे श्रद्धालु महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं के साथ सरकार ने मेले को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हर संभव कदम उठाया है।

### यूपी सरकार के सहयोग से जांच और दवाएं उपलब्ध करा रहे संत

**प्रयागराज।** यूपी सरकार के सहयोग से मठ, मंदिरों और अखाड़ों के संत भी श्रद्धालुओं की दवा और जांच में मदद कर रहे हैं। ये संत विभिन्न प्रकार के शिविरों का आयोजन कर रहे हैं। जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक समेत कई प्रकार की चिकित्सा जांच और दवाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

## 3 दिन के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट और कैट बंद 3 फरवरी तक स्कूल बंद

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या स्नान की उमड़ी भीड़ को देखते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट की प्रयागराज स्थित प्रधान पीठ में 28, 29 और 30 जनवरी को अवकाश कर दिया गया है।
रजिस्ट्रार जनरल राजीव भारती की ओर से जारी नोटिस के अनुसार, यह अवकाश केवल प्रयागराज स्थित प्रधान पीठ के लिए है।
इसकी जगह पर 17 मई और 23 अगस्त को कार्य दिवस रहेगा। पीठ में भी 28 से 30 जनवरी तक अवकाश घोषित कर दिया गया है। कैट बार एसोसिएशन के महासचिव जितेंद्र नायक ने बताया- प्रधान पीठ की डिप्टी रजिस्ट्रार कंचन शर्मा की अधिसूचना के अनुसार इसकी जगह पर 5 और 26 अप्रैल, 3 मई को कार्य दिवस होगा।
कुंभ में जबरदस्त भीड़ को देखते हुए प्रयागराज के शहरी क्षेत्र में 25 जनवरी से 3 फरवरी तक कक्षा- 8 तक के सभी स्कूलों को बंद कर दिया है। बच्चों को ऑनलाइन पढ़ाया जाएगा।

## 3.90 करोड़ ने लगाई डुबकी

**प्रयागराज।** महाकुंभ नगर एक बार फिर विश्व का सबसे बड़ा जिला बन गया। आज प्रयागराज की आबादी साढ़े 4 करोड़ का आंकड़ा पार कर गई। मंगलवार को अभी तक 3.90 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इसमें अगर जिले की आबादी करीब 70 लाख जोड़ ली जाए, तो प्रयागराज में एक दिन की संख्या 4.60 करोड़ रिकॉर्ड की गई।
ऐसे में आबादी के लिहाज से विश्व के सबसे बड़े शहर टोक्यो को भी प्रयागराज ने पीछे छोड़ दिया। इससे पहले मकर संक्रांति पर भी 4.20 करोड़ लोगों के साथ प्रयागराज विश्व का सबसे बड़ा जिला बनने का रिकॉर्ड बना चुका है। शास्त्री ब्रिज पर बैरिकेडिंग तोड़कर लोगों ने बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुल से डायरेक्ट नीचे उतरने लगे।

## मौनी अमावस्या पर अपनी लेन में बने रहें, जिस घाट पर पहुंचें वहीं स्नान करें

### श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन और कुम्भ पुलिस ने की विशेष तैयारी

**महाकुम्भनगर।** महाकुम्भ में मौनी अमावस्या के पवित्र अवसर पर करोड़ों श्रद्धालु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। ऐसे में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए मेला प्रशासन ने विशेष तैयारी की है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सतर्क रहने के लिए कहा है। इसके अलावा आपात स्थिति में मेला पुलिस, ट्रैफिक पुलिस और स्पेशल डॉक्टरों की टीम श्रद्धालुओं की देखरेख के लिए 24 घंटे तैनात की गई है।
वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महाकुम्भनगर राजेश द्विवेदी ने बताया कि महाकुम्भ के दूसरे अमृत स्नान मौनी अमावस्या को लेकर विशेष तैयारियां की गई हैं। खासकर श्रद्धालुओं को जागरूक किया जा रहा है कि वो सजग रहें और किसी तरह की अफवाह में न फंसें। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस का सहयोग करें और किसी भी तरह की समस्या में पुलिस का सहयोग लें। पुलिस और प्रशासन श्रद्धालुओं की मदद के लिए 24 घंटे उपलब्ध है।

#### क्राउड मैनेजमेंट में सहयोग के लिए

**क्या करना है**

संगम घाट पहुंचने के लिए अलग-अलग लेन से ही जाएं
गंगा स्नान के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें
आने वाले श्रद्धालु स्नान और दर्शन करने के बाद सीधे पार्किंग की ओर जाएं
मंदिरों में दर्शन के लिए जाते समय अपनी लेन में बने रहें, वहां से अपने गंतव्य स्थान के लिए प्रस्थान करें
जरूरत पड़ने पर पुलिस का सहयोग लें, पुलिस आपकी मदद के लिए है
ट्रैफिक पुलिस भी आपकी मदद के लिए तत्पर है
स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर नजदीकी सेक्टर में बने हॉस्पिटल में कराएं जांच
बैरिकेडिंग और पांटून पुलों पर धैर्य बनाए रखें, जल्दबाजी और धक्कामुक्की से बचें
कागज, जूट या इको फ्रेंडली बर्तनों और कुल्हड़ का ही प्रयोग करें
सभी घाट संगम घाट हैं, जिस घाट पर पहुंच जाएं वहीं स्नान करें

**क्या नहीं करना है**

श्रद्धालु कहीं एक साथ एक स्थान पर ना रुकें
किसी भी स्थिति में आने और जाने वाले श्रद्धालु आमने-सामने ना पड़ें
मेले में किसी के द्वारा फैलाई गई अफवाहों से बचें
सोशल मीडिया पर फैलाए गए किसी भी भ्रम को सच न मानें
मंदिरों में दर्शन के लिए किसी भी प्रकार की हड़बड़ी न दिखाएं
होल्डिंग एरिया के बजाय रास्तों पर न रुकें, किसी तरह का अवरोध न उत्पन्न करें
व्यवस्था या सुविधा को लेकर किसी के भी बहकावे में आने से बचें
किसी प्रकार की भ्रामक खबरों को आगे बढ़ाने से बचें
पवित्र स्नान के लिए किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें
प्लास्टिक की पन्नियों और बर्तनों का इस्तेमाल करने से बचें

## गंगा पुल पार कराने के नाम पर 2 सौ रुपए वसूले

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फाफामऊ।** बाइक पर बैठाकर संगम तक पहुंचाने की बात कर श्रद्धालुओं से बाइक से यात्री ढोने वाले बाइक चालक फाफामऊ बेला कछार से श्रद्धालु को गंगा पुल पार कर आगे न जाने देने का बहाना करके दो सौ रुपया वसूल रहे थे। राजस्थान और बहराइच आदि जगहों से आए हुए कई दर्जन श्रद्धालुओं ने बताया कि एक दर्जन से अधिक बाइक चालक बेला कछार पार्किंग से बाइक से संगम तक पहुंचाने के नाम पर उनसे दो सौ रुपए वसूल लिए लेकिन उन्हें गंगा पुल पार करके वही छोड़ दिया और बताया कि आगे प्रशाशन बाइक नहीं जाने दे रहे है और मात्र दो किलो मीटर ही संगम शेष है।

## पलाटूंन पुल बंद कहीं घटिया स्लीपर जांच का विषय -विनय कुशवाहा

### गंभीर मरीजों को एयर लिफ्ट किया जाय

**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह प्रतिनिधि व सपा प्रदेश सचिव विनय कुशवाहा ने महाकुंभ में बनें 30 पलाटूंन पुलों को मुख्य स्नान पर्व के दो दिन पहले और दो दिन बाद तक के लिए बंद कर दिया जाना दूर्भाग्य पूर्ण करार दिया। पलाटूंन पुल को बंद करने की वजह कहीं घटिया साल स्लीपर तो नहीं हैं कि जनता का भारी दबाव बर्दाश्त न करने की वजह तो नहीं है। यह उच्च स्तरीय जांच का विषय है।पलाटूंन पुल बंद होने से स्नानार्थियों, कल्पवासियों को इस पार और उस पार में बांट दिया गया जिससे उनको अत्यंत कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सांसद उज्जवल रमण सिंह कल मेला क्षेत्र मे पांच घंटे लग गयें अरैल से स्वामी अवधेशानंद गिरी महाराज के पंडाल सेक्टर 18 तक पहूंचने में पर सभी पुल बंद होने की वजह से सेक्टर चार में भगवान राघवेंद्र सरकार बरांव करछना के पंडाल में चल रहे भण्डारे में भी नहीं पहूँच पाये।इस तरह आम जनता को कितनी परेशानी होती होगी। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता हैं।



सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि जमुनापार व गंगापार के गम्भीर मरीजों को एयर लिफ्ट कराने की व्यवस्था हो क्योंकि रास्ते सब बंद कर दिऐ गये जिससे मुख्य मार्गो पर भयंकर जाम हैं तो गम्भीर मरीज शहर के अस्पताल नहीं पहुंच पा रहे हैं उन्होंने कहा कि रीवा रोड़ पर इरादतगंज हवाई पट्टी, मिर्जापुर रोड़ पर सरस्वती हाईटेक व फाफामऊ हवाई पट्टी तथा शहर में पुलिस लाइन या केपी कालेज मैदान इस्तेमाल किया जा सकता हैं और गम्भीर मरीजों की जान बचाई जा सकती हैं। इसके लिए सांसद ने उच्च अधिकारियों से सम्पर्क करने की कोशिश की पर कोई उपलब्ध नहीं हो सका।

## मौनी अमावस्या के अमृत स्नान के लिए नहीं रुक रहे कदम

### श्रद्धालुओं ने नाप ली सैकड़ों किमी की दूरी

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** महाकुंभ का 16वां दिन मौनी अमावस्या के ठीक एक दिन पहले सिर पर गठरी, नंगे पांव आंखो में संगम का दृश्य और जुबान पर गंगा मईया की जय का उद्घोष करते श्रृद्धालु का कारवां बढ़ रहा था। संगम पहुंचने की लालसा और मन में बसी आस्था ने सैकड़ों किलोमीटर की दूरी में भी हौसले को डिगने नहीं दिया।
विश्व के सबसे बड़े समागम महाकुंभ में मौनी अमावस्या स्नान करने के लिए संगम तट पर पहुंचने वाली श्रृद्धालुओं की भीड़ इस बात का गवाह है कि 144 वर्षों के बाद इस पल का साक्षी बनने के लिए हर कोई आतुर है। इस पल के लिए श्रृद्धालुओं ने कई वर्षों तक इंतजार किया है। बीती रात से ही श्रृद्धालुओं का बड़ा कारवां संगम में पुण्य की डुबकी लगा रहा है।
स्नान के बाद भी उनके पैरों में थकान महसूस नहीं हुई और वह अपने गंतव्य की ओर बढ़ते रहे।
कर्नाटक से संगम में मौनी अमावस्या पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए



महेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ इस पावन धरा पर सोमवार की रात पहुंचे। देर रात होने की वजह से वह सड़को पर ही रुक गये। वह अपने कैप तक नहीं पहुंच सके। उन्हें अरैल जाना था। वह इस दिव्य, भव्य और सुरक्षित महाकुंभ की यादों को संजोने के लिए अपने परिवार के साथ पहुंचे है। महेंद्र के साथ उनकी पत्नी रमनई, बेटा रामेश्वर, बेटी नंदिता प्रयागराज के दर्शनीय स्थलों को देखना चाहते है। उनके मन में सनातनी भाव और आस्था चेहरे पर साफ दिखाई दे रही थी। इसी तरह से राजस्थान के अलवर से आये नागार्जुन भी अपने परिवार के साथ संगम में डुबकी लगाने की इच्छा लेकर पहुंचे। उनके साथ उनकी बूढ़ी मां अंगारा भी साथ में आई हुई है। उनके मन में भी यह लालसा है कि इस महाकुंभ में स्नान कर पुण्य कमा लें। मौनी अमावस्या के एक दिन पहले बढ़ी भीड़ में भी इनके हौसलों ने बढ़ते कदम को नहीं डिगा सकी।

## कोई देवदूत नहीं सपूत बनकर करूँगा जनसेवा- जय शंकर शुक्ल

### रामचन्द्र शुक्ल संकल्प ट्रस्ट दे रहा महाकुम्भ में स्नान, भोजन व यातायात की निशुल्क व्यवस्था

#### मेजा के एक हजार से अधिक लोगों को मिल रहा व्यवस्था का लाभ

**लोकमित्र ब्यूरो**
**मेजा (प्रयागराज)।** सेवा और सहयोग के भाव पूर्वजों के संस्कार से आते हैं। सनातन परम्पराओं में बड़े बुजुर्गों का सम्मान और सेवा प्राथमिकता रही है। हमारी वैदिक व पौराणिक व्यवस्था में श्रवण कुमार जैसे बेटे अपनी सेवा की अमिट छाप छोड़ चुके हैं।जो समाज के लिए नजीर और प्रेरणादायी हैं।भौतिकता के इस परिवेश में मेजा के बेटे जय शंकर शुक्ल जय भैया क्षेत्र के लोगों के लिए श्रवण कुमार बनकर मॉ,बाप सरीखे बुजुर्गों को सर्व सिद्धि पूर्ण महाकुम्भ आयोजन में संगम स्नान करा रहे हैं। माण्डा क्षेत्र के दिघिया गांव के स्व श्रीरामचन्द्र शुक्ल व माता अन्नपूर्णा शुक्ला के लाडले जय शंकर शुक्ल द्वारा रामचन्द्र शुक्ल संकल्प ट्रस्ट के वैनर तले क्षेत्र के हजारों लोगों को



निशुल्क कुम्भ दर्शन,स्नान कराने के साथ उनके भोजन व यातायात की निशुल्क व्यवस्था दी जा रही है।माता पिता के आशीर्वाद से फल फूल रहे जय भैया मेजा क्षेत्र के लोगों के लिए देवदूत की भूमिका निभा रहे है।जाति,विरादरी,धर्म,पंथ को नकार कर सामाजिक समरसता को जीवन दर्शन मानने वाले श्री जय शुक्ल धार्मिक,राजनीतिक और सामाजिक दायित्वों को लेकर कुछ वर्षो से क्षेत्र की सुर्खियों में हैं।
तीर्थराज प्रयाग में 144 साल बाद पूर्ण महाकुम्भ का शुभ सहयोग बना हुआ है।इस सर्व सिद्धिप्रद महाकुम्भ आयोजन में अक्षय पुण्य लाभ लेने के साथ जन सेवा की होड़ लगी है।कई लोग अन्न क्षेत्र चलाकर श्रद्धालुओं को भोजन करा रहे हैं।कई लोग टेंट सिटी में निजी शिविरों में ठहरने और स्नान भोजन की व्यवस्था के जरिए पुण्य लाभ कमा रहे हैं।रामचन्द्र शुक्ल सेवा संकल्प ट्रस्ट के अध्यक्ष जय भैया के साथ उनकी पूरी टीम लोगों को निजी व्यवस्था से आस्था की डुबकी लगाने और कुम्भ दर्शन को लेकर सक्रिय है। ट्रस्ट के पदाधिकारी अध्यक्ष जय शुक्ला, उपाध्यक्ष ध्रुव शुक्ला और सचिव प्रेम शंकर शुक्ला उर्फ मुन्नन शुक्ला ने लोगों से अपील की है कि इस श्रवण यात्रा का लाभ लें।

#### सम्बंधों की प्रगाढ़ता यात्रा का मकसद

मॉ अन्नपूर्णा के संस्कार और पिता स्व रामचन्द्र शुक्ल के आशीर्वाद से जय शुक्ल,ध्रुव शुक्ल उनके दो लाल सेवा और सहयोग की शिक्षा व सीख से अपनी जनप्रिय छवि के साथ मेजा में गहरी पैठ बना चुके हैं। सम्बंधों की प्रगाढ़ता और अपनेपन के एहसास के साथ संम्बंधों को और प्रगाढ़ बनाने के लिए श्रवण यात्रा का यह आयोजन है।

#### जय भैया के लगे जयकारे....

कुम्भ दर्शन यात्रा के लिए दर्जनों गांवों में चिन्हित लोगों के फोन नम्बर दिए गए है।प्रत्येक गांव से 50 लोगों को निशुल्क यात्रा का लाभ ट्रस्ट द्वारा दिया जा रहा है।लोगों की सहूलियत के लिए जिम्मेदार लोगों के नाम,नम्बर सोशल मीडिया पर डाले गए हैं।इसका लाभ पुरुष,महिला, हर आयु व वर्ग के लोग ले सकते हैं। इस पहल से जय भैया की क्षेत्र में जयकारे लग रहे हैं।

## उम्मीद से अधिक पहुंचे श्रद्धालु चौतरफा लगा रहा जाम

**फाफामऊ।** मौनी अमावस्या स्नान पर्व पर स्नान दान करने के लिए मौनी अमावस्या के एक दिन पूर्व ही प्रशाशन के अनुमान से अधिक श्रद्धालुओं का रेला उमड़ पड़ा जिससे चौतरफा पूरा दिन जाम लगा रहा। श्रद्धालु 20 से 25 किलोमीटर दूर से पैदल चलकर महाकुंभ पहुंचे। फाफामऊ रेलवे स्टेशन पर भी श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा। बेला कछार में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर आगे संगम की ओर बढ़ रहे थे। बेला कछार फाफामऊ में बनाई गई वाहन पार्किंग दोपहर बाद ही भर गई। जिससे प्रशाशन कौड़ीहार और शिवगढ़ के पार्किंग में वाहनों का रोक दिया गया जिससे श्रद्धालु वहां से पैदल ही मेला क्षेत्र में पहुंच रहे थे। शटल बसों का ठीक से संचालन न होने तथा दिन भर जाम की स्थित बनी होने से चौतरफा जाम लगा रहा। जाम की स्थित इतनी भयावह थी कि पूरा बेला कछार, फाफामऊ से मलाक हरहर सोरांव रोड फाफामऊ बाजार, रेलवे स्टेशन पर श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा रहा।

## वकील अहमद साहब का दो दिवसीय सालाना उर्स मेला शांति ढंग से सम्पन्न



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के मुगरसन गाँव स्थित वकील अहमद साहब की मजार पर लगने वाला दो दिवसीय सालाना उर्स का मेला शानदार तरीके से सम्पन्न हुआ। भारी संख्या में लोग मेले में शामिल हुए।दूर दराज से आये लोगों ने मजार पर चादर चढ़ा कर मन्नते मांगी।आपको बताते चले की मुगरसन गाँव स्थित वकील अहमद साहब की मजार लोगों की आस्था का प्रतीक है। मान्यता है कि सच्चे मन से जो भी भक्त यहां अपनी मांग रखता है बाबा उसकी मुराद जरूर पूरी करते हैं। इसीलिए यहां हर साल दो दिवसीय मेले का आयोजन होता है।इस बार की मेले में भारी भीड़ जमा हुई। मजार पर कव्वाली और नातिया कलाम पेश किया गया। शांत व्यवस्था कायम रखने के लिए यहां पर पुलिस बल तैनात रही।सालाना उर्स कार्यक्रम के आयोजक सपा नेता सुल्तान सिद्दीकी (भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी)ने सालाना उर्स मेला कार्यक्रम शांति ढंग से सम्पन्न होने पर क्षेत्रीय लोगो के अलावा दूर दराज से आये लोगों का आभार जताया ।

## डॉ0 आर के पाण्डेय सीएफओ कमिश्नरेट प्रयागराज को मिला राष्ट्रपति मेडल

**लोकमित्र ब्यूरो**
**प्रयागराज।** 17 अप्रैल 2021 अप्रैल से कमिश्नरेट प्रयागराज में घटित बड़े अग्निकांडों में फायर सर्विस प्रयागराज द्वारा डॉ0 राजीव कुमार पाण्डेय सीएफओ, कमिश्नरेट के नेतृत्व में प्रभावी कार्यवाही एवं उत्कृष्ट , सराहनीय कार्यों के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुरस्कार से नवाजा गया।
डॉ पांडेय ने 17 अप्रैल 2021 बादशाही मंडी (इलेक्ट्रिक मार्केट)जानसेनगंज प्रयागराज में घटित अग्निकांड पर 05 व्यक्तियों को जो कि आग में घिरे हुए थे फायर सर्विस टीम द्वारा भवन के तीसरी मंजिल से एक्सटेंशन लैडर से सुरक्षित उतारा गया जिसमें एक विकलांग महिला भी रही। 28 अप्रैल 2021 को मोहक अस्पताल चौराहा सीवर में फंसे 03 व्यक्तियों को सुरक्षित जीवित बाहर निकाला गया। 01 मई 2021 को भारतीय स्टेट बैंक राजापुर प्रयागराज में घटित अग्निकांड भवन में फंसे 07 व्यक्तियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। दिनांक 28 जून 2021 को इंदिरा भवन सिविल लाइन प्रयागराज मे घटित अग्निकांड में कई व्यक्तियों को बचाया गया।
इसी प्रकार सीएफओ पद का दायित्व निभाते हुए डॉक्टर पांडे ने दर्जनों लोगों की जान बचाई वह करोड़ों की संपत्ति नष्ट होने से बचाया।



## एटीएम कार्ड बदल खाते से पचास हजार रुपए निकाले

**लोकमित्र ब्यूरो**
**फूलपुर ।** एटीएम कार्ड से पैसे निकालते समय पीछे खड़े दो शातिर उचक्कों ने छात्र को बातों में उलझा कर एटीएम कार्ड बदल खाते से पचास हजार रुपए निकल लिए।मोबाइल पर मैसेज देख छात्र ने तुरंत बैंक की शाखा में खाता संचालन पर रोक लगाते हुए फूलपुर पुलिस से अज्ञात उचक्कों के खिलाफ तहरीर देकर पैसे वापस कराने की मांग की है। फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के सराय हुसैना उर्फ चोरकरिया गांव निवासी चंद्रशेखर पटेल का 18 वर्षीय पुत्र दिव्यज्योत पटेल मंगलवार बाबूगंज स्थित यूनियन बैंक की शाखा में लगे एटीएम से घर में वैवाहिक कार्यक्रम के लिए रुपए निकालने आया था। दिव्यज्योत पटेल ने रुपए निकालने के लिए जैसे ही एटीएम मशीन में एटीएम कार्ड डालकर पिन कोड डाला तो मशीन से रुपए नहीं निकलें। जब तक वह कुछ समझ पाता तब तक पीछे खड़े दो शातिर उचक्कों ने उसे बातों में उलझा कर बहुत ही शातिर तरीके से उसके एटीएम कार्ड को मशीन से बदल दिया। पैसे ना निकलने की शिकायत करने वह बैंक में शाखा प्रबंधक के पास पहुंचा ही था कि उसके खाते से 49990 रुपए निकालने के मैसेज आ गए। शाखा प्रबंधक को सूचित करते हुए वह बाहर आए तो देखा कि दो शातिर उचक्के बाइक लेकर फरार हो गए। मुक्त भोगी की शिकायत पर शाखा प्रबंधक ने खाता संचालन पर रोक लगाते हुए शातिरों की पहचान के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरों की छानबीन की।

## शहाबुद्दीन ने छेड़ा तो छोड़ेंगे नहीं-धीरेंद्र शास्त्री

### दिक्कत है तो मेरा वीडियो मत देखो; हम टारगेट उनको करते हैं जो देशद्रोही

**प्रयागराज।** शहाबुद्दीन, मैं इतने कमजोर पर टारगेट नहीं करता। हम अपने पवित्र मुंह से नाम ले रहे हैं, बस ये कृपा समझो। हम टारगेट उनको करते हैं जो देशद्रोही हैं, जो रामद्रोही हैं और अकबर से मोहब्बत करते हैं। भूल कर भी आप हमको छेड़ना मत, हम छोड़ेंगे नहीं। शहाबुद्दीन साहब, दिक्कत होती है तो मेरा वीडियो न देखना। यह बात बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऑल इंडिया जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन के बयानों पर पलटवार करते हुए कहीं।
चिदानंद मुनि श्री के परमार्थ निकेतन में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की हनुमंत कथा का आज दूसरा दिन है। पहले दिन सोमवार को धीरेंद्र शास्त्री शहाबुद्दीन पर जमकर बरसे। कहा कि तुम्हारे मजहब में आज तक स्त्रियों को मस्जिदों में तुम प्रवेश नहीं करवा पाए। हमारे यहां तो बगल में बैठकर मां नाम से संबोधित किया जाता है। विदेशी स्टीव जॉब्स की पत्नी कमला बन जाती हैं, वो भी यहां आकर डुबकी लगाती हैं। यह हमारा सनातन धर्म है।पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि जो उल्लू आज तक बिछड़े और पिछड़े के नाम पर राजनीति करते थे, इस महाकुंभ ने उनके मुंह पर तमाचा मारा है। जहां संगम है, वहां ना कोई जाति पूछ रहा, ना कोई ऊंच-नीच पूछ रहा। सब एक साथ डुबकी लगा रहे हैं। ये हमारा सनातन धर्म है। शहाबुद्दीन साहब अगर तुम्हें दिक्कत है तो हमारा वीडियो मत देखना। हम हिंदू-मुसलमान नहीं करते, हम तो हिंदू-हिंदू करते हैं।



## मौनी आमावश्या पर भंडारे का आयोजन आज

**नैनी(प्रयागराज)।** मौनी अमावस्या के पावन पर्व पर मेवालाल बगिया निकट महालक्ष्मी गेस्ट हाउस के सामने कौशल विकास युवकों व समाजसेवीयों द्वारा सार्वजनिक रूप से विशाल भण्डारा का आयोजन बुधवार को सुबह 9 बजे से किया जायेगा। जो देर रात तक चलता रहेगा। जिसकी तैयारी एक दिन पूर्व जोरो शोरो से शुरू हो चुकी हैं। इस भण्डारा में 25 हजार से अधिक श्रद्धांलुओं को प्रसाद वितरण का लक्ष्य रखा गया है। शिशिर तिवारी, अजय सिंह, संजय विश्वकर्मा, रवि शंकर शर्मा, रजनीश केशरी, अनुराग, राहुल जायसवाल पत्रकार व अन्य भक्तो ने अधिक से अधिक श्रद्धांलुओं से प्रसाद लेने का आह्वाहन किया। उक्त जानकारी कार्यक्रम कार्यकर्त्ता देवा श्रीवास्तव ने दी।

# चारपाई के नीचे रखे अलाव से लगी आग की चपेट में आने से अधेड की मौत



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, (कौशाम्बी)।** कड़ाधाम थाना क्षेत्र के निजामकापूरा गांव में बीती रात चारपाई के नीचे अलाव रखकर सो रहे अधेड़ की रजाई में अचानक आग लग गई और देखते ही देखते आग की विभीषिका में आने से अधेड जलकर बुरी तरह से झुलस गया , घरवालों ने देखा तो आनन फानन में अधेड को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां मंगलवार की सुबह अधेड ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।अधेड की मौत से घरवालों का रो रोकर बुरा हाल है । कड़ा धाम थाना क्षेत्र के ताज मल्लहन का मजरा निजाम का पूरा गांव निवासी नरेश पुत्र चतुरा 47 वर्ष बीती रात चारपाई के नीचे अलाव रखकर सो रहा था , इस दौरान अचानक रजाई में आग पकड़ लिया ,अधेड आग की विभीषिका में आने से जलकर बुरी तरह से झुलस गया , चीख पुकार सुनकर घरवालों ने आनन फानन में आग को बुझाया और अधेड को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज के दौरान अधेड ने दम तोड़ दिया।अधेड की मौत से पत्नी सुनीता व पुत्र उमेश 17 वर्ष , राजू 13 वर्ष का रो रोकर बुरा हाल है ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

## मालगाड़ी से कट कर किसान की मौत

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव के समीप डीएफसी लाइन पार कर रहे किसान की मालगाड़ी से कटकर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के निहालपुर गांव निवासी राम सुरेमन पुत्र भुल्लन किसान है। म्रतका की पत्नी बसंती देवी ने बताया कि सोमवार की शाम उसके पति खेत से घर के लिए लौट रहे थे तभी निहालपुर के समीप रेलवे ट्रैक पार करते समय प्रयागराज की ओर से आ रही मालगाड़ी की चपेट में आकर मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त के बाद पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। वही किसान की मौत के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

### ▶▶ झोपडी में लगी आग की विभीषिका में दो बकरिया जली, एक की मौत

अजुहा, (कौशाम्बी)। सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के एक मोहल्ले में बीती रात छत के ऊपर झोपडी में अचानक आग लगने से उसमें बंधी दो बकरिया जल गई जिसमें एक बकरी की मौत हो गई ,जबकि दूसरे का इलाज चल रहा है। मोहल्ले के लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

अजुहा कस्बे के वार्ड नं आठ गांधी नगर निवासी इलियास बाहर रहता है, इलियास की पत्नी ने छत के ऊपर झोपडी बनाकर रखी है। सोमवार की शाम अपनी दोनों बकरियों को उसी झोपडी के अंदर बांध दिया था, बीती रात अचानक झोपडी में आग लग गई , आसपास मौजूद लोगो ने देखा तो कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया इस दौरान झोपडी जलकर खाक हो गई जबकि आग की विभीषिका में दोनों बकरिया जल गई जिसमें एक बकरी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दूसरी बकरी का इलाज चल रहा है।

# विद्युत पोल से टकराई बेकाबू कार पति-पत्नी जख्मी

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, कौशाम्बी।** पंइसा थाना क्षेत्र के उदिहिन बुजुर्ग गांव के समीप बेकाबू कार सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई जिसमें गुजरात के रहने वाले कार सवार पति पत्नी जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया है।

गुजरात प्रांत के उमाद सोद निवासी रतन मिश्रा अपनी पत्नी पूनम मिश्रा के साथ मंगलवार की दोपहर प्रयागराज महाकुंभ से चित्रकूट दर्शन के लिए जा रहे थे। जैसे ही उनकी कार उदिहीन बुजुर्ग गांव के समीप पहुंची अचानक कार बेकाबू होकर सड़क किनारे लगे विद्युत पोल से टकरा गई ।जिसमें दोनों जख्मी हो गए ।हादसा देख उनके स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया।

# अर्शे बरीं पा देखिये जलवा रसूल का....

## करारी में आयोजित हुई महफिले मेराज,रात भर चला नातिया शायरी का दौर



लोकमित्र ब्यूरो

**करारी, कौशाम्बी।** नगर पंचायत करारी में आखिरी नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा(स) की याद में महफिले शबे मेराज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुकामी और बाहरी शायरों ने रसूल ए करीम की शान में नातिया कलाम पढ़ कर महफिल को जगाये रखा। कार्यक्रम रात 8 बजे शुरू हो कर देर रात तक चला।

सोमवार की रात करारी स्थित अंसारगंज मोहल्ले के सद्र इमामबाडे में अंजुमने अब्बासिया के तत्वावधान में महफिल शबे मेराज का भव्य आयोजन किया गया। महफिल की शुरूआत कुरआन की तेलावत से हुई। इसके बाद शुरू हुआ नातिया कलाम का दौर। फतेहपुर से फजल ने जब यह शेर पढ़ा तो अकीदतमंद झूम उठे उन्होंने पढ़ा--हर आसमान पर है मुसल्ला रसूल का, मेराज है नमाज की सजदा रसूल का। इसके बाद आरिफ जौनपुरी ने कलाम पेश कर वाह वाही बटोरी उन्होंने पढ़--उनको है याद सिर्फ जमाना रसूल का, हमको है याद सारा घराना रसूल का। रौशन करारवी ने भी बेहतरीन कलाम पढ़ा-किस से कहें न होश में जब रह सके कलीम, अर्शे बरीं पा देखिये जलवा रसूल का। जाफर उतरौलवी ने भी अपने कलाम से अकीदतमंदों का दिल जीत लिया। उन्होंने पढ़ा-एक शब का जिक्र क्या ऐ जाने वाले अर्श पर, तेरी सारी जिंदगी मेराज ही मेराज है। इस मौके पर मौलाना सैयद जमीर हैदर रिजवी ने हजरत मोहम्मद मुस्तफा(स) की मेराज का जिक्र करते हुए कहा कि 27 रजब की शब आलमे इस्लाम में वह अजीम रात है जिसे शबे मेराजे पैगम्बर कहा जाता है।रसूले अकरम का अंबिया को नमाज पढ़ाना अलामत है कि इस्लाम के आने किसी कानून या शरीअत की कोई जगह नहीं है। मेराजे पैगम्बर के सिलसिले में ये बात भी अधूरी रह जायेगी कि मेराज का सिलसिला उम्मे हानी बिंते अबी तालिब के घर से शुरू हुआ है और उसके खात्मे पर मेजबानी या तर्जुमानी के फरायज अली इब्ने अबी तालिब ने अंजाम दिये। कार्यक्रम का सफल संचालन अनीस रिजवी जायसी ने किया। महफिल के बाद लोगों ने एक दूसरे को गले लगाकर मुबारकबाद दी। इस मौके पर मास्टर फजलुल अब्बास, गुलाम पंजतन,जहूर महदी रिजवी, हैदर अब्बास, जफरूल हसन, फैजी,हसन अतरसुइया, जफर रिजवी, अनवार पंजतन इरफान रिजवी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या पर्व को लेकर चेयरमैन ने स्नान-घाट का किया स्थलीय निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**कड़ा, कौशाम्बी।** मौनी अमावस्या के पर्व को लेकर नगर पंचायत प्रशासन बेहद संजीदा है। पर्व के अवसर पर गंगा स्नान के लिए आए स्नानार्थियों को किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो इसके लिए हर सम्भव प्रयास किया जा रहा है।मंगलवार को नगर पंचायत दारानगर कड़ाधाम की चेयरमैन रागिनी अरुण केशरवानी ने स्नान पर्व को लेकर कुबरी घाट, कालेश्वर घाट सहित अन्य घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया और साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने हेतु अधिशाषी अधिकारी संजय तिवारी को निर्देशित किया।इस दौरान चेयरमैन ने बताया कि बुधवार को मौनी आमावस्या के पर्व पर गंगा स्नान के लिए आने वाले स्नानानार्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए नगर पंचायत प्रशासन दृढ़ संकल्पित है।उन्होंने कड़ाधाम थानाध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह से भी सुरक्षा की बाबत बातचीत की।इस अवसर पर चेयरमैन प्रतिनिधि अरुण केशरवानेव, लेखा लिपिक शिवम मौर्या, अभिषेक मौर्या, बृजेश विद्यार्थी आदि लोग उपस्थित रहें।

# जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर लिया जायजा





### ▶▶ जिलाधिकारी ने हिमाचल प्रदेश से महाकुम्भ जा रहें श्रद्धालुओं की मिनी बस हाइड्रा से भिड़ने पर जख्मी श्रद्धालुओं से बात-चीत करते हुए जाना हॉल-चाल

लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जिला अस्पताल, मंझनपुर का आकस्मिक निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त की। जिला अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी एवं आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान हिमाचल प्रदेश से महाकुम्भ जा रहें श्रद्धालुओं की मिनी बस कौशाम्बी-फतेहपुर सीमा कनवार के पास हाइड्रा से भिड़ने पर कुछ श्रद्धालू जख्मी हुए हैं, जिनको इमरजेन्सी वार्ड एवं आईसीयू वार्ड में भर्ती कराया गया है, भर्ती श्रद्धालुओं से जिलाधिकारी ने बात-चीत करते हुए हॉल-चाल जाना। जिलाधिकारी ने उपस्थित डॉक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं का उचित उपचार किया जाय, समय-समय पर उनकी देखभाल करते हुए उनकों ट्रीटमेन्ट दिया जाय, भर्ती श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न होने पाये। उन्होंने कहा कि डॉक्टर एवं अन्य स्टॉफ जिम्मेदारीपूर्वक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहते हुए इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी एवं आईसीयू वार्ड सहित अन्य वार्डों में भर्ती मरीजों का उचित उपचार करें, जिससे किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न होने पाये।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में बन रहें निर्माणाधीन भवन का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य को फरवरी के प्रथम सप्ताह तक पूर्ण कराते हुए भवन को हैण्डओवर कराये जाने के निर्देश दियें, जिससे स्वास्थ्य सेवायें समय से संचालित की जा सकें। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजय कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 सुनील कुमार शुक्ला एवं उप जिलाधिकारी मंझनपुर श्री आकाश सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# भोजपुरी की मशहूर गायिका खुशी कक्कड़ ने वायरल गानें किया डेब्यू




**प्रयागराज।** भोजपुरी की मशहूर गायिका खुशी कक्कड़ का गाना पियावा मलाई खिलावे ला हुआ वायरल इस गाने में अपना डेब्यू कर रहे हैं आकाश, प्रयागराज को लोग बहुत पसंद कर रहे हैं यह गाना आदिशक्ति भोजपुरी यूट्यूब चौनल प्रति रिलीज हुआ है और दर्शकों से इस गाने को शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है इस गाने में आकाश प्रयागराज जी को लोग बहुत पसंद कर रहे हैं। उनका सिंपल क्यूट लुक सभी दर्शकों को पसंद आ रहा है गाने के कलाकार आकाश प्रयागराज ने कहा पियवा मलाई खिलावे ला सिर्फ एक गाना नहीं बल्की भावनाओं का मेल है दर्शकों का प्यार और प्रतिक्रिया देख बेहद खुशी हो रही है। यह आकाश प्रयागराज जी का पहला डेबू एल्बम गाना है और आकाश जी तथा प्रयागराज के लिए बहुत हर्ष की बात है किस साधारण सिम पर लड़के को दर्शकों का इतना प्यार मिल रहा है पसंद किया जा रहा है यह गाना आकाश प्रयागराज जी को भोजपुरी इंडस्ट्री में आगे ले जाने में बहुत मदद करेगा।

# अटेवा के सदस्यों ने यूपीएस स्कीम की प्रतियां जलाकर जताया विरोध



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** केंद्र सरकार द्वारा सरकारी कर्मचारियों व शिक्षकों के लिए यूपीएस पेंशन स्कीम लागू किए जाने का गजट नोटिफिक्रेशन जारी किया था। जिसे लेकर शिक्षकों व कर्मचारियों में जबरजस्त आक्रोश देखा जा रहा है। इसी को लेकर जनपद में मंगलवार को अटेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर अटेवा संगठन के जिला अध्यक्ष कुशल सिंह की अगुवाई में जनपद के समस्त शिक्षकों से अपने अपने विद्यालयों व कार्यालय में उपस्थिति कार्मिकों ने उपस्थित रहते हुए यूपीएस स्कीम की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि सरकार की यूपीएस स्कीम हमें किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। हमारा संगठन पुरानी पेंशन ओपीएस को लेकर अनवरत आंदोलन करता रहेगा। जब तक सरकार ओपीएस की बहाल नहीं करती है। मंगलवार को प्रतियां जलाकर तो केवल सरकार को विरोध करने का एक मेसेज मात्र है। इसके आगे की लड़ाई के लिए राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पेंशन आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी।

अटेवा संगठन के जिला मीडिया प्रभारी अंकित श्रीवास्तव ने प्राथमिक विद्यालय खरौना में अन्य शिक्षक साथियों के साथ विद्यालय में उपस्थित रहते हुए यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध दर्ज कराते हुए कहा कि आज जनपद के हर ब्लाक के प्रत्येक स्कूल में शिक्षकों ने यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध का मेसेज सरकार तक पहुंचा दिया है। सरकार को भी चाहिए कि कर्मचारियों की उचित मांग को मानते हुए पुरानी पेंशन को बहाल कर दें।

# मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत चौपाल लगाकर दी गई हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी





लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के अन्तर्गत आज पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में जनपद के विभिन्न थानों के थाना प्रभारी व महिला बीट उपनिरीक्षक, आरक्षियों द्वारा चौराहों, बस स्टैण्ड, टैक्सी स्टैण्ड, जिला अस्पताल, विद्यालय, गांव व कस्बा में भ्रमण कर, चौपाल लगाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस क्रम में थाना महेवाघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना पश्चिम शरीरा शरीरा पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में, थाना सैनी पुलिस टीम द्वारा ग्राम डोरमा में, थाना मंझनपुर पुलिस टीम द्वारा कस्बा, चौराहा मंझनपुर में, थाना चरवा पुलिस टीम द्वारा ग्राम समसपुर में, थाना पिपरी पुलिस टीम द्वारा ग्राम मखऊपुर में चौपाल लगाकर, थाना कड़ाधाम पुलिस टीम द्वारा मां शीतला धाम मेला क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए, चौपाल लगाकर, कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चियों, छात्राओं, महिलाओं को नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन कार्यक्रम के बारे में जागरूक किया गया तथा उनके प्रति होने वाले किसी भी अपराध एवं संबंधित अपराधियों के बारे में तत्काल पुलिस एवं शक्ति मित्र महिला पुलिसकर्मियों अथवा थानों में बने महिला हेल्प डेस्क पर सूचना देने के लिए जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चियों को पम्पलेट वितरित कर विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन, 181 वन स्टाप सेन्टर, तथा 112 पुलिस आपात कालीन सेवा आदि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया तथा इमरजेन्सी कॉलध्यैनिक बटन का मोबाइल पर उपयोग करने हेतु डेमो दिखाया गया एवं महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिलाओं को पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी।

### ▶▶ मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक

विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)। पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी कौशाम्बी व प्रभारी निरीक्षक कौशाम्बी के कुशल निर्देशन में महिला कास्टेबल स्वाती यादव के द्वारा एंटीरोमियो व शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत विजिया चौराहा बाजार में भ्रमणशील रहकर महिलाओ और बालिकाओ को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर, मिशन शक्ति,

नारी शक्ति,नारी सम्मान,नारी सुरक्षा,नारी स्वावलंबन अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन ,1090 वीमन पावर हेल्पलाइन,102 स्वास्थ्य सेवा,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन,1930,साइबर अपराध हेल्पलाइन,181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क,एंटीरोमियो टीम के जी कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

# दिल सुख यादव इंटर कॉलेज जमदुवा में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विकासखंड के दिल सुख यादव इंटर कॉलेज जमदुवा में 76वां गणतंत्र दिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया है। विद्यालय के प्रबंधक शिवलाल यादव ने ध्वजारोहण किया और देश के आजादी में बलिदान देने वाले वीर जवानों के चित्रों पर माल्यार्पण करते हुए उनके योगदान की चर्चा की है ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान गाया गया, और गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि एकता अखंडता के साथ साथ राष्ट्रीय पर्व की झलक दिखाई दिया पर्व हमें देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं विद्यालय की छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर गणतंत्र दिवस की शोभा बढ़ाई गई है इस मौके पर प्रबंध समिति के पदाधिकारी सदस्य गण क्षेत्र के गणमान्य लोगों के साथ-साथ विद्यालय की प्रधानाचार्य शिक्षिकाएं और छात्र छात्राएं मौजूद रहीं।

# पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी मेमोरियल नर्सरी कॉन्वेंट व माध्यमिक विद्यालय में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस का पर्व

लोकमित्र ब्यूरो

**आषाढा, कौशाम्बी।** पंडित यज्ञदत्त त्रिपाठी मेमोरियल नर्सरी कॉन्वेंट व माध्यमिक विद्यालय दानपुर जाफरपुर महावा में 76वां गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर प्रबंधक रामसागर त्रिपाठी के द्वारा ध्वजारोहण व दीप प्रज्वलित किया गया।



बच्चों के द्वारा स्वागत गीत ,राष्ट्रीय गीत,सरस्वती वंदना तथा विद्यालय में एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक देशभक्ति नाटक,नृत्य,पिरामिड नृत्य,भक्ति नृत्य,शिव व माता काली तांडव नृत्य,होली खेले मशाने नृत्य,बाल नृत्य,दहेजप्रथा नाटक,फनी डांस आदि अद्भुत मनमोहक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री अवधेश कश्यप के साथ सभी आधायपको के द्वारा महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण के साथ उनके विषय मे चर्चा के माध्यम से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों को स्टाफ ,अभिभावकों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी।मुख्य अतिथि के रूप में आये विद्यालय के संस्थापक सदस्य राजनीतिक के पुरोधा ब्राह्मण कुल शिरोमणि कौशाम्बी ब्लॉक प्रमुख शशिभूषण द्विवेदी उर्फ बालम महाराज अपने तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व ब्लॉक प्रमुख सिराथू, वर्तमान जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि पति भारतीय जनता पार्टी नेता जितेंद्र सोनकर, समाजवादी पार्टी के जिलाउपाध्यक्ष श्री शादाब खान,जिला सचिव पंकज सिंह,डॉ अरुण शर्मा,आदि गणमान्य अतिथियो का मंच पर प्रबंधक, प्रधानाचार्य, संचालक के द्वारा गुलदस्तों के साथ माल्यार्पण कर हार्दिक अभिनंदन व स्वागत किया गया किया बच्चो ने मंच पर अपनी कला की दिखाते हुए मंचासीन अतिथियों के विद्यालय प्रांगण में मौजूद विद्यार्थी,दर्शक,बच्चो के अभिवावक बंधुओं को मंत्रमुग्ध के साथ तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया । कार्यक्रम समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण में अतिथियों व गुरुजनों के द्वारा बच्चों को पुरस्कृत किया गया इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि जितेंद्र सोनकर ने बोर्ड परीक्षा 2024 में उत्तीर्ण मेधावी छात्रों में सुनील कुमार,विजय कुमार,ओम सागर, अतिका व रूसदा बानो शिमला देवी,अंशदीप को प्रथम,द्वतीय, तृतीय,स्थान पाने वाले छात्रों को शील्ड प्रदान किया पंचायत प्रतिनिधि ने प्रथम स्थान पाने वाले छात्र सुनील कुमार निवासी -अमरपुर के घर के सामने पुरस्कार के रूप में सोलर लाइट लगवाने की बात कही और वादा किया इस वर्ष 2025 भी विद्यालय से उत्तीर्ण मेधावियों को उनके घरों के सामने सोलर लाइट लगाने का काम किया जाएगा।कार्यक्रम के प्रतिभागियों को गुरुजनों के द्वारा पुरस्कृत किया गया।तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम का संचालन संरक्षक शिशिर श्रीवास्तव के साथ दीपक पटेल,प्रताप नारायण,कपिल कुमार ,लवलेश, रामनरेश,रोहित,उस्मान,नीलम,तनु,इस्मा, फहूम, संगीता,सबहात, रुक्सार मैम अतर,राजा,शिवसागर, अनुराग, आदि आध्यपक गण के साथ पूर्व विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# जनहित के कई कार्यों को लेकर लोक निर्माण विभाग को जिला पंचायत सदस्य ने सौंपा मांगपत्र



**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी द्वारा लोक निर्माण विभाग से संबंधित जनहित के कई कार्यों को लेकर सहायक अभियन्ता लोक निर्माण विभाग राकेश कुमार गोयल को एक मांगपत्र सौंपा गया है। सौंपे गए मांगपत्र में कच्चे मार्गों पर सड़को का नवनिर्माण, जर्जर मार्गों की मरम्मत, विठ्ठल भाई पटेल विद्यालय के सामने ब्रेकर और कई महत्वपूर्ण धार्मिक स्थलों के आसपास मुख्य सड़कों पर संकेतक बोर्ड लगाने की मांग हुई है।सौंपे गए मांगपत्र पर लोक निर्माण विभाग से मांग उठाई गई है कि सिराथू ब्लॉक के ग्राम खनवारी से ग्राम गभीरा पूर्व स्थित कमासिन माता मंदिर तक, ग्राम चकिया मजरा मलक पिंजरी, गंभीरा पूर्व से नादीन का पुरवा, ग्राम बारातफरिक से उदहिन मंझनपुर मार्ग तक एवं ग्राम हिसामबाद से करारी माइनर नहर तक नई सड़क के निर्माण कराने, ग्राम अचाकापुर से नौगिरा होकर सेहिआ, ग्राम उदहिन खुर्द से खनवारी माइनर के पुल तक जर्जर सड़क की मरम्मत, उदहिन विठ्ठल भाई पटेल विद्यालय के सामने ब्रेकर बनवाने, अघोरी बाबा मंदिर ग्राम कैमा सहित उदहिन बुजुर्ग बाजार में कमासिन माता मंदिर हेतु रोड बोर्ड संकेतक लगाए जाने जैसी मांगे प्रमुख थीं। इस अवसर पर अजय सोनी के साथ सुरजीत वर्मा, विनय सिंह, नकुल यादव आदि मौजूद रहें।

## संक्षिप्त खबरें

### आईटीआई में कैम्पस इन्टरव्यू का आयोजन 31 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य आलोक कुमार ने बताया है कि कम्पनी कल्पतरू कौशल विकास एकेडमी (जल जीवन मिशन) प्रतापगढ़ कैम्पस इन्टरव्यू हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान प्रतापगढ़ के परिसर में दिनांक 31.01.2025 को आ रही है। कैम्पस इन्टरव्यू में प्रतिभाग करने हेतु अभ्यर्थियों को जूनियर हाईस्कूल, हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट एवं आईटीआई (सभी व्यवसाय) के उत्तीर्ण कर चुके प्रशिक्षार्थियों की आवश्यकता हैं कम्पनी में केवल युवक (उम्र सीमा 18 से 35 वर्ष) भाग लेकर रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते है। कम्पनी 17 हजार रूपये प्रतिमाह भुगतान करेगी। विस्तृत जानकारी के लिये संस्थान के कैम्पस सेल में सत्येन्द्र मौर्य कैम्पस प्रभारी एवं अशोक कुमार सहायक से सम्पर्क करें।

### जिला स्टेडियम में जनपद स्तरीय कबड्डी का आयोजन 29 व 30 जनवरी को

**प्रतापगढ़।** प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अधिकारी सुमित सिंह पाल ने बताया है कि खेल संघ कबड्डी एवं युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता के अन्तर्गत जनपद स्तरीय कबड्डी का आयोजन दिनांक 29 व 30 जनवरी 2025 को जिला स्टेडिमय मीरा भवन में किया जायेगा जिसमें विकास खण्ड पर आयोजित खण्ड स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीमों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। खेल प्रतियोगिता का आयोजन 03 वर्गो क्रमशः सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर में किया जायेगा।

### देर रात सीएमओ के औचक निरीक्षण से सांगीपुर अस्पताल में मचा हडकंप

**लालगंज, प्रतापगढ़।** देर रात सीएमओ के औचक निरीक्षण से सांगीपुर सीएचसी में हडकंप मच गया। सीएमओ डा. एएन प्रसाद सोमवार की रात लगभग नौ बजे अचानक अस्पताल आ धमके। उन्होने अस्पताल में प्रसव कक्ष, ओपीडी, शौचालय, स्टोर रूम तथा दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण किया। इसके बाद वह वार्ड पहुंचे तथा मरीजों से यहां मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारियां दी। अस्पताल में इमरजेंसी कक्ष न देख सीएमओ भड़क उठे। अधीक्षक डा. आनन्द त्रिपाठी ने बताया कि अतिरिक्त कक्ष नहीं होने से इमरजेंसी कक्ष तैयार नही किया जा सका है। इस पर सीएमओ ने अधीक्षक को दवा वितरण कक्ष के पास इमरजेंसी कक्ष के संचालन के वैकल्पिक प्रबन्ध के निर्देश दिये। निरीक्षण के समय डा. धर्मेश शुक्ला, डा. सुधांशु शेखर, डा. सत्येन्द्र सिंह, पर्यवेक्षक आशीष पाण्डेय, बीसीपीएम बाल मुकुन्द मिश्र आदि मौजूद रहे।

### गणतंत्र दिवस पर पुलिसकर्मियों ने सेवा का लिया संकल्प

**दिलीपपुर प्रतापगढ़।** स्थानीय थाना के थाना अध्यक्ष शत्रुघ्न वर्मा द्वारा 76वें गणतंत्र दिवस के राष्ट्रीय पर्व पर थाना प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में पुलिसकर्मियों द्वारा जनमानस एवं राष्ट्र की सेवा का संकल्प लिया। इस दौरान थाना का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### ग्रामीण अंचलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमो संग मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लीलापुर प्रतापगढ़।** ग्रामीण अंचलों में भी हर्षोल्लास पूर्वक गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस दौरान तिरंगा फहराया गया तथा रैली निकाली गई, प्रभात फेरी के साथ ही विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। क्षेत्र के साहबगंज बाजार स्थित गुरुकुल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में ग्राम प्रधान देवली मनोज सिंह व नागेंद्र सिंह गौतम ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। संस्थान के छात्र छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसी क्रम में सड़वादुबान स्थित बाबू संत वक्स सिंह पीजी कालेज में डायरेक्टर वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ राकेश सिंह ने ध्वजारोहण किया। लीलापुर स्थिति जयराज कुंअर बाबा पारसपाल सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्रबंधक कमलेश बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण किया,सुखपति राम इण्टरमीडिएट कालेज में प्रधानाचार्य मनोज मिश्र,थाना लीलापुर में थानाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसी तरह मिश्रपुर गांव स्थित पं0 त्रिलोकी नाथ बालिका विद्यालय में प्रबंधक सन्तोष तिवारी एडवोकेट ने ध्वजारोहण किया ,प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बहलोलपुर में प्रभारी अधीक्षक डाक्टर अजीत तिवारी राज बालिका इण्टर कालेज हरिहरपुर कैलहा में प्रबंधक देवीप्रसाद मिश्र एडवोकेट आदर्श इण्टर कालेज साहब गंज में प्रबंधक प्रेमा शुक्ला ने ध्वजारोहण किया।

### श्री श्री 1008 श्री महंत महामंडलेश्वर स्वामी महेश योगी का हनुमान मंदिर चिलबिला में हुआ भव्य स्वागत



**प्रतापगढ़।** प्रयागराज महाकुंभ में श्री पंच रामानंदीय निर्वाणी अनि अखाड़ा के द्वारा योग गुरु ब्रह्मर्षि डॉ. महेश दास उपाख्य स्वामी महेश योगी जी को श्री श्री 1008 श्रीमहंत महामंडलेश्वर बनाया गया था। प्रयागराज से अयोध्या हनुमानगढ़ी जाते समय 1008 महामंडलेश्वर महेश योगी जी का हनुमान मंदिर चिलबिला में हनुमान भक्तों ने स्वागत किया। योगी जी ने हनुमान मंदिर चिलबिला पहुंचकर हनुमान जी महाराज, राम दरबार, माता जी की आरती उतारी।मंदिर समिति के महासचिव समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य ने महामंडलेश्वर महेश योगी जी को अंग वस्त्र एवं हनुमान जी महाराज की प्रतिमा देकर सम्मानित किया। साथ ही महामंडलेश्वर की उपाधि से सुशोभित होने पर बधाई दी। हनुमान भक्तों ने योगी जी का माल्यार्पण करके स्वागत कियो ।इस अवसर पर महामंडलेश्वर योगी जी ने समस्त भक्तों से कहा कि हनुमान जी महाराज की सेवा से भक्तों की सभी मनोकामना पूरी होती है। आज हनुमान भक्तों ने हमारा स्वागत किया, मैं सभी भक्तों का आभारी हूं। आप सब अयोध्या आए तो हनुमानगढ़ी दर्शन करने जरूर आए। इस अवसर पर डॉक्टर डीपी सिंह, महादानि सिया राम उमरवैश्य, संतोष कुमार, छेदीलाल, देवानंद, बजरंगलाल, पप्पू,श्याम बाबू, राकेश कुमार, सोनू महाराज, शनि महाराज, विवेक कुमार, आदर्श कुमार आदि भक्त मौजूद रहे।

### पाक्सो मामले में वांछित गिरफतार

**कुण्डा,प्रतापगढ़।** दुष्कर्म, पाक्सो व एससी एसटी एक्ट से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय एवं क्षेत्राधिकारी सदर करिश्मा गुप्ता के कुशल पर्यवेक्षण में थाना बाघराय प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में उ0नि0 प्रमोद कुमार यादव मय हमराह प्रशिक्षु उ0नि0 देवेन्द्र कुमार पाठक, प्रशिक्षु म0उ0नि0 कीर्ति रमन, म0का0 साधना सिंह, का0 राजेन्द्रनाथ तिवारी, का0 शशांक राय द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाँछित वारण्टी, विवेचना के दौरान, मुखबिर की सूचना पर थाना दिलीपपुर में पंजीकृत अभियोग अन्तर्गत पाक्सो एक्ट से संबंधित वांछित अभियुक्त सुनील यादव पुत्र सालिकराम यादव निवासी ग्राम सिया केडवरिया थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ को दिनांक 27.01.2025 को थानाक्षेत्र बाघराय के लोसनापुर ग्राउण्ड के पास से गिरफ्तार किया गया।

# परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण होने पर 15 दिनों के अन्दर हैण्डओवर किया जाये-जिलाधिकारी

● जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड एवं परियोजनाओं/ निर्माण कार्यो की समीक्षा की



लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी जी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सीएम डैशबोर्ड एवं परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा की गयी। सीएम डैशबोर्ड में छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा में जिलाधिकारी ने समाज कल्याण, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग व अल्पसंख्यक विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर छात्रवृत्ति योजना के जो भी प्रकरण है उसका निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करायें और शिक्षण संस्थानों में जो भी आवेदन लम्बित है सभी प्रधानाचार्यो की बैठक कराकर आवेदन का निस्तारण यथाशीघ्र कराया जाये जिससे छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ समय से प्राप्त हो सके। गोशाला की समीक्षा में जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी से निराश्रित गोवंशो के संरक्षण के सम्बन्ध में जानकारी ली और मुख्य विकास अधिकारी से कहा कि समस्त गौशालाओं की जांच हेतु अधिकारियों की टीम नामित की जाये जिससे गौशालाओं में गोवंशों की मिलने वाली सुविधा जैसे चारा, स्वास्थ्य परीक्षण, पानी, संरक्षित गोवंशो की संख्या आदि की जांच कर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा कर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जनपद में जो भी विद्यालय है यदि उस पर अवैध रूप से अतिक्रमण किया गया है तो उसकी सूची उपलब्ध करायी जाये जिससे आवश्यक कार्यवाही की जा सके।

विद्युत विभाग की समीक्षा में विद्युत बिल सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त होने पर जिलाधिकारी ने अधीक्षण अभियन्ता विद्युत को निर्देशित किया कि विद्युत बिल के शिकायतों के निस्तारण हेतु नोडल अधिकारी बनाया जाये जिससे विद्युत बिल सम्बन्धी शिकायत प्राप्त होने पर निस्तारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन भी योजनाओं की रैकिंग ठीक नही है उसे ठीक करायें और यदि कोई समस्या आ रही है तो उच्चाधिकारियों को अवगत कराया जाये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि निरन्तर सीएम डैशबोर्ड की निगरानी करते रहे और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें, निर्धारित समयावधि में निस्तारित करें, सभी सम्बन्धित विभाग सीएम डैशबोर्ड को गम्भीरता से लें। उन्होने अधिकारियों से कहा कि किसी दबाव में आकर कार्य न किया जाये, शासन के दिशा निर्देश के अनुरूप ही कार्य किया जाये, योजनाओं की प्रगति को ठीक रखें, किसी भी स्तर पर पत्रावली को लम्बित न रखी जाये, समय से पत्रावलियों पर कार्यवाही की जाये। बैठक में जो भी अधिकारी उपस्थित नही थे उनके प्रति जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि बिना अनुमति के मुख्यालय कदापि न छोड़े अन्यथा की स्थिति में कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि विभागों की रिपोर्ट सही उपलब्ध करायी जाये। बैठक में जिलाधिकारी ने परियोजनाओं/निर्माण कार्यो की समीक्षा कर अधिकारियों व कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के निर्माण कार्य पूर्ण कर लिये गये है उन्हें सम्बन्धित विभाग को 15 दिनों के अन्दर हैण्डओवर कर दिया जाये। सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया कि हैण्डओवर के पहले परियोजनाओं की गुणवत्ता को देख ले और हैण्डओवर करने के बाद कोई भी कमी न निकाली जाये। हैण्डओवर के बाद सम्बन्धित विभाग उसका संचालन करें जिससे जनसामान्य व प्रशासकीय हित में कार्य किये जाये। परियोजनाओं के कार्यो में यदि कहीं पर पुनरीक्षित की आवश्यकता है सम्बन्धित को यथाशीघ्र भेज दिया जाये। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने स्तर से सम्बन्धित पटल सहायक सहायकों को निर्देशित करें कि पत्रावलियों को समय से प्रेषित करें।

जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि निर्माण कार्यो को लम्बित कदापि न रखा जाये, निर्माणपरक कार्यो में गुणवत्ता से कोई समझौता न किया जाये, यदि किसी भी स्तर पर गुणवत्ता मानक के अनुरूप नहीं पायी जाती है तो सम्बन्धित अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित कर उनके विरूद्ध नियमानुसार दण्डात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, जिला विकास अधिकारी कृष्ण कुमार, परियोजना निदेशक डीआरडीए दयाराम यादव, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रियंका सोनी व अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### युवती के अपहरण का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने युवती के अपहरण को लेकर आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के काजी का पुरवा जमालपुर निवासी कल्लू के पुत्र नसीम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि छब्बीस जनवरी को नबाबगंज थाना के लवाना भवानीगंज निवासी दशरथ का पुत्र मोहित सरोज उसकी उन्नीस वर्षीया पुत्री को घर से भगा ले गया। पीड़ित ने आरोपी के घर शिकायत की तो आरोपी ने फोन पर उसे जानलेवा धमकी दी है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अपहरण व धमकी का केस दर्ज किया है।

### किशोरी का अपहरण, आरोपियों के खिलाफ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किशोरी के अपहरण व मारपीट का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पूरे पौलहा निवासी ब्रम्हदीन कोरी पुत्र जगदेव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती छब्बीस जनवरी को महेशगंज थाना के झाउ का पुरवा निवासी बादल भारती उसकी चौदह वर्षीया पुत्री को भगा ले गया। शिकायत करने पर आरोपी के घर वालों ने पीडित के साथ गालीगलौज करते हुए मारपीट की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी तथा उसके परिजनों के खिलाफ अपहरण व मारपीट तथा गालीगलौज का केस दर्ज किया है।

# प्रतिभा सम्मान समारोह में नवाजे गये मेधावी, डिजिटल लाइब्रेरी की मिली सौगात

## ▶▶ सराय संग्राम सिंह के किसान मंहगूराम इण्टर कालेज के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने बांधी समां

लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के सराय संग्राम सिंह स्थित किसान मंहगूराम इण्टर कालेज में वार्षिकोत्सव पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. चन्द्रेश सिंह व रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। अतिथियों ने छात्र छात्राओं को शैक्षिक उत्सव में डिजिटल लाइब्रेरी की सौगात भी सौंपी। प्रबंधक सुनीता देवी सरोज ने छात्रा अन्नू पटेल को सर्वश्रेष्ठ अंक के लिए टैबलेट प्रदान किया। वहीं प्रबंधक व अतिथियों ने विद्यालय की हाईस्कूल की छात्रा आंचल तथा प्रियांजलि ने सरस्वती वंदना तथा स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। विद्यालय की छात्रा शिवानी




पटेल, प्राची जायसवाल, अन्नू पटेल, खुशी विश्वकर्मा, साक्षी सरोज, आंचल गुप्ता, प्रियांजलि यादव, शानू गुप्ता व छात्र आकाश सरोज, मोहित सरोज को साइकिल तथा घड़ी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वहीं सफल मेधावियों के अभिवावकों को भी अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डा. चन्द्रेश सिंह ने किया। उन्होनें मेधावियों से लगन व मेहनत के साथ सफलता का आहवान किया। बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने शैक्षिक उन्नयन के क्षेत्र में भारतीय प्रतिभाओं की सफलता का बखान किया। विशिष्ट अतिथि संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व पूर्व प्रमुख भुवनेश्वर शुक्ल रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के निदेशक विनोद कुमार सरोज ने किया। वार्षिकोत्सव पर छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर अभिवावकों का मन मोह लिया। संस्थापक रामसुफल ने सभी के प्रति आभार जताया। इस मौके पर सीताराम सरोज, फूलकली, अवधेश कुमार, श्रीपाल, सुरेश शुक्ला, रामफेर सरोज, मनोज तिवारी, डॉ. पंकज तिवारी, सुरेश शुक्ला, मुन्ना मिश्रा, मोनू पाल, प्रमोद सरोज, अजय निर्मल, लालजी पटेल, दिव्यांशु द्विवेदी, मनोज कुमार, रितेश तिवारी, किरन सरोज, रोहित शुक्ला आदि रहे।

### जान से मारने की दी धमकी, चार पर केस

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के भीख का पुरवा पुरनेमऊ गांव निवासी शोभनाथ ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि छह जनवरी को वह अपने खेत में लगे कंटीली झाड़ को सही कर रहा था। तभी उसके भाई और उनके परिवार के लोग लाठी लेकर पहुंचे और भिड़ गए। आरोपी ने उसके हाथ में दांत काट लिया। इसके बाद जान से मारने की धमकी देते चले गए। पीड़ित शोभनाथ की तहरीर पर पुलिस ने राम विशाल, उसकी बेटी मनीषा, सुनीता, नाती रिशू के खिलाफ विभिन्न केस दर्ज किया है।

### युवती को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**कुंडा प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर दी थी कि उसकी साली उसके घर रहकर ब्यूटीशियन का कोर्स कर रही थी। उसे प्रयागराज के नवाबगंज थाना क्षेत्र के चैनी का पुरवा लालगोपालगंज गांव निवासी युवक भगा ले गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर 21 दिसंबर 2024 को रिपोर्ट दर्ज की थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार था। इसे सोमवार को दरोगा नदीम खान ने पुलिस टीम के साथ भरचक गेट के पास से गिरफ्तार किया।

### युवक पर जानलेवा हमले में तीन पर केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रददू का पुरवा बरई गांव निवासी राजू सरोज ने पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि 19 जनवरी को रात करीब आठ बजे गांव के ही कुछ लोगों ने रंजिश में गालियां देते हुए उस पर फरसे से जानलेवा हमला कर दिया। बीच-बचाव करने दौड़े उसके बेटे को भी पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़ित राजू की तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही वैभव, अनुज, वंशीलाल के खिलाफ केस दर्ज किया है

# दिल्ली विधानसभा चुनाव में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना की अहम भूमिका से मगन रामपुरखास




लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना को पार्टी नेतृत्व द्वारा सौंपी गयी अहम जिम्मेदारी को लेकर मंगलवार को यहां कार्यकर्ता मगन देखे गये। दिल्ली के चुनाव में बेल्हा की भी आवाज गूंजने को लेकर लोगों में इसे राजनैतिक पटल पर रामपुरखास की मजबूत पकड भी आंकी जाती देखी जा रही है। क्षेत्रीय विधायक आराधना मिश्रा मोना को लेकर दिल्ली में प्रतापगढ़ तथा पूर्वांचल के जिलों के लोगों के भी उत्साह को लेकर कार्यकर्ता व समर्थक मगन दिखे। मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि दिल्ली के द्वारका स्थित दुर्गा पार्क में विधायक मोना का पूर्वांचल के विभिन्न संगठनों ने समारोहपूर्वक सम्मान किया। वहीं विधायक आराधना मिश्रा मोना द्वारा वहां विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में लगातार की जा रही जनसभाओं को लेकर भी कार्यकर्ताओं का हौंसला बढ़ा दिखा है। कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकर्ताओं ने विधायक मोना के स्टार प्रचारक के रूप में दिल्ली विधानसभा चुनाव में मिली अहम जिम्मेदारी को बड़ी सियासी उपलब्धि आंकते दिखे। चेयरपर्सन अनीता द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख इं. अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, केडी मिश्र, लालजी यादव, दृगपाल यादव, रामकृपाल पासी, हुमा महमूद आदि ने विधायक मोना को सौपी गयी इस अहम जिम्मेदारी के लिए सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आभार जताया है।

# मनीष को मिला सराहनीय सेवा सम्मान का सिल्वर पदक, खुशी





लोकमित्र ब्यूरो

**लालगंज, प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र के अमावां निवासी उप निरीक्षक को पुलिस शौर्य प्रशंसा रजत पदक मिलने पर यहां लोगों में प्रसन्नता देखी गयी।

अमावां गांव के मनीष कुमार मिश्र वाराणसी में एसओजी प्रभारी तैनात हैं। पुलिस सेवा में सराहनीय एवं शौर्य के प्रदर्शन के लिए इस गणतंत्र दिवस पर उन्हें शौर्य सराहनीय सेवा सम्मान के तहत सिल्वर मेडल मिला है।

गणतंत्र दिवस समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर की मौजूदगी में वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक मोहित अग्रवाल ने एसओजी प्रभारी मनीष को समारोहपूर्वक सिल्वर मेडल प्रदान किया।

जानकारी मनीष के गांव हुई तो घर परिवार के साथ लोगों में खुशी का माहौल देखा गया। मनीष मिश्र तहसील के अधिवक्ता संतोष मिश्र सिंटू के भाई हैं। इसके चलते साथी अधिवक्ताओं में भी सम्मान पर प्रसन्नता का माहौल देखा गया।

संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संदीप सिंह, पूर्व अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, क्षेपंस धीरेन्द्र पाण्डेय, अधिवक्ता संतोष पाण्डेय, अनिल त्रिपाठी महेश, जूबाए के पूर्व महामंत्री गिरीश मिश्र बाबा आदि ने मनीष के सम्मान को क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा है।

# किसे मैं अपनी हार कहूँ अब, किसे मैं अपनी जीत कहूँ

लोकमित्र ब्यूरो

**प्रतापगढ़।** भारत-भारतीय ने पंचायत भवन सगरा सुंदरपुर में एक सरस कवि सम्मेलन का आयोजन किया जिसमें कवियों एवं कवयित्रियों ने विभिन्न रसों पर आधारित कविताओं को पढ़कर लोगों को भाव विभोर किया। संस्था के कोषाध्यक्ष प्रहलाद मोदनवाल के संयोजन में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल अध्यक्ष सगरा सुंदरपुर प्रदीप सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन करके किया।उन्होंने कहा कि यह संस्था साहित्य का जो आलोक 26वर्षो से फैला रही है,उससे लोगों को बहुत कुछ सीखने को मिल रहा है।उन्होंने डॉ.रणजीत सिंह के साहित्य पर प्रकाश डालते हुए उसे राष्ट्र की धरोहर बताया।विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व प्रवक्ता शिव प्रसाद पाण्डेय ने अपने अनुभव साझा करते हुए भारत-भारतीय के साहित्यिक अवदान की प्रशंसा किया और सभी के काव्य पाठ को उपयोगी बताया।

कवि सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ जया मिश्रा की वाणी वंदना से हुआ।सुमधुर गीतकार सुरेश नारायण दुबे व्योम ने के मर्मस्पर्शी गीतों ने उपस्थित श्रोताओं के मर्म को छू लिया।मुझको तुम्हारा बस प्यार चाहिए,कभी हाँ तो कभी इन्कार चाहिए,होने पे इन्कार हम रूठेंगे जरूर,हौले,हौले प्रिये मनुहार



चाहिए।हास्य -व्यंग्य के कवि राधेश पाण्डेय ने अपनी व्यंग्य की कविताओं से श्रोताओं को खूब हँसाया।उनकी पंक्तियाँ-अहै बड़ी अइंठी कै अइंठा पढ़ कर श्रोताओं को आनंदित किया।

कवयित्री जया मिश्रा के गीत की पंक्तियों ने-कहे कोई कुछ भी पर कुछ न बोलूँ,कैसे सुनूँ सब मुँह न खोलूँ, बढ़ते हौंसलों को सभी ने दबाया, गिरते हुए को कब किसने उठाया, गिरते-गिरते जब से सँभलने लगी हूँ,लोगों की नजरों में चुभने लगी हूँ, ने श्रोताओं की तालियों की गड़गड़ाहट से हाल को गुंजायमान कर दिया।संचालन कर रहे सुप्रसिद्ध राष्ट्रीय कवि डॉ.रणजीत सिंह ने माँ के आँचल कविता की पंक्तियों -भूख मिटती सदा माँ के आँचल तले,माँ का आँचल ही जीवन की पतवार है,माँ का आँचल सदा पृथ्वी से बड़ा,माँ के आँचल से छोटा यह संसार है,पढ़ कर श्रोताओं को भाव विभोर किया तो दर्शन पर आधारित उनके गीत की पंक्तियाँ-जिह्वा पर माधुर्य बहुत पर हृदय बहुत ही काला है,मुँह पर कहता राम मगर वह पीठ पर मारा भाला है,किसे मैं अपनी हार कहूँ अब किसे मैं अपनी जीत कहूँ,जग में किसको शत्रु कहूँ मैं किसको अपना मीत कहूँ,पढ़ लोगों को चिंतन प्रदान किया।अध्यक्षता ग्राम प्रधान प्रतिनिधि श्यामजी जायसवाल ने किया।

कार्यक्रम में आकाश मोदनवाल आँसू,जगत वर्मा,गोविंद मोदनवाल,गोपाल मोदनवाल, कुलदीप शुक्ला पत्रकार,राजेश सोनी बाबूगंज,विनय पाण्डेय, दुर्गेश वर्मा सहित ढेर सारे लोग मौजूद रहे।

इस अवसर पर भारत-भारतीय ने मोहम्मद कमाल शेख के हवाले से जरीना बानो,मुस्कान बानो,कोमल रजक,कशिश जायसवाल,खुशबू विश्वकर्मा, सलोनी वर्मा,मदीना बानो,सुमन वर्मा,प्रिया वर्मा, अल्फ़िज़ा बानो, सुधा सरोज, साक्षी मौर्य,अर्पिता सिंह,अंकिता दुबे आदि छात्राओं को ससम्मान बैग की प्रदान किया।

संक्षिप्त खबरें

## दबंग भाइयों ने जमीन पर कब्जे का विरोध करने पर महिला को दी धमकी

**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के हौसी मजरा काजू गांव की कलावती देवी पत्नी प्रेमचंद ने बताया कि उसके पति के नाम पड़ोसी गांव उदाथू में भूमिधरी जमीन है। जिसपर वह काबिज है। सोमवार की रात उसी जमीन पर कब्जा करने की नियत से गांव के दबंग भाइयों ने दो अन्य साथियों संग कई डम्पर मिट्टी डाल दिया है। महिला के विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ गाली गालौच कर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया।पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## नाली पाटने का विरोधी करने पर महिला को पीटा

**चरवा, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के रामपुर गांव की संगीता देवी पत्नी राजकुमार के अनुसार उसके घर के सामने सरकारी नाली बनी है। पड़ोस के एक दबंग ने मंगलवार की सुबह उस सरकारी नाली को मिट्टी डालकर बंद कर दिया। जिससे पूरे मोहल्ले का पानी उसके घर के पास जमा हो गया। नाली में पानी भर जाने के कारण गंभीर बीमारी होने का खतरा बन गया है। महिला के विरोध करने पर पड़ोसी दबंग गाली गलौज कर उसे मारने की धमकी देने लगा। आरोप है कि नाली से मिट्टी निकालने पर उसने अपने भाई संग मिल उसकी पिटाई कर दी। इससे उसको काफी चोटें आई। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपियों के गिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## निर्मल एडुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी ने बच्चों वितरण किया स्टेशनरी व उपकरण



**सैनी, (कौशाम्बी)।** विकास खंड सिराथू के उच्च प्राथमिक विद्यालय जमालमऊ में गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लखनऊ स्थित निर्मल एडुकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की चेयरपर्सन ऋचा शर्मा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रबंधक सीबी राइस मिल रायबरेली भी उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके बाद अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने कहा कि उनकी संस्था बच्चों की शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करती है। कौशाम्बी जनपद में यह पहला अवसर मिला है। विशिष्ट अतिथि ने बच्चों की शिक्षा के लिए विद्यालय में उपकरण उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। संस्था के द्वारा विद्यालय के शिक्षकों को अंगवस्त्र व रसोईयों को शाल भेंट किया है। उसके बाद बच्चों को निर्मल एडूकेशन एंड वेलफेयर सोसाइटी की तरफ से स्टेशनरी व मिष्ठान का वितरण किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सौरभ श्रीवास्तव, सहायक अध्यापक संतोष कुमार सिंह व रेखा देवी द्वारा अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए पुनः उपस्थित होने का आग्रह किया गया।

## एसपी त्रिपाठी पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के लिए किया गया जागरूक





**अजुहा, (कौशाम्बी)।** अजुहा कस्बे में स्थित एसपी त्रिपाठी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल के बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया गया और यातायात के नियमों का पालन करने हेतु जागरूक किया गया। इस दौरान एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर देवेंद्र पाल ने वाहनों को नियंत्रण गति सीमा में चलाने , नशे की हालत में गाड़ी न चलाने , आगे वाले वाहन से उचित दूरी बनाए जाने , सीट बेल्ट पहनकर गाड़ी चलाने , मोबाइल प्रयोग न करने एवं हेलमेट लगाकर वाहन चलाने की जानकारी दी। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक सैनी बृजेश करवरिया ने यातायात के नियमों का पालन करने की जानकारी दी। वहीं विद्यालय के छात्रों ने स्वागत गीत से अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर प्रबंधक नमो नारायण त्रिपाठी, अजय कुमार त्रिपाठी, एनएचएआई पेट्रोलिंग ऑफिसर अंकित पाण्डेय, कृष्ण मुरारी , उमेश चंद्र , राकेश सिंह, ओम प्रकाश कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहें।

## कार की टक्कर बाइक सवार जख्मी

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के थुलगुला गांव के समीप सोमवार की रात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार को इलाज के लिए सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया ,हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। बताया जाता है कि कडाधाम थाना क्षेत्र के कमालपुर गांव निवासी गुड्डू पुत्र किशन लाल सोमवार की रात करीब 10 बजे सिराथू कस्बे से बाइक से वापस घर लौट रहा था। जैसे ही वह थुलगुला गांव के समीप पहुंचा सामने से आ रही तेज रफ्तार बेकाबू कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। हादसा देख पहुंचे लोगों ने पुलिस को सूचना दी , सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

## फार्मर रजिस्ट्री में बेहतर काम करने पर सम्मानित हुए पंचायत सहायक



**सिराथू, (कौशाम्बी)।** फार्मर रजिस्ट्री में बेहतर काम करने पर खंड विकास अधिकारी सिराथू भवेश कुमार शुक्ला ने विकास खंड क्षेत्र के पांच पंचायत सहायकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान फैमिली आईडी व पीएम सूर्य घर योजना के काम में तेजी लाने को कहा। किसान सम्मन निधि योजना की लाभार्थियों की फार्मर रजिस्ट्री कराई जा रही है। जिसमें विकास कृषि व राजस्व के कर्मचारियों को फॉर्म रजिस्ट्री के लिए लगाया गया है। ऐसे में ग्राम पंचायत में नियुक्त पंचायत सहायकों को भी जिम्मेदारी दी गई है। जिसमें बेहतर काम करने पर मंगलवार को सिराथू विकासखंड के नारा गांव के पंचायत सहायक दिनेश मौर्य कैनी के यशवंत सिंह राघवपुर के रविंद्र कुमार रघुनाथपुर की स्वाति मिश्रा मोहम्मदपुर पंइसा की ज्योति सिंह को खंड विकास अधिकारी भवेश शुक्ला ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया है।

# भाकियू अंबावता ने समस्याओं का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** भारतीय किसान यूनियन (अंबावता) ने मंगलवार को तहसील परिसर में बैठक का आयोजन किया। बैठक के बाद किसानों की समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी को संबोधित छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के बाद समस्या का समाधान न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी है।



जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय की अध्यक्षता में मंगलवार को तहसील परिसर में किसानों ने बैठक का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष ने बताया कि तहसील में आने वाले किसानों और फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। तहसील के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी समस्या का समाधान करने में आनकानी करते हैं। तहसील परिसर स्थित स्टेट बैंक में ट्रेजरी चालान जमा न होने से लोगों को चालीस किलोमीटर दूर मुख्यालय जाना पड़ता है। नगर पंचायत चायल में स्थित यूनानी अस्पताल जर्जर खपरैल भवन में चल रहा है। गांधीनगर वार्ड स्थित तबेला और तालाब पर अवैध कब्जा कर निर्माण किया जा रहा है। उसको अवैध कब्जे से मुक्त नहीं कराया जा रहा है। पिछले दो साल से नेवादा ब्लाक के बड़ा पिपरहटा गांव में किसान राजकीय नलकूप की मांग कर रहें हैं। बोरिंग न होने से किसानों की 150 बीघा जमीन सिंचाई के अभाव में परती पड़ी रहती है। वहीं, गांव की आठ सौ मीटर कच्चे संपर्क मार्ग पर 76 साल बाद भी इंटरलाकिंग नहीं लगावाई गई है। इससे ग्रामीणों को परेशानी होती है। हरदुआ खास गांव में जलजीवन मिशन से बनाई गई पानी टंकी से जल आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। किसानों ने जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार कपिल मिश्रा को सौंपा। किसानों ने चेतावनी देते हुए बताया कि अगर उनकी समस्या का समाधान एक सप्ताह में नहीं किया गया तो वह लोग आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इस मौके पर वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष गुलाम हसन, यशवंत सिंह राठौर, दिल कुमार, मुन्ना लाल, सोनू राजपूत, अशोक कुमार, मंजू तिवारी, ढन्नू लाल, मेडिया, राजू लाल, राजपति, फूला देवी, बेलपति, बड़ेलाल, त्रिभुवन लाल, गुड्डी देवी, मणिश्याम पांडेय और धर्मेंद्र कुमार समेत दर्जनों किसान मौजूद रहे।

## घर के बाहर खड़ी कार को चोरों ने किया पार



**चायल, (कौशाम्बी)।** चरवा थानाक्षेत्र के निंबिहा मजरा सैयद सरावां गांव में सोमवार की शाम पत्नी को बुलाने ससुराल गए चालक की कार को चोरों ने पार कर दिया।रात के समय कार नदारद देख चालक के होश उड़ गए। काफी खोजबीन के बाद भी सुराग न मिलने पर मालिक ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।प्रयागराज जिले के पूरामुफ्ती थाना अंतर्गत बिहका उर्फ पूरामुफ्ती गांव निवासी ज्ञानेंद्र कुमार पांडेय पुत्र हनुमान प्रसाद ने बताया कि उनके पास ईको कार है। सोमवार को गांव का ही चालक अजय पासी अपनी पत्नी को बुलाने के लिए चरवा थाने के निंबिहा मजरा सैयद सरांवा गांव गया था। इसी दौरान ससुराल में घर के बाहर खड़ी उसकी कार को चोरों ने पार कर दिया। कार नदारद देख चालक के होश उड़ गए। उसने घटना की जानकारी मालिक को दी। जानकारी मिलने के बाद मालिक बदहवास हालत में मौके पर पुहंचे। काफी खोजबीन के बाद भी कार का सुराग न लगने पर मालिक ने थाने जाकर घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## अराजकतत्व मंदिर की बाउंड्रीवाल निर्माण में डाल रहे रोड़ा



लोकमित्र ब्यूरो

**कसेंदा, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के फतेहपुर-सहावपुर गांव के मजरा नरहियापर में स्थापित शिव मंदिर की बाउंड्रीवाल निर्माण में अराजक तत्व रोड़ा डाल रहे हैं। वह मंदिर के पास मवेशियों को बांधना चाहते हैं। ग्रामीणों ने थाने जाकर मामले की तहरीर दिया। तहरीर पाकर पुलिस ने शिकायत की जांच शुरू कर दिया है।

चायल के नरहियापुर मजरा फतेहपुर- सहरानपुर गांव में रोशन यादव के घर के समीप एक प्राचीन शिव मंदिर है। जिसमें सफेद पत्थर के शिव लिंग और नंदी की प्रतिमा स्थापित है। ग्रामीण इंद्रपाल यादव, मानसिंह, बुदुन, चौधरी, वीरेंद्र, संतोष कुमार, धर्मराज, चंद्रपाल, सुरेंद्र, धर्मेंद्र और अशोक कुमार आदि ने बताया कि 15 नवंबर की रात अराजकतत्वों ने मंदिर से भगवान शिव शंकर का शिव लिंग चोरी कर लिया था। इसकी जानकारी जब सुबह ग्रामीणों को हुई तो शिकायत पुलिस से की गई। जिसके बाद शिवलिंग पुनः स्थापित किया गया। मंदिर में ग्रामीणों की श्रद्धा जुड़ी है । लोग पूजा पाठ करते हैं। जबकि पूर्ति आदि की चोरी के अलावा पालतू एवं बेसहारा मवेशी मंदिर पर गंदगी करते हैं। मंदिर को सुरक्षित करने के बाउंड्रीवाल बनाई जानी है। लेकिन कुछ अराजकतत्व मंदिर के खाली स्थान में अपने मवेशियों को बांधने के लिए खूंटा, चरही बना रहे हैं। वह बाउंड्री निर्माण में बाधक बनते हैं। मना करने पर मारपीट करने को आमदा हो रहे हैं। इसकी शिकायत ग्रामीणों ने पिपरी पुलिस को देकर कार्रवाई की मांग किया है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू किया है।

## नरसिंहपुर कछुआ में स्थापित ट्रामा सेंटर बना शो पीस

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार द्वारा लाखों करोड़ों खर्च किए गए है , प्रयागराज के महाकुंभ में देश प्रदेश ही नहीं विदेशों से भी हजारों की तादात में श्रद्धालु पहुंचे है वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सरकार ने तमाम तरह की सुविधाएं दी है , लेकिन सरकार के लाख जतन के बाद भी नेशनल हाईवे किनारे संचालित ट्रामा सेंटर स्वास्थ्य विभाग की पोल खोल रहा है । इन दिनों सैनी व कोखराज कोतवाली क्षेत्र के नेशनल हाईवे पर लगातार महाकुंभ जाने वाले श्रद्धालु दुर्घटना का शिकार हो रहे है। जिनको इलाज के लिए या तो सिराथू के सरकारी अस्पताल भेजा जाता है या फिर जिला अस्पताल जबकि शासन के निर्देश पर ट्रामा सेंटर के साथ सैनी व कोखराज थाना में भी लाखों खर्च कर अस्पताल बनाया गया है जिससे दुर्घटना का शिकार हुए श्रद्धालु को तत्काल त्वरित उपचार हो सके । लेकिन सिराथू तहसील क्षेत्र के नरसिंहपुर कछुआ में तीन वर्ष पहले निर्मित ट्रामा सेंटर में स्थापित सिर्फ शो पीस बनकर रह गया है। ट्रामा सेंटर के संचालन के दो वर्ष बीतने के बाद भी मानव संसाधन की व्यवस्था नहीं होने से इसके संचालन में गतिरोध बना है। इससे दुर्घटना में गंभीर घायलों के लिए जिला अस्पताल अभी भी रेफर सेंटर बना है। जबकि ट्रामा सेंटर के बगल से नेशनल हाईवे व राज्यमार्गो के चलते दुर्घटना जोन बने क्षेत्र में हर दिन हादसे में लोग गंभीर रूप से घायल होते हैं। इनमें अधिकांश गंभीर घायल समय से समुचित इलाज नहीं मिलने से रेफर होकर जिला अस्पताल के लिए भेज दिया जाता है । महाकुंभ शुरू होने से मौजूदा समय में हादसों की संख्या में तेजी से इजाफा हो रहा है। नरसिंहपुर कछुआ में दुर्घटना के घायलों के इलाज के लिए ट्रामा सेंटर बनाया गया था। बिना संसाधनों के ही पहले ही जिम्मेदार ट्रामा सेंटर का लोकार्पण भी करा चुके हैं,लेकिन डाक्टरों,स्टाफ की कमी व संसाधन की वजह से इसका ठीक तरह से संचालन अभी तक नहीं हो पाया है। जिससे दुर्घटना में गंभीर घायलों के लिए ट्रामा सेंटर महज शो पीस बनकर रह गया है।

### ● क्या कहते है एसडीएम

इसे विषय में एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह ने बताया कि नेशनल हाईवे पर दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए नेशनल हाईवे के जिम्मेदारों को पत्र लिखकर ओवरब्रिज पर लाइट की व्यवस्था दुरुस्त करने एवं सर्विस लेन को साफ करने सहित अन्य जरूरी दिशा निर्देश दिए गए है। साथ ही यातायात के नियमों के पालन हेतु लगातार बैठक कर जिम्मेदारों को जरूरी निर्देश दिए जा रहे है।

## आधा दर्जन गांव में हुई समाजवादी पार्टी का पीडीए जनपंचायत पर चर्चा





लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में पीडीए जन पंचायत पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन सिराथू विधानसभा क्षेत्र के अफजलपुरवारी, लोहटी, काजीपुर, खुजा, मैदाही, सरैया, जहीदपुर, मकनपुर आदि गांव में आयोजित किया गया , जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा सांसद पुष्पेंद्र सरोज ने अपने संबोधन में भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक और महिलाओं का उत्पीड़न हो रहा है। सरकार की जनविरोधी नीतियों के कारण आम जनता परेशान है। प्रदेश सचिव आनंद मोहन सिंह पटेल ने कहा कि कार्यकर्ता रीढ़ की हड्डी होते है कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकना है। सपा जिलाध्यक्ष दया शंकर यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने में भाजपा पूरी तरह से नाकाम रही है।

भाजपा अपनी नाकामी को छिपाने के लिए धर्म का सहारा ले रही है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधानसभा अध्यक्ष शाहनवाज अहमद ने कहा कि सपा सरकार के कार्यकाल के दौरान उत्तर प्रदेश में कई विकास कार्य किए गए थे, लेकिन भाजपा के शासन में विकास पूरी तरह से ठहर गया है। भाजपा देश के सौहार्द को बिगाड़ने और भाईचारे को खत्म करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान जनता ने अब पीडीए के साथ जुड़ने का मन बना लिया है। इस अवसर पर राजू सरोज, लवलेश यादव , अबरार अहमद , पप्पू यादव , जेके यादव , लवकुश चौरसिया, कैलाश यादव, नवनीत यादव , चंदन यादव , जगदीश यादव , जितेंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## नूरपुर पहुंची सिराथू विधायक पहुंची, मृतक के परिजनों से मुलाकात व्यक्त किया शोक



लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सिराथू विधायक पल्लवी पटेल परास का मजरा नूरपुर गांव पहुंची जहां मृतक सुरेश यादव के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए मदद का आश्वासन दिया। बताते चले कि परास का मजरा नूरपुर निवासी सुरेश सिंह यादव का 5 जनवरी को बीमारी के चलते निधन हो गया था। जिसकी सूचना पर सिराथू विधायक पल्लवी पटेल अपने काफिले के साथ नूरपुर में सुरेश यादव के आवास पहुंची जहां उन्होंने सुरेश यादव के चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए मृतक के परिजनों से मुलाकात करते हुए शोक व्यक्त किया और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। इस मौके पर विधायक पल्लवी पटेल के साथ कमलेश पटेल, अजय पटेल, विनोद कसेरा, डॉ.मो.असलम , प्रहलाद यादव ,रमेश सिंह यादव, पूर्व प्रधान बचानी यादव , राजेश यादव, इन्द्रेश सिंह यादव, अशोक गौतम, जितेंद्र यादव आदि लोग मौजूद रहें।

## लापरवाही पर एबीएसए ने तीन विद्यालय के स्टॉफका जनवरी माह का रोका वेतन

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** खंड शिक्षा अधिकारी ने विकास खंड सिराथू के तीन परिषदीय विद्यालयों के जिम्मेदारों द्वारा विभागीय कार्यों में रुचि न लेने एवं लापरवाही पर जनवरी माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए कड़ी चेतावनी दी , एबीएसए की इस कार्यवाही से परिषदीय विद्यालय के शिक्षकों में खलबली मच गई है।

खंड शिक्षा अधिकारी सिराथू डॉ प्रज्ञा सिंह ने विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय अनेठा , उच्च प्राथमिक विद्यालय अनेठा एवं प्राथमिक विद्यालय गड़रियन का पुरवा के समस्त स्टॉफ का जनवरी माह का वेतन अवरुद्ध करते हुए बताया कि उच्चाधिकारियों व परियोजना के निर्देशों के बावजूद भी 24 , 25 व 27 जनवरी को डिजिटल स्टूडेंट उपस्थिति , डिजिटल एमडीएम में लापरवाही एवं यू डायस , अपार आईडी जनरेट में अपेक्षित प्रगति न होने के कारण उच्चाधिकारियों की अवहेलना एवं विभागीय कार्यों में रुचि न लेने के आरोप में समस्त स्टॉफ का वेतन अवरुद्ध करते हुए भविष्य के लिए कड़ी चेतावनी दी गई है।

# 22 श्रद्धालु जिला अस्पताल के लिए रेफर

▶▶ सोमवार की शाम कनवार बॉर्डर के नजदीक हाइड्रा से भिड़ी से श्रद्धालुओं से भरी बस

▶▶ एसडीएम सहित कई अधिकारियों ने घायलों का लिया हालचाल

लोकमित्र ब्यूरो

**सिराथू, (कौशाम्बी)।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बॉर्डर के नजदीक नेशनल हाईवे पर सोमवार की रात श्रद्धालुओं से भरी बस अनियंत्रित हाइड्रा ने भीड़ गई थी हादसे में बस में सवार 32 लोग जख्मी हो गए थे, हादसे की सूचना पर एसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव, एडीएम कौशाम्बी, सीओ सिराथू अवधेश कुमार विश्वकर्मा सहित भारी संख्या में पहुंची पुलिस बल ने घायलों को आधा दर्जन के करीब एंबुलेंस की मदद से सीएचसी सिराथू में भर्ती कराया था जिनमें से 22 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

बताया जाता है कि हिमाचल प्रदेश के सलोनी जिला के अर्की सोलन से बस चालक बस में 30 सवारियों को भरकर प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे , बस चालक जैसे ही सैनी कोतवाली क्षेत्र के कनवार बॉर्डर के नजदीक पहुंचे तभी सोमवार की रात नेशनल हाईवे पर अनियंत्रित होकर जा रहे हाइड्रा में बस की टक्कर हो गई हादसे में मौके पर अफरा तफरी मच गई इस दौरान आसपास मौजूद लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से सभी घायलों को बस से निकालकर एंबुलेंस की मदद से इलाज के लिए सिराथू के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं एसपी कौशांबी ने श्रद्धालुओं को अस्पताल में उनके बेहतर उपचार व खाने पीने की व्यवस्था हेतु जिम्मेदारों को निर्देश देते हुए हाइड्रा के पुलिस कटड़ी में लेते हुए यातायात बहाल कराया। जिसके बाद घायलों का हालचाल लेने के लिए सीएमओ संजय कुमार, डिप्टी सीएम के बड़े भाई सुखलाल मौर्य, चेयरमैन राजेंद्र कुमार उर्फ भोला यादव सहित एसडीएम सिराथू अजेंद्र सिंह सिराथू के सरकारी अस्पताल पहुंचे जहां घायलों का हालचाल लेते हुए उनके खाने पीने व उपचार सहित अन्य व्यवस्थाएं हेतु जिम्मेदारों को निर्देश दिया।

### ▶▶ बस में सवार ये श्रद्धालु थे घायल

सिराथू, (कौशाम्बी)। बस में सवार श्रद्धालुओं में हिमाचल प्रदेश के अर्की सोलेन निवासी मीनाक्षी पुत्री प्रेमचंद्र 13 वर्ष , महेंद्र सेन पुत्र लेखराम 52 वर्ष , गोदावरी पत्नी किशन लाल 70 वर्ष , शिमला निवासी तुलसीराम पुत्र कुल राम 75 वर्ष , अर्की सोलेन निवासी बाबूराम पुत्र दयाराम 65 वर्ष , लीला देवी पत्नी विद्यासागर 60 वर्ष , रीता पत्नी तेजराम 50 वर्ष , तेजराम पुत्र दयाराम 53 वर्ष , चंद्रकला पत्नी बाबूराम 52 वर्ष , नंदलाल पुत्र लेखराम 65 वर्ष , पार्वती पत्नी नंदलाल 65 वर्ष , रूप राम पुत्र राजकुमार 40 वर्ष , मीना सेन पत्नी महेंद्र सेन 48 वर्ष , गुड्डू पुत्र किशन लाल 30 वर्ष , ममता शर्मा पत्नी नरेश शर्मा 50 वर्ष , नरेश कुमार पुत्र देवीलाल 45 वर्ष , नर देवी शर्मा पुत्र 45 वर्ष , बबीता पत्नी सुरेन्द्र 50 वर्ष , ममता पुत्री देवी चंद्र 25 वर्ष , धनपति पत्नी देवीलाल 65 वर्ष , बबलू पुत्र दिलेर राम छेदी लाल पुत्र कस्तराम 72 वर्ष मनोहर पुत्र लेखराम जख्मी हो गए , विमान देवी पत्नी शालिक राम आदि लोग जख्मी हो गए। जिनमें धनमती पत्नी देवीलाल 62 वर्ष , तुलसी , बाबूराम व बबलू घायल हो गए थे। सीएचसी अधीक्षक सिराथू डॉ औचित्य सिंह ने बताया कि सभी घायलों की सामान्य स्थिति है , डाक्टरों की टीम द्वारा उनका बेहतर उपचार किया जा रहा है , मंगलवार को 22 श्रद्धालुओं को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है।

## चायल सीडीपीओ मीरा मिश्रा ने कार्यालय में मनाया गणतंत्र दिवस



**चायल, (कौशाम्बी)।** स्थानीय बाल विकास परियोजना कार्यालय में गणतंत्र दिवस के अवसर पर रविवार को झंडारोहण किया गया। सीडीपीओ मीरा मिश्रा ने स्टाफ के साथ झंडा फहराकर राष्ट्रगान गाया। इस कार्यक्रम में पुष्पा सिंह,गुलाब चंद्र,सत्यम सिंह और शिवबाबू आदि स्टॉफ शामिल हुए।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्न थानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया, चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 127 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## डीजे की टक्कर से घायल साइकिल सवार की इलाज के दौरान मौत

**पश्चिम शरीरा, (कौशाम्बी)।** पश्चिम शरीरा स्थानीय कस्बे में डीजे गाड़ी की टक्कर से घायल साइकिल सवार की मंगलवार की दोपहर इलाज के दौरान मौत हो गई। साइकिल सवार की मौत की खबर जैसे ही परिवार के अन्य लोगों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया।प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के देवाना गांव निवासी श्यामलाल पुत्र स्वर्गीय राम प्रसाद (45) शनिवार की दोपहर पश्चिम शरीरा बाजार अपनी साइकिल से सब्जी लेने आया हुआ था सब्जी लेने के बाद जैसे ही यह साइकिल से वापस घर जा रहा था की तभी बस स्टाफ दंगल मैदान के नजदीक एक डीजे गाड़ी ने इसको जोरदार टक्कर मार दिया टक्कर लगते ही साइकिल सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया ग्रामीणों की सूचना पर एंबुलेंस के माध्यम से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल ले जाया गया फौरी तौर पर इलाज करने के बाद डॉक्टरों ने उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए रेफर कर दिया जहां अस्पताल में मंगलवार की दोपहर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई जैसे ही यह खबर घर के अन्य लोगों को मिली तो पूरे परिवार में कोहराम मच गया तथा सभी का रो-रो कर बुरा हाल है

## सम्पादकीय

# उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं

आतंकवाद के मुद्दे को लेकर पाकिस्तान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नसीहत और चेतावनी दी है। उन्होंने कहा है कि जम्मू-कश्मीर पीओके के बिना अधूरा है। इस क्षेत्र को आतंकवाद के केंद्र के रूप में इस्तेमाल किए जाने का आरोप लगाते हुए रक्षा मंत्री ने इसकी भूमि प्रशिक्षण शिविरों और घुसपैठ गतिविधियों के लॉन्च पैड के तौर पर करने की बात कही। रक्षा मंत्री ने जम्मू-कश्मीर के अखनूर में सशस्त्र बल वयोवृद्ध दिवस रैली को संबोधित करते हुए कहा कि इसकी पक्की जानकारी भारत के पास है, पाकिस्तान को यह बीमारी खत्म करनी होगी, नहीं तो डॉट-डॉट-डॉट।पीओके के लोगों को सम्मानजनक जीवन से वंचित रखने और धर्म के नाम पर उनका शोषण करने की भी उन्होंने चर्चा की। पीओके के प्रधानमंत्री की टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि यह जिया-उल-हक के समय से पोषित भारत विरोधी एजेंडा का हिस्सा है। पीओके यानी पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के प्रधानमंत्री अनवर-उल-हक ने बीते हफ्ते जिहादी संस्कृति को फिर जीवित करने की घोषणा की है।जिहाद की वकालत कर, अल-जिहाद के नारे लगवाने के पीछे उनकी मंशा इलाके की शांति भंग कर स्थिरता को ठेस लगाने की है। भारत-पाकिस्तान के दरम्यान 1965 में अखनूर में ही युद्ध लड़ा गया था। 1948, 1965, 1971 से लेकर 99 तक पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी परंतु घुसपैठ की घटनाएं रुकी नहीं हैं। न ही लगातार अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद पाकिस्तान आतंकवाद को समर्थन देने की नीति छोड़ रहा है।सरकार का दावा है कि धारा 370 को हटाने के बाद से जम्मू-कश्मीर में महत्त्वपूर्ण बदलाव नजर आ रहा है। राज्य की अब्दुल्ला सरकार ने भी लचीला रुख अख्तियार किया है। सरकार इस इलाके को भारत के माथे के मुकुट का मणि बताते हुए लंबे समय से दावा कर रही है कि वह पीओके को वापस लेने के प्रति गंभीर है।पाकिस्तान का भारत विरोधी रुख किसी से छिपा नहीं है। शांति के प्रति उदासीन इस पड़ोसी मुल्क के पास आंतरिक समस्याओं का इतना अंबार है कि वह अंतरराष्ट्रीय मसलों के प्रति उपेक्षा भाव अपनाए रहने को मजबूर लगता है। सैनिकों की हौसलाफजाई तक तो ठीक है परंतु जब उस पर डपट काम नहीं करती तो यूं डॉट-डॉट-डॉट जैसे हफरे का क्या असर हो सकता है। कोरी धमकियों की बजाय अब सरकार को स्पष्ट तौर पर उंगली टेढ़ी करने से परहेज नहीं करना चाहिए।




# महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की मेहनत से विश्व आर्थिक मंच पर महाराष्ट्र अव्वल

**अशोक भाटिया**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में महायुति की महाजीत के बाद भाजपा ने के नए बड़े पोस्टर ब्वॉय बनकर उभरे सीएम देवेंद्र फडणवीस का दावोस में जलवा सामने आया है। सीएम फडणवीस की अगुवाई में महाराष्ट्र में इतिहास रचते हुए वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम 2025 की मीटिंग में राज्य के लिए कुल 54 एमओयू साइन करते हुए 15.70 लाख करोड़ रुपये की निवेश के दरवाजे खोले हैं। इन भारी भरकम रकम के निवेश से महाराष्ट्र में 15.95 लाख रोजगार का सृजन होगा। यह ऐसे वक्त पर हुआ है जब स्विटजरलैंड में फडणवीस का डंका बजा है तो वहीं दूसरी दिल्ली चुनावों में भी फडणवीस की डिमांड सामने आई है।ज्ञात हो कि दावोस में वार्षिक वित्त सम्मेलन में, महाराष्ट्र ने रिकॉर्ड प्रदर्शन किया। महाराष्ट्र को देश में सबसे अधिक निवेश आकर्षित करने की उम्मीद और महाराष्ट्र द्वारा हस्ताक्षरित समझौता ज्ञापनों की संख्या भी सबसे अधिक । इस वर्ष, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, आंध्र के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू, तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी और कई राज्य मंत्री दावोस में थे। लेकिन पार्टी फैंस के बीच भी बातचीत हुई। महाराष्ट्र ने टूर्नामेंट जीत लिया है।हमने 15,70,000 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार गुना है। यह छलांग बहुत बड़ी है। जैसे ही यह खबर सामने आने लगी, दो आपत्तियां सामने आईं- पहला, दावोस को भारतीय कंपनियों के साथ अनुबंध क्यों किया जाना चाहिए? यह यहां भी किया जा सकता था, और दूसरा, क्या इतने समझौते हुए होंगे जो महाराष्ट्र में बेरोजगारी की समस्या को हल करेंगे और राज्य के विकास में क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करेंगे? दावोस में भारतीय कंपनियों के साथ गठजोड़ करने के दोनों ओर कारण हैं, क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में, दावोस इस तरह की वार्षिक आर्थिक गतिविधि के लिए दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र बन गया है।गौरतलब है कि विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन दावोस, स्विट्जरलैंड में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिसमें उद्योग, मीडिया, ऊर्जा क्षेत्र और अन्य क्षेत्रों सहित दुनिया भर के राजनेताओं, अर्थशास्त्रियों के साथ-साथ गणमान्य व्यक्ति, विद्वान और विचारक शामिल होते हैं। सम्मेलन में कई अंतरराष्ट्रीय संगठनों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाती है। इस आर्थिक सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य दुनिया के प्रमुख मुद्दों और उत्पन्न होने वाले संकटों और चुनौतियों के प्रति संवेदनशीलता पैदा करना है, साथ ही सामूहिक सहमति कैसे बनाई जाए। आम तौर पर, पिछले तीन दशकों से आर्थिक वैश्वीकरण की प्रक्रिया को तेज किया गया है। नतीजतन, कोई भी स्थानीय मुद्दा तुरंत वैश्विक हो रहा है। ऐसे सम्मेलनों का एक अलग महत्व है क्योंकि ऐसे मुद्दों के वैश्विक समाधान आवश्यक हो गए हैं।बेशक इन सम्मेलनों में आमंत्रित लोगों का उद्योग जगत में बहुत सम्मान किया जाता है और कई देशों के वाणिज्य मंत्री, वित्त मंत्री और कई देशों के राज्यों के मंत्री सम्मेलन में शामिल होते हैं, जिसमें कई देशों ने अपने देश को उद्योग और निवेश के अनुकूल बनाया है। इसे प्रस्तुत कर विदेशी निवेश को आकर्षित करने का प्रयास किया जाता है। विश्व आर्थिक मंच सम्मेलन का आयोजन उसी तरह किया जाता है जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र महासभा का वार्षिक सत्र सितंबर के महीने में आयोजित किया जाता है और सम्मेलन में दुनिया भर के 194 देशों के राष्ट्राध्यक्ष और प्रतिनिधि भाग लेते हैं।मुख्यमंत्री की यात्रा महाराष्ट्र के आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण रही । विश्व आर्थिक मंच एक अनौपचारिक मंच है, आमतौर पर 1500 से 2000 तक। इस सम्मेलन में लोग शामिल होते हैं। हाल के वर्षों में, दावोस सम्मेलन के बारे में दुनिया भर में मुख्य रूप से ऑक्सफैम इंटरनेशनल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के कारण चर्चा की गई है। ऑक्सफैम दुनिया भर के आर्थिक मुद्दों से जुड़े मुद्दों पर अपनी रिपोर्ट शोध और प्रकाशित करता है। इसी साल अपनी रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने आधिकारिक तौर पर जानकारी प्रकाशित की थी कि औपनिवेशिक काल में ब्रिटेन ने किस तरह भारत पर अपना साम्राज्य स्थापित कर खरबों डॉलर लूटे.इकोनॉमिक फोरम के वार्षिक सम्मेलन का एक मुख्य लाभ यह भी है कि इसमें आर्थिक और व्यापारिक सहयोग बढ़ाने और विदेशी निवेश बढ़ाने के तरीके पर दुनिया भर के नेताओं, उद्यमियों और व्यापारिक नेताओं के बीच महत्वपूर्ण चर्चाएं होती हैं। इसलिए यह सम्मेलन भारत के साथ-साथ महाराष्ट्र के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। वर्तमान में, हम सभी एक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्रिय हैं। विकासशील भारत को विकसित भारत बनाने के लिए अगले 25 वर्षों के लिए एक व्यापक योजना तैयार की गई है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 3 ट्रिलियन डॉलर है। इसे 5 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए और फिर इसे 10 ट्रिलियन डॉलर तक कैसे बढ़ाया जाए, जिससे वर्तमान में प्रत्येक भारतीय की प्रति व्यक्ति आय 1800 डॉलर तक बढ़ जाए। यह पता लगाने के प्रयास चल रहे हैं कि एक हजार डॉलर कैसे प्राप्त करें। जिस तरह राष्ट्रीय स्तर पर विकसित भारत का लक्ष्य रखा गया है, उसी तरह महाराष्ट्र ने भी %विकसित महाराष्ट्र% बनने का संकल्प लिया है। इसके मुताबिक जब भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा तो महाराष्ट्र की अर्थव्यवस्था 1 ट्रिलियन डॉलर की हो जाएगी। %विकसित महाराष्ट्र% का लक्ष्य तीन महत्वपूर्ण बातों पर केंद्रित है- पहला संसाधनों का विकास, दूसरा है प्रत्यक्ष विदेशी निवेश लाना और तीसरा राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के माध्यम से कौशल आधारित नई पीढ़ी तैयार करना। इन तीन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए %विकसित महाराष्ट्र% ने एक अलग योजना तैयार की है और इस वर्ष मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की दावोस यात्रा इसी दिशा में एक कदम है। देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व में, लगभग 5 लाख करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए हैं । इन निवेशों से रक्षा, हरित ऊर्जा, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं, सीमेंट, इस्पात और विभिन्न धातु उद्योगों जैसे विभिन्न क्षेत्रों में राज्य के विकास में तेजी आएगी। %विकसित महाराष्ट्र% के लिए, हमें बहुत अधिक विदेशी निवेश की आवश्यकता होगी क्योंकि रेलवे के विकास, सड़कों के निर्माण, बंदरगाहों के विकास, बड़े पैमाने के हवाई अड्डों के निर्माण जैसे संसाधनों के विकास के लिए पूंजी की आवश्यकता होगी। दूसरे,ब्रांड इंडिया की तरह %ब्रांड महाराष्ट्र% भी महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी विदेश यात्राओं के दौरान भारत में हो रहे बदलावों के बारे में जानकारी देते हुए वहां के निवेशकों और उद्यमियों से भारत में निवेश करने और उद्योग लगाने की अपील की।

इसी तरह महाराष्ट्र में प्रचंड बहुमत वाली सरकार, सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि के रूप में देवेंद्र फडणवीस ने दावोस के मंच से महाराष्ट्र में सामाजिक स्थिरता, बुनियादी ढांचा आदि में भाग लिया। इन उद्योगों के लिए संचार के साधन अच्छी तरह से उपलब्ध हैं, इसलिए वे कह रहे हैं कि महाराष्ट्र बहुराष्ट्रीय कंपनियों और विदेशी निवेशकों के लिए एक अच्छा निवेश गंतव्य है। इसके माध्यम से %ब्रांड महाराष्ट्र% को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहा है। मुख्यमंत्री फडणवीस उसी तरह का काम कर रहे हैं जैसे प्रधानमंत्री मोदी ने %ब्रांड इंडिया% का अंतर्राष्ट्रीयकरण किया था।यह मुख्य रूप से कुछ विशिष्ट उद्योगों पर केंद्रित है और ऑटोमोबाइल उद्योग प्रमुख क्षेत्रों में से एक है। यूरोपीय देशों के पास उपलब्ध ऑटोमोबाइल उद्योग की नवीनतम तकनीक को महाराष्ट्र में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी तरह, दुनिया भर के उद्यमियों को सेमीकंडक्टर सेक्टर में महाराष्ट्र में निवेश करने और यहां परियोजनाएं स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जा रहा है। भारत ने 2029 तक सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने का लक्ष्य रखा है। भारत ने न केवल आत्मनिर्भर बनने का संकल्प लिया है, बल्कि अर्धचालकों का निर्यातक भी बनने का संकल्प लिया है। ताइवान, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका में सेमीकंडक्टर क्षेत्र में काम करने वाली कंपनियों को महाराष्ट्र लाने के प्रयास किए जा रहे हैं । रसायन जैसे क्षेत्रों में भी विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए योजनाबद्ध कदम उठाए जा रहे हैं। विकसित महाराष्ट्र और विकसित भारत एक दूसरे के पूरक हैं।अतीत में, दावोस जैसे वैश्विक सम्मेलनों में केवल केंद्र सरकार और उसके प्रतिनिधि शामिल होते थे। राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को नहीं भेजा जाता था, लेकिन मोदी सरकार ने इस प्रवृत्ति को बदल दिया। पिछले 10 वर्षों में, विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए राज्यों और राज्यों के बीच प्रतिस्पर्धा रही है। यह देवेंद्र फडणवीस की दावोस की चौथी यात्रा है। इन सम्मेलनों में उद्योगों की स्थापना के लिए समझौता ज्ञापन तैयार किए जाते हैं और फिर अनुमोदन प्रक्रिया पूरी होने के बाद, वास्तविक उद्योग स्थापित किया जाता है। इन सम्मेलनों की उपस्थिति महाराष्ट्र के आर्थिक विकास के लिए, व्यापार की वृद्धि के लिए, औद्योगिक विकास के लिए, संसाधनों के विकास के लिए और सबसे महत्वपूर्ण इन सभी के माध्यम से बड़े पैमाने पर राज्य में नौकरियों के सृजन के लिए महत्वपूर्ण है।अनुमान है कि अगर सभी वादे किए गए प्रोजेक्ट ठीक रहे तो इस साल 16 लाख नई नौकरियां पैदा होंगी, जो बेरोजगारी की चुनौती को देखते हुए भले ही बड़ी संख्या न लगे, लेकिन वास्तविक रोजगार का तीन गुना सृजन हो। लाभ महत्वपूर्ण हैं। इस बार गढ़चिरौली जिले में रिकॉर्ड निवेश आएगा। यह एक आशाजनक बात है। यह सभी के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है। जैसा कि उद्योग मंत्री उदय सामंत ने कहा, अगर निवेश %चांदी से चांदी तक% आता है, तो क्षेत्रीय असंतुलन थोड़ा कम हो जाएगा. अगर महाराष्ट्र इस निवेश को लाभदायक बनाना चाहता है, तो उसे सड़कों, रेलवे, पानी की सुविधाओं और कानून व्यवस्था पर पूरा ध्यान देना होगा।

ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति को औद्योगिक ठेकेदारों और स्थानीय राजनीति के जाल को हल करना होगा। वर्तमान में, जब भी घरेलू या विदेशी उद्योग महाराष्ट्र में आते हैं, तो उन्हें कई प्रकार की संगठित दादागिरी और गुंडागर्दी का सामना करना पड़ता है। यह होगा। तभी दुनिया के उद्योग महाराष्ट्र में आत्मविश्वास महसूस करेंगे और दावोस में इस रिकॉर्ड सफलता के वास्तविक अर्थ होंगे साथ ही इसके माध्यम से महाराष्ट्र को एक मॉडल विकसित करना होगा क्योंकि महाराष्ट्र कई वर्षों से राष्ट्रपति या मार्गदर्शक राज्य रहा है। इसलिए, विदेशी निवेश, महाराष्ट्र में विदेशी उद्योगों को आकर्षित कर राज्य का विकास कैसे किया जाता है, इसका मॉडल अन्य राज्यों के लिए भी मार्गदर्शक होगा।**वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, समीक्षक एवं टिप्पणीकार**

## सरोकार

# समानता का सेतु- यूसीसी (समान नागरिक संहिता) का नवयुग

**प्रो. आरके जैन अरिजीत**

भारत के संदर्भ में समान नागरिक संहिता (ष्ट) का क्रियान्वयन एक युगांतरकारी और दूरदर्शी पहल है। उत्तराखंड इस दिशा में अग्रणी राज्य बन चुका है, जहां 27 जनवरी 2025 से यह संहिता औपचारिक रूप से लागू हो गई है। यह संहिता विवाह, तलाक, गोद लेना और संपत्ति बंटवारे जैसे व्यक्तिगत मामलों में समान कानून सुनिश्चित करती है। विशेष रूप से विवाह और सहजीवन (लिव-इन रिलेशनशिप) का पंजीकरण अनिवार्य करना इस पहल की एक अहम विशेषता है। यह न केवल समाज की संरचना को सुदृढ़ बनाएगा बल्कि नागरिकों के कानूनी अधिकारों और दायित्वों को स्पष्टता प्रदान कर सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देगा। इस कदम के जरिए उत्तराखंड सामाजिक सुधारों के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में उभरने की दिशा में अग्रसर है।भारतीय समाज में विवाह को एक पवित्र अनुष्ठान और सामाजिक ताना-बाना माना जाता है, जो केवल दो व्यक्तियों का नहीं बल्कि दो परिवारों और उनकी परंपराओं का संगम है। समय के बदलते प्रवाह में सहजीवन जैसे आधुनिक संबंध उभरकर सामने आए हैं, जो तेजी से जीवनशैली का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इन संबंधों में पंजीकरण की अनिवार्यता पारदर्शिता और जिम्मेदारी सुनिश्चित करती है। पंजीकृत संबंधों में कानूनी दायित्व पहले से स्पष्ट होते हैं, जिससे विवाद की संभावनाएं न्यूनतम हो जाती हैं। उदाहरणस्वरूप, पंजीकृत सहजीवन संबंध में जन्मे बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित होती है और भविष्य में संपत्ति विवादों का खतरा कम हो जाता है।महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के संदर्भ में यह कदम क्रांतिकारी है। विवाह और सहजीवन का पंजीकरण सुनिश्चित करता है कि महिलाओं को कानूनी और आर्थिक सुरक्षा प्राप्त हो। तलाक या सहजीवन के समाप्त होने की स्थिति में पंजीकरण के जरिए महिलाओं के लिए मुआवजा, भरण-पोषण और संपत्ति में अधिकार की संभावना अधिक मजबूत हो जाती है। यह विशेष रूप से उन महिलाओं के लिए वरदान सिद्ध हो सकता है जो पारंपरिक सामाजिक ढांचे में अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करती रही हैं। पंजीकरण की यह प्रक्रिया महिलाओं के अधिकारों की सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित हो सकती है, क्योंकि यह उन्हें समाज में सशक्त और सम्मानित बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है।बच्चों के कानूनी अधिकारों की सुरक्षा में भी पंजीकरण अत्यधिक महत्वपूर्ण है। बिना पंजीकरण वाले संबंधों में बच्चों के शिक्षा, संपत्ति और भरण-पोषण के अधिकार अक्सर अनदेखे रह जाते हैं। यदि संबंध पंजीकृत हों, तो बच्चों को माता-पिता की कानूनी पहचान और उनके अधिकार सुनिश्चित किए जा सकते हैं। उदाहरण के लिए, पंजीकृत संबंध में जन्म लेने वाले बच्चे के लिए शिक्षा और संपत्ति का कानूनी दावा सरल और सुनिश्चित हो जाता है। यह न केवल बच्चों की सुरक्षा करता है बल्कि उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करता है।न्यायिक प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाने में पंजीकरण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। तलाक के मामलों में संपत्ति का बंटवारा, बच्चों की कस्टडी और भरण-पोषण जैसे विवादास्पद मुद्दे अक्सर समय-खपत और जटिल हो जाते हैं। पंजीकरण के माध्यम से इन पहलुओं को पहले ही स्पष्ट किया जा सकता है, जिससे न्यायालय त्वरित और सटीक निर्णय लेने में सक्षम बनता है। यह न केवल न्यायिक प्रक्रिया को सुगम बनाता है बल्कि विवादों को भी न्यूनतम करता है। न्यायालयों पर मामले का बोझ कम होने के साथ-साथ नागरिकों को न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया अधिक सरल और पारदर्शी हो जाती है।हालांकि, इस कानून के कार्यान्वयन में अनेक चुनौतियाँ उभरकर सामने आ सकती हैं। सबसे बड़ी चुनौती सामाजिक और सांस्कृतिक बाधाओं की है। भारत जैसे विविधता से भरे देश में, जहां विवाह को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टिकोण से पवित्र माना जाता है, वहां पंजीकरण की अनिवार्यता को सहज स्वीकार करना आसान नहीं होगा। उदाहरणस्वरूप, कुछ समुदायों में विवाह की धार्मिक रस्मों को ही अंतिम मान्यता दी जाती है, और कानूनी पंजीकरण को अनावश्यक समझा जाता है। इस मानसिकता को बदलने के लिए व्यापक और संवेदनशील जागरूकता अभियानों की आवश्यकता है। धार्मिक नेताओं और सामुदायिक संगठनों के साथ संवाद स्थापित कर इस कानून की स्वीकृति को आसान बनाया जा सकता है।

शिक्षा और जागरूकता की कमी भी एक गंभीर चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों में कानूनी प्रक्रियाओं के प्रति जानकारी सीमित होती है। सरकारी कार्यालयों में कागजी कार्रवाई और लालफीताशाही पहले ही लोगों के लिए कठिनाई का कारण बनी हुई है। यदि पंजीकरण की प्रक्रिया को सरल, डिजिटल और जनोन्मुखी नहीं बनाया गया, तो इस कानून को व्यावहारिक रूप से सफल बनाना चुनौतीपूर्ण होगा। व्यापक सूचना तंत्र, मोबाइल सेवाओं और नागरिक सुविधा केंद्रों की स्थापना से इस समस्या का समाधान संभव है। नागरिकों को डिजिटल शिक्षा प्रदान करने के प्रयास भी पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने में सहायक हो सकते हैं।धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों का विरोध इस कानून के कार्यान्वयन में एक बड़ी चुनौती बन सकता है। इसे दूर करने के लिए सरकार को सभी समुदायों के साथ संवाद स्थापित करना आवश्यक होगा। यह सुनिश्चित करना भी जरूरी है कि कानून किसी भी धार्मिक भावना को आहत न करे। उदाहरणस्वरूप, विवाह पंजीकरण की प्रक्रिया को धार्मिक अनुष्ठानों के साथ जोड़ा जा सकता है, ताकि लोग इसे सहजता और सम्मान के साथ स्वीकार कर सकें। धार्मिक समुदायों के विचारों को सम्मिलित कर इस कानून को समाज के सभी वर्गों के लिए अनुकूल बनाया जा सकता है।समाधान के रूप में सरकार को पंजीकरण प्रक्रिया को सरल, सुगम और डिजिटल बनाना होगा। एकल खिड़की प्रणाली के माध्यम से नागरिकों को विवाह और सहजीवन का पंजीकरण करने की सुविधा मिलनी चाहिए। इसके साथ ही ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाए जाने चाहिए, ताकि लोग पंजीकरण के कानूनी और सामाजिक महत्व को समझ सकें। विशेष सूचना तंत्र का विकास, मोबाइल ऐप्स और ऑनलाइन पोर्टल की सहायता से लोगों को इस प्रक्रिया से जोड़ा जा सकता है। यह नागरिकों को आधुनिक और सरल सेवाओं से जोड़ने का एक प्रभावी उपाय होगा।न्यायिक प्रक्रियाओं को तेज, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाना भी इस कदम की सफलता के लिए अनिवार्य है।

## लोकमित्र का रंग कवियों के संग

### मकाम

किस मकाम पर हूँ मैं,
इस मन को पता ही नहीं,
ख्यालों की इस भीड़ में,
खोकर सब कुछ तड़प रहा हूँ मैं,
इस दिल को पता ही नहीं,
सोचता हूँ मैं अक्सर यूँही,
भटक रहा हूँ क्यूँ यूँही,
साथ अब तेरा नहीं,
हाथ में तेरे नाम की लकीर ही नहीं,
किस मकाम पर हूँ मैं,
इस मन को पता ही नहीं,
समझ गया हूँ थोडा सा मैं,
इस दुनिया को मेरी हसरतों की खबर तक नहीं,
टूटा हुँ इतना कि मैं,
अब तक जुड़ा ही नहीं,
दिल मेरा आईना है, पत्थर तो नहीं,
आँखों से निकला अश्क हूँ मैं,
पानी तो नहीं,
किस मकाम पर हूँ मैं,
इस मन को पता ही नहीं,
खुली किताब था कभी,
उस पर लिखा हर हरफ़ सच था कभी,
किताब पर लिखे हरफ़ सबसे छुपा रहा हूँ मैं,
अपने कदमों के निशा,
खुद ही अपने हाथों से मिटा रहा हूँ मैं,
किस मकाम पर हूँ मैं,
इस मन को समझा रहा हूँ मैं।।



**रंजीता जोशी तुलसी**
**जयपुर, राजस्थान**

### द्वंद्व में उलझा है इंसान

मन का बंधन स्त्रोत हृदय का,
भूल जाता मनुष्य नादान।
करने लगता मन में लड़ाई,
द्वंद में उलझा है इंसान।।
मन से ही मुक्ति मिलती ,
और मन के ही सारे बंधन हैं।
जब मन पर न हो विश्वास,
तब बढ़ती जाती उलझन है।।
हृदय है खूबसूरत स्त्रोत,
स्नेह उत्पन्न से हृदय महान।
मस्तिष्क हृदय की लड़ाई,
द्वंद में उलझा है इंसान।।
मन हृदय की बात सुनता,
तब गाने लगता प्रेम राग।
हृदय से उत्पन्न होते बंधन,
सारे बंधन हैं हृदय के भाग।।
जीवन जीना एक समर है,
हृदय देता इसका ज्ञान।
मन में हैं अनेक भावनाएँ,
द्वंद में उलझा है इंसान।।



**मनोरमा शर्मा मनु**
**हैदराबाद, तेलंगाना**

### कटी पतंगों की तरह

गजब का है जीवन विधवाओं का दर्द से भारी।
रो रोकर विधवाएं सोचती हैं, भली थी कुँवारी।।
यदि सुहागन नहीं बनती तो विधवा न कहाती।
जगत रंगीन है पर विधवाओं को नहीं सुहाती।।
दुखिया जीवन, विरह की आग में नहीं जलती।
अपनी व्यथा विधवाएं, किसी को नहीं कहती।।
ईश्वर दे दिए हैं गजब का श्राप,विधवा नारी को।
जो पिहर में होगी,अम्मा बाबा की दुलारी को।।
जिन्दा तो रहती है नारी,पिया बिन देह लेकर।
काटती है दिन,दिल में विशाल पत्थर रखकर।।
विधवाएं जल भी तो नहीं सकती,पति के संग।
बच्चे बान्धे पैर में बेड़ी,खोती है अपनी उमंग।।
हे सखी समय का तो काम है,बढ़ते हीं जाएगा।
विधवा का मृत पति को,कोई भी नहीं लाएगा।।
पति का प्राण टूटते ही, विधवा कहाई बेचारी
कटी पतंगों की तरह, धरा में गिरती है नारी।।



**श्रीमती देवन्ती देवी चंद्रवंशी**
**धनबाद झारखंड**

## राशिफल

| | |
|---|---|
| मेष | आज आपका दिन एक सुनहरा पल लेकर आएगा। आपके व्यापार में इजाफा होगा, जिससे उत्साह बढ़ेगा। किसी मित्र से सहयोग मिलने से बेकरी का बिजनेस करने वालों की बिक्री में बढ़ोतरी होगी, जिससे अधिक लाभ मिलेगा। आज आप शुभ काम की शुरुआत करेंगे। छात्रों को अच्छे रिजल्ट के लिए अपनी मेहनत को जारी रखने की जरूरत है। |
| वृष | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज पूरा दिन खुद को तरोताजा महसूस करेंगे। आपके आस-पास सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। लोग आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। सामाजिक कार्यों की अपेक्षा अपनी व्यक्तिगत कार्य पर अधिक ध्यान दें क्योंकि आज लिया गया निर्णय निकट भविष्य में आपके लिए लाभदायक साबित होने वाला है। |
| मिथुन | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज आपको घर के बड़ों से कुछ प्रेरणा मिलोगी। आज आप जो भी काम करेंगे, वो सफल होगा। आज आपका स्वास्थ्य पहले से उत्तम रहेगा। अनुभवी व्यक्ति आज आपके बिजनेस को बढ़ाने के लिए सुझाव देगा। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढेगी। बडे-बुजुर्ग आपके व्यवहार से प्रसन्न रहेंगे, लोग आपकी वाह-वाही करेंगें। |
| कर्क | आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप नये वाहन की खरीदारी करेंगे। किसी नयी जगह पर आज घूमने जाएंगे जिससे नये जीवन का एक नया पाठ सीखेंगे। किसी जरूरतमंद की आज आप मदद करेंगे, जिससे आपको आशीर्वाद मिलेगा। घरवालों के साथ पार्टी का विचार बनायेंगे, जिससे खुशी बढ़ेगी। किसी नए काम का नया अनुभव मिलेगा। |
| सिंह | आज आपका दिन उल्लास से भरा रहने वाला है। आज छात्रों को अपने करियर से संबंधित खुशखबरी मिलने की संभावना है। आज रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ नयापन आ सकता है। इस राशि के बच्चों को उनके शिक्षकों से तारीफ मिलेगी। रिश्तों की गरिमा बनाकर रखने से परिवार में सुख शांति बनी रहेगी। |
| कन्या | आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने सगे संबंधियों की मदद मिलेगी। आज उपहारों का आदान- प्रदान करना रिश्ते में मधुरता लाएगा। मानसिक सुकून और शांति की चाह में एकांत स्थल पर कुछ समय अवश्य बिताएं। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। |
| तुला | आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। यात्रा पर भी जाने के योग बन रहे हैं, यात्रा आपके लिए सुखद रहेगी। घर की सुख-सुविधाओं संबंधी जरूरतें पूरी करने में आपका विशेष प्रयास रहेगा। आज आप भविष्य को लेकर किसी अनुभवी से विचार विमर्श करेंगे। आज ऑफिस में ज्यादा कार्यभार रहेगा। |
| वश्चिक | आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज आपके व्यापार की गति अच्छी बनी रहेगी। नवविवाहित दंपत्ति के बीच आज मीठी नोक-झोंक होगी, इससे रिश्तों में और मिठास आयेगा। आज पैसों के लेन-देन में सावधानी बरतें। नौकरी कर रहे लोगों को आज अपना काम पूरा करने के लिए थोड़ा अधिक मेहनत करने की जरूरत है। |
| धनु | आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपकी काम के प्रति लगन और निष्ठा बढ़ेगी जिससे आपको अपने काम में सफलता मिलेगी। आज पारिवारिक जीवन में सुख शांति बढ़ेगी और मन प्रसन्न रहेगा। रुकी हुई योजनाएं फिर से चालू हो जायेंगी। कंपनी में अच्छा काम करने से बॉस द्वारा अच्छी रेटिंग मिल सकती है। आज व्यापार में आपको ज्यादा लाभ मिलेगा। |
| मकर | आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आप रुके कार्यों को आज पूरा करने में व्यस्त रहेंगे, आज किसी अनजान व्यक्ति से आपको मिलकर अच्छा लगेगा। आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी बनी रहेगी। बेवजह की उलझन दूर होगी और पेट संबंधी समस्या से छुटकारा मिलेगा। आपका दांपत्य जीवन खुशनुमा रहेगा, आप किसी धार्मिक स्थान पर घूमने का मन बनायेंगे। |
| कुम्भ | आज का दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज किसी मामले में अपनी समझ से काम करना होगा, तभी काम का परिणाम अच्छा मिलेगा। आज बड़ों का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज घर में शुभ समाचार मिलने की संभावना होगी, दांपत्य जीवन का सुख मिलेगा। |
| मीन | आज का दिन आपके लिए नयी खुशियां लायेगा। आँखों की समस्या को आज किसी अच्छे डॉक्टर को दिखाएंगे, जिससे आपको कुछ अच्छा फील होगा। पूरी मेहनत से काम को करेंगे जिससे उसका परिणाम आपके पक्ष में आएगा। विद्यार्थियों का दिन आज व्यस्त रहेगा। आज आपको अधिक क्रोध से बचना होगा, नहीं तो आपको ही परेशानी होगी। |

# सवैया ने जीता एस एस क्रिकेट क्लब का फाइनल मुकाबला, प्रतापगढ़ उपविजेता




**लोकमित्र ब्यूरो**

**दुर्गागंज प्रतापगढ़।** रानीगंज के गाजी स्थित ग्राउंड पर 11जनवरी से चल रहे एस एस क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच सोमवार को हुआ। फाइनल मैच प्रतापगढ़ और सवैया के बीच खेला गया। प्रतापगढ़ की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। निर्धारित ओवर से प्रतापगढ़ की टीम ने 115 रनों का लक्ष्य दिया।

लक्ष्य का पीछा करने मैदान में उतरी सवैया की टीम ने 117 रन बनाकर फाइनल मैच जीत लिया। मुख्य अतिथि के रूप में केमटेक्स पेट्रोकेमिकल्स के एम डी बहार उद्दीन जमा ने कमेटी की ओर से विजेता टीम के सद्दाम को 41हजार रुपये नकद, कप और उपविजेता टीम के सबरोज खान को 31 हजार रुपये का पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

वही एम डी बहारउद्दीन ने आए खिलाड़ियों व दर्शकों से मुलाकात करके टीम को जीत की बधाई दी। इस मौके पर एम डी बहारउद्दीन ने खिलाड़ियों को टी-शर्ट,जैकेट, लोवर सहित कमेटी को 11हजार रुपए का सहयोग राशि भी दिया। इस मौके पर कंपनी के यूपी हेड संजय पाल,मिनाज,राकेश कुमार पूर्व प्रमुख, डॉ बी एल यादव,नौशाद अली,वसीम, अब्दुल कलाम,मो निसार,तुफैल,सुहैल,अजहर, दीपू सिंह,आशीष कुमार,महेंद्र पटेल सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# मेस में गंदगी देख बिफरे एएसपी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी संजय राय, लालगंज सीओ रामसूरत सोनकर के साथ मंगलवार को दोपहर बाद संग्रामगढ़ थाना पहुंचे। साथ ही एसओ सत्येन्द्र भदौरिया से विभिन्न मामलों की जानकारी ली। अपराधियों पर शिकंजा कसने को कहा। एएसपी संजय राय ने कार्यालय का निरीक्षण किया। आरक्षियों के लिए भोजन बनाने वाले मेस में पहुंचे तो बनी हुई दाल रखने और रोटी के डिब्बे को गंदा देख बिफर गए। उन्होंने एसओ को तत्काल उसे हटवाकर नया लगवाने का निर्देश दिया। इसके अलावा लंबित विवेचनाओं का जल्द निस्तारित करने को कहा। इस मौके पर दरोगा विनय कुमार वर्मा, सूबेदार राय, जय कुसुम यादव, राजित राम गुप्ता, सुनील कुमार, केवल साहू, मुन्नू सिंह, विजय कुमार, हर्षित यादव, जितेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# मौनी अमावस्या स्नान पर ट्रेनों में उमड़ी भीड़

## भीड़ नियंत्रित करने में जीआरपी और आरपीएफ के छूटे पसीने




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** 29 जनवरी को मुख्य स्नान महापर्व मौनी अमावस्या पर गंगा स्नान करने जा रहे स्नानार्थियों की भीड़ स्टेशन पर उमड़ पड़ी। इसको नियंत्रित करने में रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मेला स्पेशल ट्रेनों में काफी भीड़ रही। प्लेटफॉर्म खचाखच भरा रहा। संगम में डुबकी लगाकर पुण्य कमाने की लालसा लिए हुए स्नानार्थियों का रैला मंगलवार की सुबह से ही स्टेशन पर उमड़ा रहा प्रयाग की तरफ जाने वाली सभी ट्रेनों में स्नानार्थियों की भीड़ देखी गई। लोग जय गंगा मैया,जय श्री राम के नारे लगाते रहे। कहीं कोई दुर्घटना न होने पाए इसके लिए रेलवे सुरक्षा बल, राजकीय रेलवे पुलिस और सिविल पुलिस के जवान मुस्तैदी से प्लेटफार्म पर डटे रहे। आने वाली मेला स्पेशल में स्नानार्थियों को बैठने के लिए पुलिस कर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। सुबह से शुरू हुआ भीड़ का रैला रेल देर रात तक चलता रहा।

# गणतंत्र दिवस पर किया पौधारोपण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुवंशा (प्रतापगढ़)।** विकासखंड गौरा अंतर्गत गणतंत्र दिवस पर बैंक ऑफ़ बड़ौदा शाखा रामापुर में शाखा प्रबंधक नीलेश कुमार दुबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाया और जय हिंद, जय भारत का नारा लगाया। शाखा प्रबंधक ने कहा कि देश अपना 76वा गणतंत्र दिवस मना रहा है। आज ही के दिन 26 जनवरी 1950 को भारत का संविधान आधिकारिक तौर पर लागू हुआ था। इसी समय से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाने लगा।इसके बाद आम का पौधा लगाकर पौधा रोपण किया। गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्वाइंट मैनेजर दिलीप कुमार, क्रेडिट ऑफिसर आकाश गुप्ता, महेंद्र दुबे, प्रधान शान मोहम्मद, नागराज शर्मा, विजय उपाध्याय, शिव तिवारी, बबलू गुप्ता, शाहिद आदि लोग मौजूद रहे।

# मारपीट की घटनाओं में दम्पति समेत आठ घायल

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली क्षेत्र के रैयापुर गांव में जमीन के विवाद में हुई मारपीट में रामेश्वर का 28 वर्षीय बेटा राजेश कुमार, रामराज यादव की 17 वर्षीय बेटी सरिता देवी घायल हो गई। पूरे शाह करम अली गांव में हुई मारपीट में मुजरत हुसैन का 30 वर्षीय बेटा मो. तुफैल और उसकी 20 वर्षीय पत्नी महबीज बानो घायल हो गई। रददू का पुरवा बरई गांव निवासी राम बहादुर पटेल के 16 वर्षीय बेटे अंश पटेल को गांव के ही कुछ लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया। हथिगवां थाना क्षेत्र के सरैयां प्रवेशपुर गांव निवासी उमाशंकर पांडेय के 16 वर्षीय बेटे हरीओम पांडेय, गौरीशंकर पांडेय की 43 वर्षीय पत्नी कंचन देवी और उसके 16 वर्षीय आयुष पांडेय को गांव के ही लोगों ने मारपीट करके घायल कर दिया।

# डाल गिरने से दवा लेने जा रही वृद्धा की मौत बेटा जख्मी, हालत गंभीर



**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी प्रतापगढ़।** बेटे के साथ बाइक से अस्पताल जा रही वृद्ध महिला के ऊपर डाल गिर गई। इससे उसकी मौत हो गई तथा बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी लालू गौतम की पत्नी केवला देवी 60 अपने बेटे शैलेश 25 के साथ बाइक से पट्टी दवा लेने जा रही थी। जैसे ही वह गडौरी गांव के समीप पहुंची, सड़क किनारे एक युवक डाल काट रहा था। अचानक उसके ऊपर डाल गिर गई, जिसमें मां व बेटा दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए।

आनन-फानन में राहगीरों ने उन्हें सीएचसी पट्टी भेजा, जहां डॉक्टरों ने केवला देवी को मृत घोषित कर दिया। जबकि बेटे का इलाज चल रहा है। सूचना पर पहुंची पट्टी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता का निधन, शोक



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** कालाकांकर राजभवन और पूर्व सासद राजकुमारी रत्ना सिंह के परिवार के सदस्य और हनुमत इंटर कॉलेज के पूर्व प्रवक्ता 82 वर्षीय विजय प्रताप सिंह का मंगलवार को निधन हो गया। विजय प्रताप सिंह के निधन की जानकारी होते ही राजभवन में शोक फैल गया। पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह ने उनके आवास पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस मौके पर गिरीश सिंह, अनूप सिंह, संतोष सिंह, मनीष सिंह, उदय सिंह आदि पूरा परिवार शोक संतृप्त रहा।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों ने लूटी वाह वाही



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** गणतंत्र दिवस के मौके पर जरूरतमंद छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में जमकर धमाल मचाया। उनका नृत्य देख रहे लोगों ने वाह वाह किया। बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के तत्वाधान में भंगवा गांव में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में टीचर दामिनी ने झंडा फहराया। टीचर शनि सरोज ने बच्चों को गणतंत्र दिवस के बारे में बताया। इस मौके पर साहिल, हिमांशु, निखिल, नितेश, रागिनी, साहिबा, नैंसी ने सक्रिय योगदान दिया।

# सड़क हादसों में पांच लोग घायल, युवक गंभीर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा प्रतापगढ़।** हथिगवां थाना क्षेत्र के बलीपुर गांव निवासी प्रमुदी सरोज का 30 वर्षीय बेटा प्रमोद कुमार सरोज पड़ोसी 28 वर्षीय किरन सरोज के साथ बाइक से जा रहा था। जैसे ही वह हाइवे पर पहुंचा, वाहन की टक्कर से घायल हो गया। महेशगंज थाना क्षेत्र के हीरागंज निवासी 30 वर्षीय बृजेश कुमार तिवारी बाइक से जाते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से घायल हो गया।

मानिकपुर नगर निवासी मनबीर सिंह की 30 वर्षीय पत्नी रितेष कुमारी वाहन की टक्कर से घायल हो गई। नगर पंचायत कुंडा के पुरानी बाजार मोहल्ला निवासी 25 वर्षीय मो. शमीम अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर घायल हो गया। आसपास के लोगों ने सभी घायलों को सीएचसी भेजा। प्राथमिक उपचार के बाद भी मो.शमीम की हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने स्वरुप रानी अस्पताल प्रयागराज रेफर कर दिया।

## युवक को पीटने पर पांच नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली के रहू का पुरवा बरई गांव निवासी वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी। उसका नाती अनुज कुमार ननिहाल में रहता है। 19 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे अनुज किसी काम से बाहर जा रहा था, तभी बाग में गांव के ही कुछ लोगों ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित वंशीलाल की तहरीर पर पुलिस ने राजू, शिव बालक, भीम, प्रवीण, राजकुमार के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# किशोरी को भगाने में युवक और परिजनों के खिलाफ केस दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** संग्रामगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को तहरीर दी। उसकी 14 वर्षीय नाबालिग बेटी को 23 जनवरी को गांव का ही युवक भगा ले गया। उसके परिजनों से शिकायत करने पर आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। काफी खोजबीन के बाद भी बेटी का सुराग नहीं लगा। किशोरी के मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक और उसके परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

## युवक को पीटने पर पांच नामजद

**कुंडा प्रतापगढ़।** कोतवाली के रहू का पुरवा बरई गांव निवासी वंशीलाल ने पुलिस को तहरीर दी। उसका नाती अनुज कुमार ननिहाल में रहता है। 19 जनवरी की शाम करीब साढ़े सात बजे अनुज किसी काम से बाहर जा रहा था, तभी बाग में गांव के ही कुछ लोगों ने उसे मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी।

## निर्माणाधीन टंकी की सरिया चोरी, रिपोर्ट दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।** बाघराय थाना क्षेत्र के बंधन गोपालपुर गांव में जल जीवन मिशन की पानी टंकी का निर्माण चल रहा है। 25 जनवरी की रात निर्माणाधीन टंकी परिसर में रखी तीन टन सरिया चोरों ने उड़ा दिया। ठेकेदार इंद्रबहादुर सिंह की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज की है।

# हत्या के प्रयास के वांछित 2 अभियुक्त कुल्हाडी समेत गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पट्टी,प्रतापगढ़।** मारपीट व गैर-इरादतन हत्या के प्रयास से संबंधित 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाडी व 01 अदद लाठी बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी पट्टी श्री मनोज कुमार सिंह रघुवंशी के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पट्टी श्री आलोक कुमार सिंह के नेतृत्व में उ0नि0 श्याम सुंदर गिरी मय हमराह का0 सर्वेश कुमार का0 प्रदीप मौर्या द्वारा तलाश देखभाल क्षेत्रध् वांछित, वारण्टी चेकिग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना स्थानीय पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग मु0अ0सं0 25ध2025 धारा 126(2), 352, 110, 115(2) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित 02 अभियुक्तों, 1.पुजारी मिश्र 2.

संतोष मिश्र पुत्रगण स्व0 उदयराज मिश्र निवासी ग्राम कंजा सराय गुलामी थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ को दिनांक 28.01.2025 को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कंजा सराय गुलामी से गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों की निशांदेही पर घटना में प्रयुक्त 01 अदद कुल्हाडी व 01 अदद लाठी बरामद किया गया ।

# पुलिस ने साइबर ठगी के 90 हजार कराये वापस

**प्रतापगढ़।** आनलाइन साइबर ठगी पीड़ित के कुल रुपया 90000- साइबर क्राइम थाना जनपद प्रतापगढ़ द्वारा कराया गया वापस ।

साइबर अपराध के माध्यम से ठगी गई धनराशि वापस दिलाने व साइबर अपराध पर प्रभावी कार्यवाही करने के परिप्रेक्ष्य से चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान् पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ महोदय के कुशल निर्देशन में साइबर क्राइम थाना जनपद प्रतापगढ़ के टीम द्वारा आनलाइन ठगी के शिकार पीड़ित के कुल नब्बे हजार रुपये (90000ध-) रुपये की धनराशि उसके खाते में वापस कराया गया । आवेदक के द्वारा उच्चाधिकारियों व साइबर क्राइम थाना के कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया ।

# भण्डारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** विकासखण्ड लक्ष्मणपुर के सिंधौर दण्डीपुरम में चल रहे शतचण्डी महायज्ञ का समापन हुआ। इसके बाद आयोजित भण्डारे में सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आचार्य पं. पवन मिश्र ने वैदिक मंत्रोचार के बीच हवन अनुष्ठान सम्पन्न कराया। आचार्य पवन मिश्र ने कहा कि शतचण्डी महायज्ञ अनुष्ठान से क्षेत्र में व्याप्त बाधाएं दूर होती हैं और समाज का कल्याण होता है। वहीं भण्डारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य आयोजक उदयराज वर्मा ने आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार दुबे ने किया। इस मौके पर छेदी लाल वर्मा, शिवशंकर तिवारी, ओमप्रकाश गिरि, अंकित तिवारी, आशीष सिंह, राजकुमार विश्वकर्मा, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे।

# अन्तर्जनपदीय गैंगस्टर अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा अंतर्जनपदीय 01 गैंगस्टर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना कोतवाली नगर के अतंर्गत अभियुक्त को महुली नहर पुलिया के पास से किया गया गिरफ्तार। गिरफ्तार अंतर्जनपदीय गैंगस्टर अभियुक्त चोरी, धोखाधड़ी जैसे गम्भीर अपराध में संलिप्त हैं।जनपद में अपराध नियंत्रणध्संगीन धाराओं में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु बीट पुलिसिंग प्रणाली को मजबूत किया जा रहा है।इसी क्रम में थाना कोतवाली नगर के उ0नि0 संदीप तिवारी मय हमराह हे0का0 नासिर कमाल ने आज दिनांक 28.01.2025 को मु0अ0सं0 44ध25 धारा 2ध3 उ0प्र0 गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना कोतवाली नगर में अतंर्जनपदीय 01 वांछित अभियुक्त रज्जन वर्मा पुत्र महावीर वर्मा निवासी सराय जमुआरी थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कोतवाली नगर के महुली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**रानीगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रानीगंज के उ0नि0 रोहित कुमार मय हमराह हे0का0 अमरनाथ यादव, का0 मनोज कुमार का0 पंकज यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, दबिश के दौरान, एसटी न0 435ध04 अ0सं0 16ध92 धारा 427ध379ध506 भादवि से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त मुनेश्वर दुबे पुत्र रामानन्द दुवे निवासी ग्राम खरहर थाना रानीगंज जनपद प्रतापगढ़ को थाना रानीगंज क्षेत्रान्तर्गत गजेहड़ा के आगे पुलिया के पास के पास से गिरफ्तार किया गया।

# बच्चों के विवाद में हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बच्चों के विवाद में हुई मारपीट को लेकर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पूरे आचार्य तेजगढ़ गांव की गुलशनजहाँ पत्नी नासिर अली का आरोप है कि बच्चों के विवाद को लेकर तेईस जनवरी को दोपहर गांव के सोनू पुत्र अनीस, मोनी व अनीस पुत्रगण फकरूददीन ने एकराय होकर गालीगलौज करते हुए उसे मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। बीचबचाव में पहुंची पीड़िता की देवरानी रेहाना बेगम पत्नी जाकिर अली को भी आरोपियो ने मारापीटा। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि जांच के बाद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# हत्या मामले में वांछित अभियुक्त गिरफतार

**देल्हूपुर,प्रतापगढ़।** चाकू मारकर हत्या करने के अभियोग से संबंधित 01 वांछित अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार किया।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ डा0 अनिल कुमार द्वारा अभियुक्त वांछित अपराधी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत व अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रानीगंज श्री विनय प्रभाकर साहनी के नेतृत्व में थाना प्रभारी देल्हूपुर धनन्जय राय मय हमराह का0 अतुल कुमार दूबे, का0 सर्वेश पाण्डेय, कां0 चालक रामेश्वर जाट द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त के दौरान मूखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0 07ध2025 धारा 103(1), 351(3) बीएनएस0 से संबंधित वांछित 01 अभियुक्त शादाब पुत्र मुस्तफा उर्फ मुख्तार खान निवासी ग्राम तिवारीपुर तौकलपुर थाना देल्हूपुर जनपद प्रतापगढ़ को दिनांक 26.01.2025 को थानाक्षेत्र देल्हूपुर के ग्रामविकास इण्टर कालेज के पास से गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि मुझसे गलती हो गई, मैने नासमझी में हाफिज जी को चाकू मार दिया ।

# नगर पालिका में होगे दस करोड़ से विकास कार्य, बोर्ड की बैठक में खींचा खाका




**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में मंगलवार की शाम चार बजे बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में सभासदों ने विकास कार्यों में अनदेखी को लेकर अपनी बात प्रमुखता से उठाया।

नगर में विकास कार्यों का खाका खींचने के लिए मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी की अध्यक्षता में बोर्ड की पांचवी बैठक हुई। वार्ड नंबर 12 के सभासद सूरज यादव ने कहा कि दो टेंडर निकले है उनमें वॉर्ड 12 का कोई कार्य नहीं लिया गया, वॉर्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, नगर पालिका प्राइवेट लिमिटेड फर्म की तरह कार्य कर रही है, वॉर्ड के विकास कार्य पुराने प्रस्ताव को सम्मिलित कर वॉर्ड का विकास करे, हैंडपंप रिबोर नए लगाए जाए, धार्मिक स्थल पर मिट्टी व रास्ता बनवाए, प्रकाश की व्यवस्था की जाएं द्य वार्ड पांच सभासद विक्रम सिंह एडवोकेट ने कहा कि वार्ड नंबर 5 में शादी घर बनवाने, स्वास्थ सुविधा के लिए अस्पताल, नगर पालिका में अग्निशमन की व्यवस्था, पुस्तकालय की व्यवस्था, शव वाहन की संख्या बढ़ाई जाए, वार्डों में बेहतर साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारीयों की संख्या बढ़ाई जाये, वार्ड नम्बर 5 में पानी सप्लाई हेतु 17.5एचपी का नया पंप हाउस की मांग, खेल कूद के लिए ओपन जिन ,नगर पालिका की सरकारी जमीनों कों अधिग्रहित की मांग की, नगर पालिका के सीमा विस्तारित क्षेत्र के पिछड़े और अतिपिछडी बस्तियों कों बिशेष पैकेज देकर विकास कराया जाय द्य वॉर्ड 14 के सभासद शादाब अहमद ने कहा कि मूरतगंज बस स्टॉप जीटी रोड से भरवारी रोड तक नाले का निर्माण,

रसूलपुर काजी में सड़क निर्माण ,आने वाली बरसात मौसम को देखते हुए सभी वार्डो में जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अध्यक्ष कविता पासी ने सभासदों के सभी सवालों का जवाब दिया। ईओ राम सिंह ने कहा कि नियम के मुताबिक ही काम होंगे।

## शव वाहन खरीदने समेत रखें 78 प्रस्ताव

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने करीब दस करोड़ से अधिक के 78 कार्यो का प्रस्ताव रखा। इसी में शव वाहन खरीदने का प्रस्ताव भी शामिल रहा। जिस पर अध्यक्ष और ईओ ने एक सप्ताह में निर्णय लेने के लिए कहा है। अवर अभियंता मनोज सिंह व बुद्धराज पाल, लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्डो के सदस्य गण नौरती देवी,गंगा देवी, सुषमा देवी, विकास बाबू सोनकर, राकेश कुमार,विजय सिंह, सविता देवी,सुरेन्द्र सिंह,हेमा केसरवानी, शंकर लाल,पुष्प देवी, वीरेंद्र कुमार, मंजू देवी, मो0 यासीन, मो0 हुसैन, ज्योति गुप्ता उपस्थित रहे। ईओ रामसिंह ने मेहता रोड भरवारी स्थित निकाय कार्यालय को सामुदायिक भवन व मार्केट बनाए जाने के प्रस्ताव पर सभी के द्वारा सहमति जताई गई।अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि बैठक मिले प्रस्ताव से नगर का विकास कार्य पूरा किया जाएगा, नगर में अग्निशमन केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टेडियम, बारात घर व पुस्तकालय की व्यवस्था के संबंध में नगर विकास विभाग से अतिरिक्त बजट भेजकर विकास कार्य कराने हेतु प्रयास किया जाएगा

# लापता युवती का शव शारदा नहर में मिला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माल सराय निवासी युवती मोहिनी उर्फ़ पूजा 19 वर्षीय का मंगलवार की सुबह ग्राम सेदनपुर के सामने शारदा नहर में शव उतराता मिला। 21 जनवरी को ग्राम माल सराय निवासी सियाराम ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज करवाया था, मेरी बहन मोहिनी उर्फ़ पूजा को गांव के नरेंद्र कुमार रावत बहला फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने लापता युवती के संबंध में गुमसुदगी दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लीलापुर,प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक डॉ0 अनिल कुमार द्वारा अपराधिक क्रिया कलापों में संलिप्त अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात के उ0नि0 राकेश कुमार सिंह मय हमराह कां0 विपिन यादव द्वारा देखभाल क्षेत्रध्तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, मुखबिर की सूचना पर परि0 संख्या-79ध18 धारा 498ए, 323 भादंवि व 3ध4 डीपी एक्ट से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त विनय प्रताप सुत मुन्नालाल निवासी पूर रायजू थाना कोतवाली देहात जनपद प्रतापगढ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# महाकुंभ की तैयारियों की अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## ▶▶ ड्यूटी पर तैनात कर्मी श्रद्धालुओं के साथ शिष्टता का व्यवहार करें-मंडलायुक्त

लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त, पुलिस उपमहानिरीक्षक, जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों के साथ मौनी अमावस्था स्नान को लेकर की गयी तैयारियों की स्थल पर समीक्षा की। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने मीरजापुर-प्रयागराज पाली बार्डर का भी निरीक्षण किया।

मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी ने पुलिस उप महानिरीक्षक आर.पी. सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ मौनी अमावस्था स्नान पर्व विन्ध्याचल में की गई तैयारियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने परिक्रमा पथ, पक्का घाट का का भ्रमण कर तैयारियों की समीक्षा की और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आने वाले श्रद्धालुओं के साथ मधुर व्यवहार से पेश आयें। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व पुलिस सिर्फ ड्यूटी न समझकर सेवा भाव के साथ मां के धाम में आने वाले श्रद्धालुओं



का सहयोग करें जिससे वे सुगमता पूर्वक दर्शन पूजन कर अपने गंतव्य को प्रस्थान करें और उनके बीच एक अच्छा संदेश जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि घाटो पर गलियों की नियमित साफ सफाई कराई जाए तथा पेयजल, चिकित्सा और प्रकाश व्यवस्था निरंतर बनी रहे यह भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि बनाए गए रैन बसेरो में श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु उनमें पेय जल, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाएं पर्याप्त मात्रा में होनी चाहिए ताकि रैन बसेरों में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई दिक्कत न हो। जिलाधिकारी ने विन्ध्याचल में दर्शन पूजन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं से संवाद कर की गई व्यवस्थाओं के बारे पूछा तथा श्रद्धालुओं द्वारा बताया गया कि किसी प्रकार की कोई दिक्कत नही हैं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वि. एवं रा. शिव प्रताप शुक्ल सहित सभी सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। इसके पूर्व जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आपरेशन चक्रव्यूह के अंतर्गत स्थापित थाना जिगना अंतर्गत मीरजापुर-प्रयागराज पाली सीमा पर निरीक्षण कर श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु पुलिस व केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल द्वारा बैरियर/मोर्चाबंदी कर की जा रही सघन वाहनो/यक्तियो/सामानो की चेकिंग के बारे में जानकारी ली तथा सम्बन्धित अधिकारीगण को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। प्रयागराज महाकुम्भ तथा मां विन्ध्यवासिनी देवी का दर्शन पूजन करने आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए प्रशासन एवं पुलिस की ओर से व्यापक स्तर पर बंदोबस्त किया गया है तथा पर्याप्त संख्या में प्रशासन एवं पुलिस अधिकारीगण की ड्यूटियां भी लगायी गई है जिससे दूर दराज से आने वाले श्रद्धालुजन मां विन्ध्यवासिनी देवी के सुगमतापूर्वक दर्शन पूजन कर सकें।

# चोरी के सामान सहित 4 लोग दबोचे गए



लोकमित्र ब्यूरो

**मीरजापुर।** थाना अहरौरा पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से सम्बन्धित बालअपचारी सहित 4 अभियुक्त गिरफ्तार, अभियोग से सम्बन्धित धनराशि रु. 25000.00 नगद व एक मोबाइल बरामद तथा चोरी/लूट की अन्य घटनाओं से सम्बन्धित 4 अन्य मोबाइल भी बरामद किए गए।

थाना अहरौरा पर 26 जनवरी को जाफर पुत्र झम्मन निवासी ओलन्दा थाना कैथोड़ा जनपद भरतपुर,राजस्थान द्वारा अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत टोल प्लाजा के पास ट्रक की केबिन लॉक कर सो रहे वादी के बड़े अब्बा के पुत्र राईस का जेब काटकर नगदी व एक अदद मोबाइल फोन चोरी कर लेने के सम्बन्ध में लिखित शिकायत की गई थी। थाना अहरौरा पर उचित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में उप-निरीक्षक अमरनाथ यादव द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना अहरौरा क्षेत्र से 3 अभियुक्तों जावेद निवासी दुर्गाजी पहाड़ी नई बस्ती थाना अहरौरा, समीर खान पुत्र सज्जाक, विशाल चौहान पुत्र बचाऊ चौहान निवासी बौलिया कटरा को गिरफ्तार किया गया तथा एक नफर बाल अपचारी को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार/पकड़े गए सभी अभियुक्तों के कब्जे से थाने पर पंजीकृत मुकदमें से सम्बन्धित चोरी की धनराशि 25000 रुपए नगद व एक मोबाइल तथा चोरी/लूट की अन्य घटनाओं से सम्बन्धित 4 मोबाइल तथा चोरी की घटना में प्रयुक्त एक चाकू व एक ब्लेड बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तो द्वारा पूछताछ में बताया गया कि इनका एक पांच सदस्यीय गैंग है जो चोरी/लूट की घटना कारित करते है । जिनके द्वारा उपरोक्त चोरी की घटना के बारें में बताया गया कि ये थके हारे ट्रक चालक/परिचालक के आराम करने के दौरान समय देखकर ट्रक की लॉक केबिन के शीशे में लगी रबर को काटकर शीशा निकालते है और अन्दर आराम कर रहे चालक/परिचालक की पॉकेट में ब्लेड मारकर पैसा व मोबाइल चुरा लेते हैं। गिरफ्तार/पकड़े गए अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय/जेल/किशोर न्याय बोर्ड भेजा गया।

# मौनी अमावस्या के दृष्टिगत डीआईजी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – प्रयागराज महाकुंभ व बुधवार को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी ने मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रेलवे स्टेशन के निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से सामान्य ट्रेनों तथा मेला स्पेशल ट्रेनों के आवागमन की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से कहा कि जब ट्रेनों का आवागमन हो, तो उसकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दी जाए। इसके बाद डीआईजी ने रेलवे व पुलिस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

जिसमें उन्होंने ट्रेनों के आवागमन के शेड्यूल की जानकारी ली। उन्होंने जीआरपी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि 28, 29 व 30 जनवरी का ट्रेनों के संचालन का चार्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए पहले से ही प्रबंध हो सके। इसके पूर्व डीआईजी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेले के लिए की गई तैयारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल सहित रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### प्रथम ऐतिहासिक अंतराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन एवं धम्म यात्रा आज



**बारा, (कौशाम्बी)।** तथागत की तपोस्थल कौशाम्बी में लाईट आफ बुद्ध धर्म फाउण्डेशन इंटरनेशनल एवं इन्टरनेशनल त्रिपिटक चौंटिंग काउंसिल एवं इंटरनेशनल काउंसिल ऑफ बौद्ध संघ, कौशांबी के तत्वाधान में घोषित आराम बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध के वचन गूंजेंगे एवं सभी बुद्ध विहारो को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा! इस सांगायन साक्षी कार्यक्रम मे लगभग 25 देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे! इस दौरान श्री लंका बौद्ध विहार में बोधि वृक्ष के सामने स्थापित बौद्ध स्तूप का उद्घाटन समारोह भी सम्पन्न होगा! यह बौद्ध स्तूप भारत के 23 बौद्ध स्थलों में लगाया जाएगा! इसी क्रम में तथागत की भूमि कौशाम्बी में भी यह कार्यक्रम 29 और 30 जनवरी को सम्पन्न होगा और धम्म यात्रा घोषित राम बौद्ध विहार तक सम्पन्न होगा इस दौरान स्थानीय बौद्ध भिक्षु समेत बौद्ध अनुवावाई सम्मिलित होंगे।

# जिला कारागार की पाकशाला का एडीजे ने किया निरीक्षण



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारागार चित्रकूट का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को जागरूक किया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारगार में बैरिक नम्बर 21 का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बन्दियों से वार्ता की। उन्होंने बंदियों से कहा कि आप सभी किसी गलती के कारण यहां निरूद्ध हैं। यहां से निकलने के बाद आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। कहा कि जेल में निरूद्ध रहते हुये शिक्षा पर विशेष ध्यान दे ताकि जेल से रिहा होने के बाद आप नई पहचान के रूप में समाज में एक सम्मान की जिन्दगी जी सके और दूसरे को भी प्रेरणा भी दे सके। बताया कि कोई भी बन्दी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पराविधिक स्वयं सेवक को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यस से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने जिला कारागार अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल जाना। उन्होंने बीमार बंदियों के समुचित उपचार व मानसिक रूप से बीमार बंदियों की विशेष देखभाल के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला कारागार के पाकशाला का भी निरीक्षण किया, जहां मीनू के अनुसार भोजन तैयार होते पाया गया।

इस दौरान सचिव ने बंदियों को बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी है, रिहाई शेष है, से वार्ता कर रिहाई के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया। इस मौके पर अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह सहित जेल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।इसी क्रम में जिला कारागार चित्रकूट में विचाराधीन बन्दियों के हितार्थ विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया।

जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट द्वारा सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित/ए.सी.जे.एम. चित्रकूट को नामित किया गया। जिनके द्वारा जिलाकारागार चित्रकूट में निरूद्ध विचाराधीन एक बंदी द्वारा स्वेच्छा से जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया।

# आर्केस्ट्रा संचालक का हत्यारा निकला पत्नी का प्रेमी

## मेजा पुलिस व एसओ जी टीम ने आरोपी को दबोच कर भेजा जेल



लोकमित्र ब्यूरो

**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के चपौर श्यामनगर (धर्मपुर) गांव में बीते दो दिनों पूर्व आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या कर दी गई थी।हत्यारोपी मृतक की पत्नी से प्रेम करता था। प्रेमी ने प्रेमिका के पति की हत्या कर लाश घर से कुछ दूरी पर खेत में फेक दिया था। एसओजी टीम व पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है।

बता दें धर्मपुर गांव निवासी अशीष बिंद पुत्र पप्पू बिंद की बीते शनिवार को हत्या कर दी गई थी। घर से थोड़ी दूर खेत में लाश मिलने से ग्रामीणों सहित इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक अशीष आर्केस्ट्रा संचालक था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर, मृतक के भाई मनीष की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जाँच मे जुटी रही।

यमुनानगर के एसओजी प्रभारी नवीन कुमार सिंह मय टीम व मेजा थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय व सर्विलास सेल प्रभारी प्रमोद यादव ने टीम के साथ मुखबिर की सटीक सूचना पर मंगलवार को क्षेत्र के ओनौर बिंद चौराहा से आरोपी सूर्य प्रकाश बिंद पुत्र बलराम बिंद को 36 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया गया।

कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुल्म कबूल कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त लाठी डंडे मफलर,जूते आदि बरामद कर लिया गया।पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

### आरोपी ने स्वीकारा जुर्म

आर्केस्ट्रा संचालक आशीष बिंद का हत्या आरोपी सूर्य प्रकाश बिंद पुत्र बलराम बिंद निवासी श्याम नगर चपौर थाना मेजा ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह आशीष बिंद की पत्नी से बेइंतहा प्यार करता था। किसी भी कीमत पर उसको पाना चाहता था।इसलिए आशीष को रास्ते से हटा दिया।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल महिला इकाई की जिलाध्यक्ष बनी सरिता जैन




लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रदीप गुप्ता की सहमति से समाज सेविका सरिता जैन को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर महिला इकाई का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है।

जैन मंदिर में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बुके एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में सरिता जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से कमेटी के विस्तार के लिए कहा। आदर्श व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि मातृशक्ति समाज के विभिन्न क्षेत्र में उद्योग,व्यापार के माध्यम से देश की प्रगति के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है।

### नोटिस नमूना आम

न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय महराजगंज रायबरेली

1. मनोज कुमार सिंह आदि बनाम अखिलेश कुमार सिंह आदि ग्राम मऊ परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली
2. मनोज कुमार सिंह आदि बनाम अखिलेश कुमार सिंह आदि ग्राम ताजुद्दीनपुर परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली।
3. मनोज कुमार सिंह आदि बनाम अखिलेश कुमार सिंह आदि ग्राम ताजुद्दीनपुर परगना सेमरौता तहसील महराजगंज जिला रायबरेली।

प्रतिवादी/विपक्षी बनाम 1. सर्वेश कुमार सिंह पुत्र हरिहर सिंह 2. अशोक कुमार सिंह पुत्र हरिहर सिंह 3. शैलेन्द्र सिंह पुत्र ( दत्तक) जगपति सिंह समस्त निवासीगण ग्राम पूरे हनुमन्त सिंह मजरे ताजुद्दीनपुर परगना सेमरौता तहसील जिला रायबरेली।

चूंकि ऊपर नामांकित मनोज कुमार सिंह ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 116 उ0 प्र0 रा0 सं0 2006 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ किसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 04 माह 02 सन् 2025 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 25.01.2025 माह.... सन.....ई0 जारी की गयी।

न्यायालय
उपजिलाधिकारी
महराजगंज, रायबरेली

(फार्म न0 2 ए)

न्यायालय श्रीमान सिविल जज सदर महोदय प्रतापगढ़
मूलवाद सं0 2097/23
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन श्रीमती बदामा बनाम लालचन्द्र आदि
बनाम

1. लालचन्द्र आयु लगभग 40 वर्ष सुत सन्तलाल 2. सुकुल आयु लगभग 55 वर्ष 3. विनोद आयु लगभग 45 वर्ष सुतगण शंकर 4. गोकुल आयु लगभग 65 वर्ष सुत सूबा 5. संतलाल आयु लगभग 68 वर्ष सुत सुखई 6. राम पियारी आयु लगभग 75 वर्ष पत्नी शंकर निवासीगण ग्राम कोटिया पो0 पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जनपद प्रतापगढ़ 7. मनीराम आयु लगभग 50 वर्ष 8. महन्थराम आयु लगभग 45 वर्ष 9. हीराराम आयु लगभग 42 वर्ष 10. पिन्टू आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण मंगरू निवासीगण ग्राम पीथापुर पोस्ट गौरामाफी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़ 11. आशीष आयु लगभग 45 वर्ष 12. प्रदीप आयु लगभग 42 वर्ष 13. अमन आयु लगभग 40 वर्ष सुतगण वीरेन्द्र 14. सुषमा आयु लगभग 65 वर्ष विधवा वीरेन्द्र निवासीगण ग्राम कोटिया पोस्ट पूरेधनी पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़

तारीख पेशी 20.02.2025

यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 20.02.2025 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।

न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सेराज अंसारी का क्रिया कलाप व चाल चलन ठीक नहीं है इसलिए हम सेराज अंसारी को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अब उसके लेनदेन, अपराधिक कृत्य या किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

अकबर अली पुत्र अजीज
निवासी - ए 2/ 52, ए. डी.ए. कालोनी, नैनी, प्रयागराज।

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र शिवबाबू और पुत्रवधू मंजू देवी के क्रियाकलापों से बहुत तंग आ गया हूं। उन दोनों और उनके बच्चों के अनुचित व्यवहार और कार्यो से आजिज आकर उन्हें अपनी समस्त चल- अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए कार्यों और किसी भी प्रकार के लेन देन का उसके और उसके पारिवारिक जनों से कोई भी सरोकार नहीं रहेगा

झल्लर
पुत्र स्व. मसूरियादीन
ग्राम फरीदपुर सुलेम
थाना चरवा
तहसील चायल
जनपद कौशांबी

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बी0टी0सी0 वर्ष 2014 चतुर्थ समेस्टर का अंक पत्र अनुक्रमांक 12410695 एंव प्रमाण पत्र क्रमांक 1214107582 कहीं खो गया है।

भास्कर चैहान
पुत्र सुरेश चैहान
तीर्थकर महावीर विश्वविद्यालय
मुरादाबाद

# कस्तूरबा गांधी कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**भरवारी, कौशाम्बी।** कस्तूरबा गांधी कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी में 76वें गणतंत्र दिवस पर कॉलेज के प्रबंधक पितांबर लाल केशरवानी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अमर शहीद सेनानियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं समस्त छात्रों,अभिभावकों एवं छात्रों,कर्मचारियों हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं । कॉलेज के छात्राओं द्वारासांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्र गीत,भाषण एवं डांस प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या,समस्त शिक्षक एवं नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/–प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# जिला कारागार की पाकशाला का एडीजे ने किया निरीक्षण

लोकमित्र ब्यूरो



**चित्रकूट** – उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ से प्राप्त कार्ययोजना के अनुक्रम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज राकेश कुमार त्रिपाठी के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारागार चित्रकूट का निरीक्षण किया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को जागरूक किया।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अपर जिला जज नीलू मैनवाल ने जिला कारगार में बैरिक नम्बर 21 का निरीक्षण किया। उन्होंने कारागार में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बन्दियों से वार्ता की। उन्होंने बंदियों से कहा कि आप सभी किसी गलती के कारण यहां निरूद्ध हैं। यहां से निकलने के बाद आप एक अच्छे नागरिक बन सकते हैं। कहा कि जेल में निरूद्ध रहते हुये शिक्षा पर विशेष ध्यान दे ताकि जेल से रिहा होने के बाद आप नई पहचान के रूप में समाज में एक सम्मान की जिन्दगी जी सके और दूसरे को भी प्रेरणा भी दे सके। बताया कि कोई भी बन्दी किसी भी प्रकार की समस्या होने पर पराविधिक स्वयं सेवक को अवगत कराकर अपनी समस्या के समाधान के लिए जेल अधीक्षक के माध्यस से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को अवगत करा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने जिला कारागार अस्पताल में भर्ती बंदियों का हाल-चाल जाना। उन्होंने बीमार बंदियों के समुचित उपचार व मानसिक रूप से बीमार बंदियों की विशेष देखभाल के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जिला कारागार के पाकशाला का भी निरीक्षण किया, जहां मीनू के अनुसार भोजन तैयार होते पाया गया।इस दौरान सचिव ने बंदियों को बताया कि राष्ठीय स्तर पर राष्ठीय विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रदेश स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है, जो जरूरतमन्द लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करता है। इस दौरान उन्होंने जेल में निरुद्ध ऐसे बन्दी जिनकी जमानतें हो गयी है, रिहाई शेष है, से वार्ता कर रिहाई के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही किये जाने पर बल दिया। इस मौके पर अधीक्षक शशांक पाण्डेय, जेलर सन्तोष कुमार वर्मा, रजनीश सिंह सहित जेल सुरक्षा कर्मी मौजूद रहे।इसी क्रम में जिला कारागार चित्रकूट में विचाराधीन बन्दियों के हितार्थ विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चित्रकूट द्वारा सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार दीक्षित/ए.सी.जे.एम. चित्रकूट को नामित किया गया। जिनके द्वारा जिलाकारागार चित्रकूट में निरूद्ध विचाराधीन एक बंदी द्वारा स्वेच्छा से जुर्म स्वीकारोक्ति के आधार पर मामले का निस्तारण किया गया।

## प्रथम ऐतिहासिक अंतराष्ट्रीय त्रिपिटक संगायन एवं धम्म यात्रा आज

**बारा, (कौशाम्बी)।** तथागत की तपोस्थल कौशाम्बी में लाईट आफ बुद्ध धर्म फाउण्डेशन इंटरनेशनल एवं इन्टरनेशनल त्रिपिटक चौटिंग कार्उसिल एवं इंटरनेशनल कार्उसिल ऑफ बौद्ध संघ, कौशांबी के तत्वाधान में घोषित आराम बुद्ध विहार में भगवान बुद्ध के वचन गूंजेंगे एवं सभी बुद्ध विहारो को दुल्हन की तरह सजाया जाएगा! इस सांगायन साक्षी कार्यक्रम मे लगभग 25 देशों के बौद्ध भिक्षु शामिल होंगे! इस दौरान श्री लंका बौद्ध विहार में बोधि वृक्ष के सामने स्थापित बौद्ध स्तूप का उद्घाटन समारोह भी सम्पन्न होगा! यह बौद्ध स्तूप भारत के 23 बौद्ध स्थलों में लगाया जाएगा! इसी क्रम में तथागत की भूमि कौशाम्बी में भी यह कार्यक्रम 29 और 30 जनवरी को सम्पन्न होगा और धम्म यात्रा घोषित राम बौद्ध विहार तक सम्पन्न होगा इस दौरान स्थानीय बौद्ध भिक्षु समेत बौद्ध अनुवावाई सम्मिलित होंगे।

# मौनी अमावस्या के दृष्टिगत डीआईजी ने किया मेला क्षेत्र का भ्रमण



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – प्रयागराज महाकुंभ व बुधवार को मौनी अमावस्या के दृष्टिगत पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र बांदा अजय कुमार सिंह ने जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ चित्रकूटधाम कर्वी रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। डीआईजी ने मेले को सकुशल संपन्न कराने के लिए सम्बन्धितों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।रेलवे स्टेशन के निरीक्षण पुलिस उपमहानिरीक्षक ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से सामान्य ट्रेनों तथा मेला स्पेशल ट्रेनों के आवागमन की जानकारी ली। इस दौरान जिलाधिकारी ने रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के अधिकारियों से कहा कि जब ट्रेनों का आवागमन हो, तो उसकी जानकारी तत्काल जिला प्रशासन को दी जाए। इसके बाद डीआईजी ने रेलवे व पुलिस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया।

जिसमें उन्होंने ट्रेनों के आवागमन के शेड्यूल की जानकारी ली। उन्होंने जीआरपी थानाध्यक्ष को निर्देश दिए कि 28, 29 व 30 जनवरी का ट्रेनों के संचालन का चार्ट जिला प्रशासन को उपलब्ध कराए ताकि श्रद्धालुओं की भीड़ के लिए पहले से ही प्रबंध हो सके। इसके पूर्व डीआईजी ने जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक के साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र का भ्रमण कर मेले के लिए की गई तैयारी व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी कर्वी पूजा साहू, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजकमल सहित रेलवे, जीआरपी व आरपीएफ के सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# बदौसा को हराकर काठिलिहाई की टीम ने जीता मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट



लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** –सदर तहसील अंतर्गत पुरवा तरौहां गांव में चल रहे मां कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट के सातवें संस्करण का फाइनल मुकाबला कोठिलिहाई और बदौसा टीम के बीच खेला गया। जिसमें कालिका देवी टूर्नामेंट के पिछले संस्करण की विजेता टीम बदौसा को हराकर कोठिलिहाई ने माँ कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट जीत लिया।टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हुए बदौसा टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 127 रन बनाए। जिसमें जाहिद के 40 रन शामिल रहे। 128 रनों का लक्ष्य हासिल करने उतरी काठिलिहाई की टीम ने 17वें ओवर में 6 विकेट से मुकाबला जीत लिया। काठिलिहाई की तरफ से मैच में 20 रन और पांच विकेट लेने वाले खिलाड़ी आकाश को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया तथा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। मा कालिका देवी क्रिकेट टूर्नामेंट जीतने वाली कोठिलिहाई टीम के कप्तान को मुख्य संरक्षक रामकरण त्रिपाठी द्वारा 31,000 हजार रुपये की धनराशि और ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही उपविजेता टीम को 15,000 रुपये की नगद धनराशि और ट्राफी प्रदान की गई।

इस टूर्नामेंट में धाता के खिलाड़ी राम तिवारी को सीरीज का सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी चुना गया तथा पुरस्कृत किया गया।इस मौके पर संदीप त्रिपाठी, संरक्षक रामकरण त्रिपाठी (बब्बू महाराज), ग्राम प्रधान मोहन लाल वर्मा, मेराज सिद्दीकी, सुभाषचंद्र मिश्रा, मिथलेश कुशवाहा, राजेन्द्र त्रिवेदी, प्रेमसागर वर्मा, फूलचंद्र निषाद, नीरज त्रिपाठी, शिवम निषाद, ओमशंकर वर्मा, आयुष, अभिषेक, चंद्रशेखर, रामप्रकाश, महेश यादव, लोकनाथ यादव, रोहित यादव, पुनीत आदि मौजूद रहे।

# नगर टीकमगढ़ में भारत रत्न जननायक स्व0 श्री कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा होगी स्थापित

**● भारत रत्न बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक स्व श्री कर्पूरी ठाकुर जी जन्म शताब्दी समारोह संपन्न**

लोकमित्र ब्यूरो



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गोरेलाल सेन एवं उपस्थित सभी समाज बंधुओं ने नव नियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष सरोज राजपूत का शाल श्रीफल पुष्प गुच्छ भेंट कर किया स्वागत। राष्ट्रीय सर्व सेन समाज संगठन मध्य प्रदेश के तत्वाधान में सभी समाजों के प्रतिनिधियो की गरिमामय उपस्थिति में गरीबों दलितों पिछड़ों के मसीहा सामाजिक न्याय के सूत्रधार बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की 101 वी जयंती के अवसर पर जन्म शताब्दी समारोह का अयोजन आज संत शिरोमणि सेन महाराज प्रतिमा स्थल सिविल लाइन रोड़ टीकमगढ़ किया गया। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि सरोज राजपूत, राघवेंद्र सिंह, राकेश गिरी, एवं संगठन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष मध्यप्रदेश गोरेलाल सेन ने पूज्यनीय संत शिरोमणि सेन जी महाराज जी का पूजन मंत्र उच्चारण के साथ आचार्य सिद्ध गोपाल जी के द्वारा कराया गया एवं भारत रत्न जननायक स्व कर्पूरी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मचांसीन सभी अतिथियों ने ठाकुर के जीवन चरित्र पर अपने अपने विचार व्यक्त किए श्रीमति सरोज राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा ने सागर नगर में जननायक कर्पूरी ठाकुर जी की प्रतिमा स्थापित कराने के लिए पूर्ण प्रयास करने का आश्वासन दिया एवं भाजपा के सभी उपस्थित पदाधिकारियों ने सहमति देते हुए मुख्यमंत्री के लिए पत्र भेजने की बात कही मुख्य अतिथि के रुप में सरोज राजपूत जिला अध्यक्ष भाजपा राकेश गिरी गोस्वामी पूर्व विधायक टीकमगढ़ पूनम अग्रवाल जिला महामंत्री महिला मोर्चा भाजपा मुख्य वक्ता के रुप में उपस्थित राधवेंद्र सिंह राजपूत प्रदेश महामंत्री भारतीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा विशिष्ट अतिथि हरदयाल पाल अध्यक्ष पाल महासभा, जनविजय तिवारी राजेन्द्र मिश्रा कक्का टीकमगढ़ राघवेन्द्र सिंह मुन्नी लाल यादव राष्ट्रीय सचिव यादव महासभा नरेश तिवारी नगर मंडल अध्यक्ष टीकमगढ़ दामोदर अहिरवार जी, मुन्ना लाल पडरा, बालकिशन सेन देवी नगर खज्जे सेन बल्देवगढ वीरन सेन अस्तोन, छोटेलाल सेन अंतोरा,रमेश कुमार नामदेव, राजेश सोनी, रामकुमार रैकवार, पूर्व पार्षद, अध्यक्षता गोरेलाल सेन प्रदेश अध्यक्ष सर्व सेन समाज संगठन मध्य प्रदेश विशिष्ठ अतिथि सुनील घुवारा, पूर्व प्रदेश महामंत्री व्यापार प्रकोष्ठ भाजपा आनंद कुशवाहा हरि प्रसाद कुशवाहा, राजकुमार (गिन्नी) यादव पूर्व पार्षद , नितिन सेन देवेंद्र सेन नंदराम सेन श्यामलाल सेन, रिंकू सेन मनोज कुमार, ब्रजेश सेन रमाकांत सेन माडूमर रमेश सेन कुंडेश्वर,किशोरी लाल सेन, नगर पंचायत अध्यक्ष कारी, सिद्ध गोपाल जी आचार्य, प्रदेश सचिव खज्जें सेन बल्देवगढ़ जिला महामंत्री, शंकर सेन युवा ग्रामीण जिला अध्यक्ष टीकमगढ़, पंकज प्रजापति नगर मंडल महामंत्री भाजपा, मनीराम सेन कारी,भगत राम सूरज सेन, अंशुल सेन, पवन सेन, कमलेश सेन, महेश सेन, अंकित सेन,मुन्ना लाल सेन आदि सैकड़ों सर्व समाज बंधु उपस्थित रहे। मंच संचालन संगठन संरक्षक कन्हैयालाल सेन मुखिया ने किया। उपस्थित सभी अतिथियों का आभार प्रदेश सचिव आचार्य सिध्यगोपाल सेन कंदवा ने व्यक्त किया।

# नगर पालिका परिषद भरवारी के वीरांगना दुर्गा भाभी सभागार में हुई बोर्ड की बैठक

**▸▸ विकास कार्यों हेतु 10 करोड़ रुपए की लागत के ऊपर के प्रस्ताव पारित**

लोकमित्र ब्यूरो



**कौशाम्बी।** कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी के वीरांगना दुर्गा भाभी सभागार में बोर्ड की बैठक की गई। जिसमें विकास कार्यों हेतु 10 करोड़ रुपए की लागत के ऊपर के प्रस्ताव पारित किया गया। बोर्ड बैठक में नगर अध्यक्ष कविता पासी, अधिशासी अधिकारी राम सिंह, अवर अभियंता मनोज सिंह व बुद्धराज पाल, लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्डो के सदस्य गण नौरती देवी, गंगा देवी, सुषमा देवी, विकास बाबू सोनकर, विक्रम सिंह, राकेश कुमार, विजय सिंह, सविता देवी, सूरजभान, सुरेन्द्र सिंह, शादाब अहमद, हेमा केसरवानी, शंकर लाल, पुष्प देवी, वीरेंद्र कुमार, मंजू देवी, मो0 यासीन, मो0 हुसैन, ज्योति गुप्ता उपस्थित रहें।

**● एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 31 जनवरी को**

कौशाम्बी। शिक्षित बेराजगार अभ्यर्थियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आई0टी0आई0 एवं कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 31 जनवरी 2025 को श्री हनुमत पाल पीजी कॉलेज, चूहापीरन कड़ा, कौशाम्बी के परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेंगा। रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर चयन की कार्यवाही की जायेंगी। यह जानकारी जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष ने देते हुए अवगत कराया कि रोजगार मेले के संबंध में अधिक जानकारी विभाग की वेबसाइट पर लॉगिन कर प्राप्त कर सकतें है।

## शॉर्ट सर्किट से आग लगने से गृहस्थी राख दो मवेशी की मौत, एक दोपहिया वाहन खाक

**विजिया चौराहा, (कौशाम्बी)।** विदांव चौकी क्षेत्र के विदांव गांव में सोमवार को बिजली के शॉर्ट सर्किट से भीषण आगजनी की घटना हुई, जिसमें एक परिवार की गृहस्थी पूरी तरह जलकर राख हो गई। इस घटना में परिवार के दो मवेशी की मौत हो गई, जिनकी इसके अलावा आग की चपेट में आकर एक दोपहिया वाहन भी जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट को संभावित वजह माना जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक परिवार का सारा सामान जल चुका था।

# गिट्टियां लादने जा रहे डंपर चालक की पिटाई मामले में सीओ से शिकायत

लोकमित्र ब्यूरो

**चायल, (कौशाम्बी)।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के दुर्गापुर गांव के समीप शनिवार की दोपहर ट्रेलर की टक्कर से एक अधेड़ की मौत हो गई थी। आक्रोशित लोगों ने एक डंपर चालक की पिटाई किया था।

आरोप है कि इसी बीच किसी ने डंपर में तोड़ फोड़ और रुपए लूट पाट कर लिए थे। घायल चालक ने मामले की शिकायत सीओ चायल से किया है। क्षेत्राधिकारी ने इंस्पेक्टर को जांच कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।एयरपोर्ट क्षेत्र के मकनपुर गांव निवासी सरफराज पुत्र स्वर्गीय अब्दुल खालिद ने बताया कि 25 जनवरी यानी शनिवार की दोपहर डंपर लेकर भरतकूप गिट्टी लोड करने के लिए निकले थे। इसी बीच दुर्गापुर गांव में किसान ज्ञानेश्वर



त्रिपाठी उर्फ कपिल की ट्रेलर की टक्कर लगने से मौत हो गई थी।


आरोप है कि सेंवथा नहर के पास दुर्गापुर गांव में आक्रोशित लोगों ने उन्हें रोक लिया और लात घूंसे, ईट पत्थर और लाठी डंडे से पिटाई करने लगे। जिसमें वह घायल हो गए। आरोप है कि इसी बीच कुछ लोगों ने उनकी डंपर में तोड़ फोड़ करते हुए डंपर के दस्ती बॉक्स में रखा 40 हजार रुपये निकाल लिया।

सूचना पर पहुंची पुलिस को देखकर पिटाई कर रहे लोग गली गलौज और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। घायल चालक को पुलिस ने नेवादा स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया।

हालत में सुधार होने के बाद चालक ने पिपरी पुलिस को तहरीर दी। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं किया।

मंगलवार को मामले की शिकायत चालक ने चायल सीओ सतेंद्र तिवारी से किया। क्षेत्राधिकारी ने इंस्पेक्टर शिव चरन राम को जांच कर कार्रवाई करने के आदेश दिया है।

## 108 एम्बुलेंस स्टाफ ने मनाया गणतंत्र दिवस



लोकमित्र ब्यूरो

**शाहजहाँपुर।** राजकीय मेडिकल कॉलेज मे 108-102 एम्बुलेंस स्टाफ ने आपस मे मिठाई बांटकर मनाया गणतंत्र दिवस। उत्तर प्रदेश सरकार की मदत से 102 की 34 और 108 की 37 कुल 71 एम्बुलेंस पुरे जिले मे सेवा देती है सभी 108 की एम्बुलेंस इमरजेंसी केस के लिए हॉटस्पॉट पर खड़ी रहती है और वही 102 की एम्बुलेंस डिलीवरी मे महिलाओ को घर से हॉस्पिटल और हॉस्पिटल से घर लाने लेजाने का काम करती है ये सेवा बिलकुल मुफ्त दी जाती है। मिठाई वितरण के समय एम्बुलेंस प्रोग्राम मैनेजर महेश कुमार, जिला प्रभारी सौरभ सिंह, दीपक बाजपेई,आदित्या सक्सेना और एम्बुलेंस स्टाफ मौजूद रहें।

# बाल अधिकारों के शोषण से शारिरिक व मानसिक विकास पर भी पड़ता है नकारात्मक प्रभाव- पूर्णिमा प्रांजल

लोकमित्र ब्यूरो



**भरवारी, (कौशाम्बी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्त्वावधान में नेशनल इंटर कॉलेज भरवारी, कौशाम्बी में शोषण के विरुद्ध अधिकार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की योजनाएं विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अपनी बात रखते हुए डिप्टी चीफ लीगल एड कार्उसिल सिस्टम, कौशाम्बी अख्तर अहमद खान ने शोषण के खिलाफ बालकों के अधिकारों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार अधिवेशन, किशोर न्याय अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम और राष्ट्रीय बाल नीति आदि के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक बच्चे को बालक माना गया है। बच्चों को मारना, चिढ़ाना, मजाक करना, मजदूरी करवाना, उनके साथ छल करना, उनकी बात अनसुनी करना, अश्लील चित्र या किताब दिखाना, भद्दे इशारे करना, गाली-गलौच करना, डराना-धमकाना, तंग करना व बलात्कार आदि जैसे कृत्य अपराध की श्रेणी में आते हैं। अधिवक्ता उम्मे हबीबी ने कहा कि बाल अधिकारों के हनन को रोकने के लिए भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में शोषण के खिलाफ अधिकारों का प्रावधान है। अनुच्छेद 45 में बच्चों के लिए निःशुल्क और अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान है। बाल मजदूरी (निषेध एवं नियमन) अधिनियम, 1986 के मुताबिक 14 साल से कम उम्र के किसी बच्चे को किसी कारखाने या खदान में काम नहीं लगाया जा सकता। लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012 के तहत, बालक के लिए मित्रतापूर्ण वातावरण बनाए रखने का प्रावधान है। इस शिविर में बच्चों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अपर जिला जज सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पूर्णिमा प्रांजल ने कहा कि भारतीय संविधान सहित कई अन्य विधियों व कानूनों में बाल अधिकारों के शोषण के विरुद्ध प्रावधान हैं। बाल अधिकारों के शोषण से जहां उनके शिक्षा के मौलिक अधिकार का हनन होता है वहीं उनके शारिरिक व मानसिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

ऐसे अपराधों से निपटने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश पर लीगल सर्विस यूनिट फॉर चिल्ड्रेन का गठन प्रत्येक जिले में किया गया है। यह यूनिट देखभाल व संरक्षण योग्य बालकों और विधि का उल्लंघन करने वाले बालकों के संरक्षण और पुनर्वास से संबंधित मामलों में सहायक के तौर पर कार्य करेगी। इसके अतिरिक्त मुख्य अतिथि ने पॉक्सो अधिनियम 2012, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड, सखी वन स्टॉप सेंटर, भारतीय न्याय संहिता, पीसीपीएनडीटी एक्ट आदि में वर्णित बाल अधिकारों के संरक्षण से जुड़े प्रावधानों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि शिक्षकों व अभिभावकों का कर्तव्य है कि बच्चों का ध्यान रखें, उनकी बातों को अनसुना न करें और उनके अधिकारों का हनन होने से रोकें। ऐसा न करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। यदि किसी बालक के अधिकारों का उल्लंघन होता है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यालय व तहसीलों में बने लीगल एड क्लिनिक में जाकर नियुक्त पीएलवी से शिकायत करें या चाइल्ड लाइन और विधिक सेवा प्राधिकरण के टोल फ्री नंबर पर शिकायत दर्ज कराएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जाने वाली निःशुल्क विधिक सहायता, पीड़ित को क्षतिपूर्ति योजना, आपदाग्रस्त लोगों की मदद आदि से संबंधित प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में भी विस्तार से बताया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रवि नारायण तिवारी, प्रधानाचार्य मो. कलीम अहमद, शिक्षक-शिक्षिकाएं, पीएलवी कृष्ण कपूर सहित सैकड़ों की संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र शिवबाबू और पुत्रवधू मंजू देवी के क्रियाकलापों से बहुत तंग आ गया हूं। उन दोनों और उनके बच्चों के अनुचित व्यवहार और कार्यों से आजिज आकर उन्हें अपनी समस्त चल- अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए कार्यों और किसी भी प्रकार के लेन देन का उसके और उसके पारिवारिक जनों से कोई भी सरोकार नहीं रहेगा

झल्लर
पुत्र स्व. मसूरियादीन
ग्राम फरीदपुर सुलेम
थाना चरवा
तहसील चायल
जनपद कौशांबी

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा बी0टी0सी0 वर्ष 2014 चतुर्थ समेस्टर का अंक पत्र अनुक्रमांक 12410695 एंव प्रमाण पत्र क्रमांक 1214107582 कहीं खो गया है।

भास्कर चैहान
पुत्र सुरेश चैहान
तीर्थकर महावीर विश्वविद्यालय
मुरादाबाद

## सपा ने किया पीडीए चर्चा का आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**चित्रकूट** – समाजवादी पार्टी द्वारा विधानसभा 236 चित्रकूट के वीरघुमाई सुर्की एवं बरद्वारा में पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया। साथ ही विधानसभा 237 मानिकपुर के पैकौरा व सेक्टर में भी पीडीए चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें सपाईयों ने ग्रामीणों को सपा की उपलब्धियों की जानकारी दी।विधानसभा 236 चित्रकूट में आयोजित पीडीए चर्चा में जिलाध्यक्ष शिवशंकर सिंह ने कहा कि पीडीए की एकता से ही बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के संविधान की रक्षा की जा सकती है। सूरज सिंह पटेल ने बताया कि समाजवादी लोग पीडीए पिछड़ा, दलित अन्य की वकालत करते रहे हैं।मानिकपुर में पूर्व सांसद बालकुमार पटेल ने बताया कि 26 जनवरी 1950 को संविधान लागू होने से पहले देश में पीडीए समाज को शिक्षा, संपत्ति जैसी मूलभूत चीजों से दूर रखने का कुचक्र रचा गया था। डॉ. आंबेडकर ने शोषित पीड़ित समाज को संविधान के माध्यम से जीवन जीने का हक दिया।इस मौके पर पूर्व विधायक वीर सिंह पटेल, विधानसभा अध्यक्ष चित्रकूट राकेश प्रजापति, मानिकपुर विधानसभा अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव, ब्लॉक अध्यक्ष पाल यादव,

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र सेराज अंसारी का क्रिया कलाप व चाल चलन ठीक नहीं है इसलिए हम सेराज अंसारी को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अब उसके लेनदेन, अपराधिक कृत्य या किसी भी प्रकार के क्रिया कलाप के प्रति मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है।

अकबर अली पुत्र अजीज
निवासी - ए 2/ 52, ए. डी.ए. कालोनी, नैनी, प्रयागराज।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# वरिष्ठ एवं प्रख्यात फिजीसियन डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को मिला एफआईसीपी का फेलोशिप सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** इंडियन मेडिकल एसोसियेशन की रायबरेली के दो बार के पूर्व अध्यक्ष, वरिष्ठ एवं प्रख्यात फिजीसियन डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) ने इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन (एफआईसीपी) का फेलोशिप सम्मान प्रदान किया है। कोलकाता में एपीकॉन-2025 द्वारा आयोजित एसोसिएशन ऑफ फिजिशियन ऑफ इंडिया के 80वें वार्षिक सम्मेलन में डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को मिले इस सम्मान से अपने जनपद का गौरव बढ़ा है, क्योंकि डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह रायबरेली के पहले चिकित्सक हैं जिन्हे एपीआई ने फेलोशिप प्रदान की है। बिस्वा बांग्ला मेला प्रांगण, कोलकाता में एसोसिएशन ऑफ फिजीशियन ऑफ इंडिया (एपीआई) ने, डॉ ब्रजेश बहादुर सिंह को इंडियन कॉलेज ऑफ फिजिशियन की फेलोशिप, स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और मरीजों के प्रति विशेष समर्पण के लिए दिया है।



उल्लेखनीय है कि इंडियन कॉलेज ऑफ फिजीशियन की फेलोशिप एक मानद कोर्स है जो डॉक्टरों और मेडिकल कॉलेज के प्रोफेसर को उल्लेखनीय सेवाओं के लिए दिया जाता है। फेलोसिप पाने वाले डॉक्टरों को सामान्य चिकित्सा अभ्यास के क्षेत्र में सम्मानित किया जाता है। फेलोसिप देने का निर्णय आठ सदस्यों टीम करती है।डॉ ब्रजेश सिंह का, चिकित्सा के क्षेत्र में अनुसंधान, शिक्षण व विकास में अहम योगदान है। अपने मरीजों को उच्च कोटि की सुलभ स्वास्थ्य सेवायें देने के लिए पूरे जिले मे चर्चित डॉ ब्रजेश सिंह का मानना है कि कम खर्च में बेहतर इलाज किया जाना चाहिए। डॉ ब्रजेश की मरीजों के प्रति यही सोंच उन्हे औरों से अलग बनाती है।इससे पहले भी डॉ बृजेश को डायबिटीज इंडिया और इंडियन एसोसिएशन ऑफ क्लिनिकल मेडिसिन की फेलोशिप मिल चुकी है।

# यूपीएस पेंशन स्कीम के खिलाफ कर्मचारियों में रोष, जलाई गई प्रतियां

## केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएससी) को लागू करने की जारी की अधिसूचना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।**केंद्र सरकार ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) को अधिसूचित कर दिया है। सरकार की तरफ से एक अप्रैल से यह पेंशन योजना लागू कर दी जाएंगी। केंद्र सरकार की तरफ से अधिसूचित किए जाने के बाद अब कर्मचारियों में रोष बड़ा गया है। मंगलवार को नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम (एनएमओपीएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु के आवाह्न पर कर्मचारियों ने यूपीएस की प्रतियां जलाकर विरोध जताया। एनएमओपीएस और अटेवा के आवाह्न पर शहर से लेकर गांव तक के परिषदीय विद्यालयों, सरकारी दफ्तरों और अस्पतालों में इसका विरोध करते हुए यूपीएस को स्वाहा! किया गया। अटेवा के जिला सरंक्षक सुरेंद्र वर्मा और राजेश यादव ने बताया कि अगस्त 2024 में केंद्र सरकार की तरफ से बुढ़ापे का सहारा कहीं जाने वाली पेंशन को अब 'नई पेंशन स्कीम' (एनपीएस) की जगह पर 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' (यूपीएस) के तौर पेश किया गया है। सरकार की ओर से 24 जनवरी को यूपीएस को अधिसूचित किया गया है। केंद्र सरकार की इस नई पेंशन स्कीम से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।




इस स्कीम के विरोध के प्रतीक के रूप में, आज सभी विद्यालयों और सरकारी दफ्तरों में शिक्षकों ने यूपीएस की प्रतियां जलाकर अपना विरोध दर्ज किया गया है। अटेवा के जिलाध्यक्ष मो. इरफान अहमद ने बताया कि सभी कर्मचारियों का मानना है कि यह नई पेंशन योजना उनके भविष्य के लिए सुरक्षित नहीं है और उनकी वित्तीय स्थिरता को खतरे में डाल सकती है। अपने भविष्य को ध्यान में रखकर आज शिक्षकों ने एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन किया। सभी शिक्षकों ने नारेबाजी की और सरकार से इस फैसले को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता ने कहा कि भविष्य में एनपीएस से भी बड़ा घोटाला यूपीएस साबित होगा। सरकार पूरी तानाशाही के साथ में इस पेंशन को लागू करने जा रही है। जिला कोषाध्यक्ष अंजनी मौर्य ने कहा कि यूपीएस के विरोध में सभी संघों का भी समर्थन मिला है, जो अब बड़े पैमाने पर आंदोलन की चेतावनी दे रहे हैं यदि सरकार ने शिक्षकों और कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया, तो विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। आज फिरोज डिग्री कॉलेज, वैदिक इंटर कॉलेज, महात्मा इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज सहित जिला अस्पताल, लोक निर्माण विभाग, जल निगम, सिंचाई विभाग और परिषदीय विद्यालयों में इसकी प्रतियां जलाई गई। जिला कार्यकारिणी के सदस्य सरला वर्मा, उमाशंकर शुक्ला, सुशील मौर्य, शिवनाथ यादव, मयंक वर्मा, मो. नसीम, अनिल यादव, आशीष पटेल, पवन पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव, सतीश चैरसिया, लालजी, राजेन्द्र यादव, प्रकाश यादव, अविनाश यादव, महेश, योगेंद्र गुप्ता, राहुल सिंह, शत्रोहन, अमित, अनूप यदुवंशी, अनवर अली, दिलीप पाल, शतांशु सोनकर के नेतृत्व में यूपीएस की प्रतियां विद्यालयों में जलाई गई।

# भाजपा राज में पीडीए का अपमान-इं0 वीरेन्द्र यादव

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली**।समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद की समस्त विधानसभाओं के विभिन्न सेक्टरों में पीडीए चर्चा कार्यक्रम आयोजित किए गये।विधानसभा क्षेत्र सदर एवं सलोन के बन्दरामऊ एवं निगोही सेक्टरों में आमजनों महिलाओं किसानों से चर्चा करते हुए जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव ने कहा कि जनपद में अन्याय अत्याचार चरम पर है किसानों में निराशा,युवाओं में बेरोजगारी व महिलाओं में असुरक्षा का भय व्याप्त है।महापुरुष बाबा साहब एवं नेता जी मुलायम सिंह के प्रति भाजपा के नेता अमर्यादित एवं अपमानजनक बयान देकर पीडीए समाज का अपमान किया जा रहा है।विधानसभा क्षेत्र बछरावा के नेरुथुवा एवं गुमावा सेक्टर में आयोजित पीडीए चर्चा कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि बीजेपी राज में पिछड़े,दलित,अल्पसंख्यक समाज के साथ अन्याय,अत्याचार चरम पर है देश के संविधान निर्माता बाबा साहब के ऊपर अपमानजनक बयान देकर देश के गृह मंत्री अमित शाह ने संपूर्ण देशवासियों का अपमान किया है उन्होंने कहा बीजेपी राज में सरकारी अधिकारी निरंकुश हैं। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष मुनेश्वर पासी,विधानसभा अध्यक्ष ब्रजेंद्र चैधरी, ब्लॉक अध्यक्ष भानू पटेल,लाला यादव आदि ने उपस्थित जनों से मूलभूत समस्याओं पर भी चर्चा किया इस अवसर पर सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।विधानसभा क्षेत्र सलोन के निगोही सेक्टर में जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव,चैधरी सुरेश निर्मल,वरिष्ठ नेता ओपी यादव,राजेश मौर्या,ब्लॉक अध्यक्ष,आदर्श यादव,रामनेवाज गंगाशंकर,विधानसभा अध्यक्ष पुत्तन सिंह यादव आदि द्वारा उपस्थित ग्रामीणों महिलाओं से जनसरोकर की समस्याओं एवं बीजेपी सरकार की तानाशाही पर विचार व्यक्त किया।विधानसभा क्षेत्र रायबरेली के सेक्टर बन्दरामऊ में पीडीए चर्चा कार्यक्रम में क्षेत्र में हो रहे उत्पीड़न अन्याय एवं विगत दिनों कई दलितों की हत्याओं पर चर्चा हुई कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष इं.वीरेन्द्र यादव,पूर्व प्रत्याशी आरपी यादव,हसीन अहमद,कल्लू चैधरी,ब्लॉक अध्यक्ष आशुतोष यादव, सेक्टर प्रभारी छोटेलाल पासी,अजय यादव आदि ने उपस्थित लोगों से संवाद कर जनसमास्याओं, बाबा साहब के ऊपर अपमानजनक टिप्पणी पर चर्चा की गयी।विधानसभा क्षेत्र हरचंदपुर के सेक्टर अतरहर के ग्राम लोदीपुर में ग्राम वासियों,महिलाओं से ब्लॉक अध्यक्ष डा.संतलाल,पिंटू यादव,सेक्टर प्रभारी अमरपाल,दीपू शुक्ला,महेंद्र यादव आदि द्वारा समाजवादी पार्टी सरकार में इस क्षेत्र में किए गए कार्यों पर एवं वर्तमान बीजेपी सरकार में आमजनों के साथ अन्याय उत्पीड़न एवं बीजेपी नेताओं द्वारा महापुरुषों के अपमान पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर सभी सेक्टरों में उपस्थित आमजनों महिलाओं, छात्रों, युवाओं एवं मजदूरों द्वारा यह संकल्प लिया गया कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर समाजवादी पार्टी की सरकार बनाना है। सभी सेक्टरों में बडी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## बस्ती बार के समर्थन में वकीलों की हड़ताल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महराजगंज रायबरेली।**बस्ती बार एसोसिएशन के आवाहन पर महराजगंज बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने आज पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया और अपना विरोध प्रदर्शन व्यक्त किया आपको बताते चलें कि विधि व्यवसाय में कार्यरत अधिवक्ता चंद्रशेखर यादव का बीते दिनों जबरन अपहरण करके हत्या कर दी गई थी इसके संबंध में बस्ती बार के अधिवक्ताओं ने पुलिस के खिलाफ आंदोलित है और बस्ती बार एसोसिएशन ने प्रदेश के सभी अधिवक्ता संगठनों से सहयोग की अपील किया था जिसके क्रम में आज महराजगंज बार एसोसिएशन व अधिवक्ता संघ महराजगंज के संयुक्त रूप से बस्ती पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी किया एवं हत्यारों को फांसी दिलाए जाने की मांग किया। जिसके चलते अदालतों में कोई कामकाज नहीं हो सका वाद कारी मुकदमों में सामान्य तिथियां लेकर वापस लौट गए।इस मौके पर बार एसोशिएशन अध्यक्ष देवी प्रसाद महामंत्री अशोक कुमार, छोटेलाल , पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता विद्यासागर अवस्थी सुरेंद्र श्रीवास्तव .नागेंद्र सिंह ,शिव सागर अवस्थी ज्योति प्रकाश अवस्थी, सर्वेश कुमार अवस्थी, सुनील द्विवेदी , शैलेंद्र सिंह ,प्रेम सिंह सत्य प्रकाश मिश्रा, इम्तियाज अली ,सुभंजय सिंह ,सहित अन्य अधिवक्ता मौजूद रहे।

# अधिवक्ताओ ने एडवोकेट सुरक्षा अधिनियम लागू किये जाने को लेकर किया प्रदर्षन,मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सलोन** ।मंगलवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष के नेतृत्व में अधिवक्ताओ ने एडवोकेट सुरक्षा अधिनियम लागू किये जाने को लेकर तहसील परिसर में जमकर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।उसके बाद मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौपा।अधिवक्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि उत्तर प्रदेश में समस्त बार एसोसियेशन द्वारा लगातार सुरक्षा अधिनियम लागू किये जाने की मांग की जा रही है परन्तु प्रदेश सरकार द्वारा ऐसा न किये जाने से अपराधियों के हौसले बुलन्द है।तथा विभिन् जनपदों में अधिवक्ताओं की हत्या की जा रही है।अभी हाल में ही बस्ती बार एसोसिएशन के अधिवक्ता चन्द्रशेखर यादव की अपरहण कर हत्या किए जाने की घटना ताजा उदाहरण है।जिससे सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश के अधिवक्ताओं में रोष है।जिसके कारण बार एसोसिएशन सलोन के अधिवक्ता भी आन्दोलित व आक्रोशित होकर न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया है।उक्त ज्ञापन के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार से उत्तर प्रदेश में अति शीघ्र सुरक्षा अधिनियम लागू किये जाने की मांग की हैं।अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी मिथिलेश कुमार त्रिपाठी को देकर बार एसोसियेशन की उक्त समस्या को माननीय मुख्यमन्त्री उत्तर प्रदेश सरकार के समक्ष प्रस्तुत किये जाने का निवेदन किया है।इस अवसर पर बार एसोसिएशन अध्यक्ष लालता प्रसाद यादव, पवन कुमार श्रीवास्तव, अरुण सिंह, सुरेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रवीण त्रिपाठी, अभिषेक श्रीवास्तव, उमेश कुमार त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र त्रिपाठी, इन्देश द्विवेदी, गिरिजेश मिश्रा, सुधीर श्रीवास्तव, राम नरेश वर्मा आदि लोगों मौजूद रहे।



# व्यापार मंडल के द्वारा कई स्थानों पर किया गया ध्वजारोहण

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल लालगंज अध्यक्ष विवेक शर्मा, आरएसएस धर्म जागरण सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला, जिला महामंत्री अप्पू शर्मा, जिला अध्यक्ष रोहित सोनी, प्रांतीय मंत्री मृत्युंजय बाजपेई के नेतृत्व में नगर के कई स्थानों पर 76वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर झंडारोहण किया गया। लालगंज नगर के करुणा बाजार चैराहे पर बड़े धूमधाम से झंडा रोहण हुआ। तत्पश्चात महावीर इन स्थित व्यापार मंडल के लालगंज नगर कार्यालय मे बड़े ही भव्य वातावरण में झंडा रोहण किया गया। सराफा मंडी शीतला मंदिर में गत वर्षो की तरह झंडारोहण का कार्यक्रम और भारत माता पूजन का आयोजन हुआ। इसके बाद अटल चैक गांधी चैराहे पर विशाल झंडा फहराया गया और जन गण मन अधिनायक गीत के साथ भारत माता की जय जयकार का उद्घोष लोगों ने लगाया ।भारत माता की आरती और पूजन का कार्यक्रम भी संपन्नहुआ। झंडा रोहण के मध्य लड्डू और जलेबी का लोगों के बीच प्रसाद वितरण भी हुआ। इस अवसर पर लोगों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाए भी दी गई। झंडा रोडण के विभिन्न कार्यक्रमों में रविंद्र मुरारका ,सचिन गुप्ता, पुष्कर गुप्ता, एडवोकेट अशोकशुक्ला, मोहम्मद याकूब,रमेश मिश्रा, महेश सोनी, कैलाश गुप्ता,,नीलेश शुक्ला ,हंसराज

# आरएसएस धर्म जागरण के संयोजन में कई स्थानों पर हुआ भारत माता पूजन कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धर्म जागरण समन्वय विभाग की ओर से कई स्थानों पर भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजितकिए गए। लालगंज नगर के अटल चैक गांधी चैराहे पर भारत माता की पूजन और आरती का कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरेनी में भारत माता पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। आलमपुर में भारत माता पूजन कार्यक्रम नगर सहसंयोजक राजेंद्र यादव के द्वाराआयोजित किया गया। लालगंज खंड के खड़गपुर सौताना में संगठन के जिला परियोजना सह प्रमुख उमेश सिंह और अभिषेक सिंह की अगुवाई में कार्यक्रम संपन्न हुआ। लालगंज नगर के सराफा मंडी बस्ती में कैलाश वाजपेई के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में बोलते हुए धर्म जागरण सह जिला संयोजक सुशील शुक्ला और जिला विधि प्रमुख अशोक शुक्ला ने हिंदू बढ़ाओ और हिंदू बचाओ की परिपाटी पर काम करने का आह्वान किया और कहा कि भारत माता का सम्मान सर्वोपरि है। संघ ने सदैव भारत माता के सम्मान को बनाए रखने के लिए संघर्ष किया है और संघ के स्वयंसेवक अपनी शाखा में प्रतिदिन भारत माता की प्रार्थना और नमन करते हैं।

संघ के कार्यकर्ता भारत माता को फिर से एक बार शिखर पर स्थापित करने के लिए अलख जगा रहे हैं।इस मौके पर धर्म जागरण नगर सहसंयोजक राजेंद्र यादव, लालगंज खंड सहसंयोजक चंदनत्रिवेदी, अनूप पांडे, विवेक शर्मा, रोहित सोनी ,अप्पू शर्मा, संजय चड्ढा ,राजन अवस्थी, देवेशअग्निहोत्री ,अशोक गुप्ता, शिवम गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, दिनेश दीक्षित, आदित्यवाजपेई, रामानुज सिंह ,जगजीवन सिंह, विक्रमाजीत सिंह, अनिल सिंह देवेंद्र सिंह अयोध्या प्रसाद, शोभित सिंह, राम लखन सिंह, प्रशांत सिंह ,विजयपाल सिंह, बादल सिंह ,रामदुलारी ,सरिता, माधुरी ,रीता सिंह, सत्येंद्र यादव, शिवम,रमाकांत ,अंकुश सिंह वं समाज के लोग मौजूद रहे।




## फार्मेसी कॉलेज सरेनी में झंडारोहण के साथ हुए विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** सरेनी स्थित श्री परमेश्वरी देवी त्रिवेणी प्रसाद शुक्ला फार्मेसी कॉलेज में उप जिलाधिकारी नवदीप शुक्ला के द्वारा भव्य वातावरण के बीच झंडा रोहण किया गया और लोगों को राष्ट्र के कर्तव्यों के प्रति प्रेरित किया गया। इस पावन अवसर पर फार्मेसी कॉलेज की छात्राओं अंजली, सान्या ,अंशिका ,शालू और शिखा के द्वारा फार्मेसी पर आधारित ड्रामा का बहुत ही शानदार तरीके से मंचन किया गया। छात्र आशीष कुमार के द्वारा तिरंगे पर आधारित गीत प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का संयोजन दीपक अवस्थी के द्वारा बहुत ही शानदार तरीके से कियागया। इस मौके पर फार्मेसी कॉलेज के प्रबंधक सत्यम शुक्ला ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई देते हुए कहा कि भारत देश का संविधान बहुत ही गौरवपूर्ण है। हम सभी को संविधान के मूल्यो का आदर्श सम्मान करते हुए राष्ट्र और समाज की सेवा में भूमिका निभाईचाहिए। प्रबंधक सत्यम शुक्ला ने एसडीएम और तहसीलदार का अंग वस्त्र और माल्यार्पण से

# जय किसान आंदोलन के कार्यकर्ताओं ने ऊंचाहार में निकाली मोटर साइकिल रैली

**संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाह्न पर किसानों ने निकाली रैली**

**रायबरेली।** संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय आवाहन पर ऊंचाहार कस्बे में जय किसान आंदोलन की तरफ से मोटर साइकिल रैली निकाली गई। जय किसान आंदोलन के जिलाध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य के नेतृत्व में विशाल मोटर साइकिल मार्च थाने चैराहे से बस स्टॉप होते हुए, ऊंचाहार चैराहे से होकर तहसील प्रांगण मे गांधी प्रतिमा तक निकाला गया। तहसील प्रांगण में पहुंचकर गाँधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।प्रांतीय नेता अर्चना श्रीवास्तव ने कहा कि मोदी सरकार हम लोगों का किसी भी तरीके से हित नहीं चाहती है। सरकार की गलत नीतियों की वजह से किसान परेशान हैं और हम लोगों ने निर्णय लिया है कि अब इसका विरोध किया जाएगा। प्रांतीय नेता पुष्कर पाल ने बताया कि इस मार्च के माध्यम से एपीएफएएम ड्राफ्ट को वापस लेने और 9 दिसम्बर, 2021 को एनडीए-2 सरकार द्वारा एम एस पी सी 2 प्लस 50घ् पर कानूनी गारंटी पर खरीद और ऋण माफी सहित किसानों के अन्य मुद्दों पर किसानों की आवाज बुलंद की गई।स्वराज इंडिया पार्टी के जिलाध्यक्ष रामविलास ने कहा कि सरकार किसानों का हित बिल्कुल ही नहीं चाहती है। एम एस पी को लागू करने की हम लोग लगातार मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार की तरफ से अभी लागू नहीं किया गया है।

किसान सिंधु बॉर्डर पर अनवरत धरना प्रदर्शन कर रहा है, लेकिन सरकार हम लोगों की मांग को पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि किसान विरोधी सरकार के खिलाफ हम लोग जागरूकता अभियान गांव-गांव चलाएंगे ताकि सरकार के प्रति किसानों की नाराजगी जाहिर हो सकें। केंद्रीय आवाह्न पर ऊंचाहार तहसील में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट अश्वनी, एडवोकेट संजय, जगजीवन लाल, इन्द्रेश कुमार, ललित कुमार, विमलेश पंडा, दशरथ, सीमा, पुतान, कल्लू, आदित्य सहित सैकड़ो कार्यकर्ता शामिल हुए।




# एनएसपीएस त्रिपुला में मनाई गई लाला लाजपत राय जी की जयंती

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में 'पंजाब केसरी' लाला लाजपत राय की जयंती पर प्रधानाचार्य शिवलखन प्रजापति ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देते हुए नमन किया। छात्रा श्रेया और अभिजीत ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि 28 जनवरी 1865 को जन्मे लाला लाजपत राय का जीवन एक साधारण छात्र, स्वतंत्रता संग्राम के पर्यवेक्षक, भारतीय वकील, लेखक, पत्रकार और बाद में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में विकसित हुआ। लाला जी कांग्रेस में गरम दल के तीन प्रमुख नेताओं में से थे, जिन्हे लाल-बाल-पाल ( लाला लाजपत राय, बाल गंगाधर तिलक और बिपिन चंद्र पाल) कहा जाता था। एक राजनीतिज्ञ के रूप में उन्होंने भारत को ब्रिटिश शासन से मुक्त कराने में बहुत बड़ा योगदान दिया। 1920 के कलकत्ता अधिवेशन में उन्हें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अध्यक्ष चुना गया,1921 में उन्होंने सर्वेंट्स ऑफ पीपल्स सोसाइटी की स्थापना की, जो एक गैर-लाभकारी कल्याणकारी संगठन था। उनका मानना था कि हिंदू समाज को जाति व्यवस्था, महिलाओं की स्थिति और अस्पृश्यता के साथ अपनी लड़ाई खुद लड़ने की जरूरत है, जाति या लिंग के भेद के बिना सभी को वेद पढ़ने और सीखने की अनुमति होनी चाहिए। जब 30 अक्टूबर 1928 को साइमन कमीशन लाहौर आया तो लाला लाजपत राय ने इसके विरोध में एक अहिंसक मार्च का नेतृत्व किया। इस मार्च में पुलिस अधीक्षक जेम्स ए. स्कॉट ने पुलिस को प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज करने का आदेश दिया और राय पर व्यक्तिगत हमला किया जिसमें उन्हें गंभीर चोटें आई, वह अपनी चोटों से पूरी तरह उबर नहीं पाए और 17 नवम्बर 1928 को उनकी मृत्यु हो गई।

प्रधानाचार्य श्री प्रजापति ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'सरफरोशी की तमन्ना अब हमारे दिल में है ', जैसा प्रतिष्ठित नारा गढ़ने वाले लाला लाजपत राय ने 'आर्य गजट' अखबार एवं 'द पीपल' जैसी राष्ट्रीय पत्रिका स्थापना के साथ ही पंजाब नेशनल बैंक और लक्ष्मी बीमा कंपनी की भी स्थापना की।अंग्रेजों के खिलाफ उनके उग्र विरोध और स्वतंत्रता प्राप्ति में उनके योगदान के कारण ही उन्हें श्पंजाब केसरीश् कहा गया। लाला जी ने अपने आखिरी भाषण में कहा था कि 'मेरे शरीर पर पड़ी एक-एक लाठी ब्रिटिश हुकूमत के ताबूत में एक-एक कील का काम करेगी' ऐसे क्रांतिकारी को उनके त्याग,बलिदान एवं समर्पण के लिए हमेशा याद किया जाएगा। इस अवसर पर उप-प्रधानाचार्य मो. फैजान खान, संयोजिका संचिता त्रिवेदी, शिवकरन पाल, शाहीन खान, पिंकी जायसवाल, गिरीश श्रीवास्तव सहित समस्त शिक्षकध्शिक्षिकाएं एवं




## पूर्व शिक्षक के निधन पर हुई शोक सभा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** लालगंज स्थित बैसवारा इंटर कॉलेज के दिवंगत पूर्व प्रवक्ता राजेंद्र कुमार शुक्ला को नगर के गणमान्य व्यक्तियों तथा शिक्षकों ने भाव भीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। विद्यालय के गोविंद हाल में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके पूर्व छात्रों एवं प्रशंसकों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री शुक्ल के सम्मान में उनके छात्र रहे लखनऊ के जाने-माने चिकित्सक डॉक्टर अरुण चंद्र द्विवेदी ने कहा कि श्री शुक्ला एक आदर्श शिक्षक थे और विद्यार्थियों के लिए आजीवन समर्पित रहे। वैद्य रमाशंकर तिवारी ने उन्हें मानवीय मूल्यों से ओत प्रोत एक संवेदनशील व्यक्तित्व बताया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ नरेंद्र बहादुर सिंह ने श्री शुक्ल की स्मृतियों को संजोकर रखने तथा उनके सपनों

# कांग्रेसी नेता अतुल सिंह ने नुक्कड़ सभा कर सुनी जनससमयाएं

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस प्रदेश सचिव एवं पूर्व प्रत्याशी अतुल सिंह ने विधानसभा ऊंचाहार के गौरा गढ़ी,झरहा,वीर का पुरवा,पूरे चैहान आदि गांव में चैपाल एवं नुक्कड़ सभा कर जन समस्याएं सुनी एवं कांग्रेस पार्टी के बारे में विस्तार से बताया !इस अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि हम सबको बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के बनाये संविधान को बचाने के लिए,देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए जननायक राहुल गांधी एवं प्रियंका गांधी के हाथों को मजबूत करना होगा आज भारत देश तमाम समस्याओं से घिरा है मोदी सरकार को जनमानस की समस्याओं से कोई लेना-देना नहीं है !

श्री सिंह ने कहा कि हम सब जब सुबह सोकर उठते हैं तो जो बिजली का खंभा भी दिखाई देता है वह भी गांधी नेहरू परिवार की देन है,आज रायबरेली में एम्स जैसा बड़ा अस्पताल के साथ-साथ आईटीआई फैक्ट्री,एनटीपीसी,रेल कोच जैसे बड़े संस्थान रायबरेली जनपद में है,यह सब गांधी परिवार की देन है !ऊंचाहार की जनता अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है,आवारा पशुओं से किसान हमारा परेशान है,क्षेत्रीय विधायक को उससे कोई लेना-देना नहीं है।जरूरतमंदों की हर तरह से मदद करने का हमारा प्रयास रहता हैद्यइस अवसर पर प्रमुख रूप से गौरा अध्यक्ष दल बहादुर सिंह,अनिरुद्ध दीक्षित,राघवेंद्र सिंह,प्रदीप अग्निहोत्री,अरुणेश सिंह,बचोले सिंह,अभय सिंह,सुनील कुमार पासी,अनुराग गुप्ता,रवि सिंह,अहमद हुसैन,इरशाद अली,अनिल तिवारी,प्रमोद यादव, संजय मौर्य,लक्ष्मी गुप्ता,रंजय सिंह चैहान,नागेंद्र बहादुर सिंह,श्री राम सरोज,रूपेश मौर्य,हीरालाल सरोज,जगदीश सरोज,रोहित मौर्य,सागर चैधरी,शिवकुमार गौतम आदि सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।



# कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ लोगों की पहली पसंद

**गणतंत्र दिवस परेड में उत्तर प्रदेश की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पाया पहला स्थान**




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** कर्तव्य पथ पर महाकुम्भ लोगों की पहली पसंद रही। गणतंत्र दिवस पर निकली उत्तर प्रदेश की झांकी ने पीपुल्स च्वाइस अवार्ड कटेगरी में पहला स्थान प्राप्त किया। 40 फीसदी वोट के साथ उत्तर प्रदेश पहले व 35 फीसदी वोट के साथ गुजरात दूसरे स्थान पर रहा। गणतंत्र दिवस परेड पर नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर निकली यूपी की झांकी इस बार महाकुम्भ पर थी। उत्तर प्रदेश की झांकी भारत ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर के रूप में प्रतिष्ठित ÷महाकुम्भ 2025- स्वर्णिम भारत ÷विरासत और विकास को प्रदर्शित कर रही थी। यह झांकी प्रयागराज में पवित्र गंगा, अविरल यमुना और पौराणिक सरस्वती के संगम पर हो रहे महाकुम्भ के दिव्य स्वरूप को दर्शा रही थी, जो पृथ्वी पर मानवता का सबसे बड़ा समागम है। 2025 का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन महाकुम्भ अध्यात्म, धरोहर, विकास और डिजिटल प्रगति का संगम है। इस झांकी के केंद्र में भी यही रहा। ट्रैक्टर के आगे अमृत कलश की आगे झुकी हुई भव्य प्रतिकृति दर्शाई गई, जिससे अमृतधारा प्रवाहित हो रही थी। साथ ही शंखनाद, आचमन और साधना करते साधु-संत और संगम में डुबकी लगाते श्रद्धालुओं ने महाकुम्भ की आध्यात्मिक ऊर्जा को जीवंत किया। योगी सरकार के नेतृत्व में हो रहे अभूतपूर्व आयोजन का दीदार देश-विदेश से आए आगंतुकों ने भी किया।

# समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में हो रहा बदलाव

- क्या भारत की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी स्वीकार करेगी कि उनके पूर्वज राम थे: सीएम योगी
- सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को मिल रही भारत की नागरिकता: मुख्यमंत्री
- मौनी अमावस्या पर 8 से 10 करोड़ श्रद्धालु संगम में लागाएंगे डुबकी: सीएम योगी



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि इंडोनेशिया, जो दुनिया का सबसे बड़ा मुस्लिम देश है, वहां के राष्टपति अपने भारतीय डीएनए पर गर्व करते हैं। उनका नाम भी संस्कृत से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि इंडोनेशिया में राम को पूर्वज माना जाता है, गरुड़ उनकी राष्ट्रीय एयरलाइंस है, गणपति उनकी मुद्रा पर है और रामलीला उनका राष्ट्रीय त्योहार है। भारत में रहकर, इस धरती का उपभोग करने वाली बड़ी आबादी, जो दुर्भाग्य से केवल वोट बैंक बनकर रह गई है, क्या वे स्वीकार कर पाएंगे कि उनके पूर्वज राम थे? मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ के ताज होटल में एक निजी चैनल के कार्यक्रम में सवालों के जवाब दे रहे थे।

सीएम योगी ने कार्यक्रम में देश और प्रदेश में चल रहे कई ज्वलंत मुद्दों पर बेबाकी से अपनी राय रखी। उन्होंने भारत के अल्पसंख्यकों, बिजली चोरी, वक्फ कानून, तुष्टिकरण की राजनीति और कुंभ 2025 की तैयारियों जैसे विषयों पर खुलकर बात की। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी ने भारत के अल्पसंख्यकों को अपने पूर्वजों पर गर्व करने की सलाह दी। उन्होंने इंडोनेशिया का उदाहरण देते हुए कहा कि एक बड़ा इस्लामिक राष्ट्र भगवान राम को अपना पूर्वज मानता है, इस पर वह गर्व करता है, क्या भारत के अल्पसंख्यकों की एक बड़ी आबादी इस सच को स्वीकार कर पाएगी कि उनके भी पूर्वज राम थे।

वक्फ कानून में बदलाव पर विपक्षी नेताओं द्वारा दी जा रही चेतावनियों पर मुख्यमंत्री ने दो टूक कहा कि समय की जरूरत के अनुसार वक्फ कानून में बदलाव हो रहा है। मुझे खुशी है कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने इस संशोधन पर काम किया है। उम्मीद है कि अगले सत्र में इसे लागू किया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी बदलाव का उद्देश्य समाज में पारदर्शिता और न्याय को सुनिश्चित करना है। जैसे देश में सीएए लागू हुआ है वैसे ही वक्फ बिल में संशोधन के बाद इसे भी लागू कर दिया जाएगा। सीएए से आज हमारे पड़ोसी देशों के अल्पसंख्यकों को देश में नागरिकता मिल रही है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में संभव हुआ है। सीएम योगी ने कहा कि वक्फ की कोई जमीन नहीं होती है, यह राजस्व की जमीन है। उत्तर प्रदेश में वक्फ ने एक लाख 27 हजार संपत्तियों पर अपना दावा किया था, जिसे हमने जांच कराया वह सिर्फ 7 हजार ही है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक संपत्ति राजस्व की होती है वहां थाने बने या अन्य सार्वजनिक उपयोग या प्रशासनिक उपयोगी के भवन किसी को आपत्ति नहीं होनी चाहिए और संभल में किसी ने आपत्ति भी नहीं की। उन्होंने कहा कि पुराणों के बारे में हो सकता है कि ओवैसी या अन्य लोगों को भरोसा न हो, लेकिन कम से कम आइन-ए-अकबरी देखें। वह तो इस बात का उल्लेख कर रहा है और वहां पर जो कुछ भी उत्खनन में सामने आ रहा है, वह इस बात को प्रमाणित करता है कि वहां पर कोई पौराणिक नगरी थी। पुरातात्विक अवेशषों के आधार पर हम कह सकते हैं कि यह संभल नगरी वही है, जो पुराण उल्लेख करता है। परंपरागत लोगों की आस्था वहां पर है। अगर यह तमाम चीजें वहां पर सामने आ रही हैं तो मुझे लगता है कि उनको इस सच्चाई को स्वीकार करने की हिम्मत भी करनी चाहिए।

## मीर बाकी ने संभल में श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी: सीएम योगी

संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर छिड़े विवाद पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुराणों में संभल का उल्लेख है। आईन-ए-अकबरी के अनुसार, मीर बाकी ने श्रीहरि का मंदिर तोड़कर वहां मस्जिद बनाई थी। उन्होंने कहा कि हम हर जगह मंदिर नहीं तलाश रहे हैं, लेकिन जहां ऐतिहासिक साक्ष्य मौजूद हैं, वहां सच को सामने लाना जरूरी है। मुख्यमंत्री योगी ने ओवैसी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भारत के पौराणिक ग्रंथ हमारे सामने इस बात के प्रमाण हैं कि श्रीहरि विष्णु का 10वां अवतार कहां पैदा होना है। 3500 वर्ष से 5000 वर्ष के दौरान ग्रंथों की रचना हुई है। इस्लाम का जन्म हुए 1400 वर्ष हुए हैं, हमें इससे कोई आपत्ति नहीं है।

# वक्फबिल के विरोध में पसमांदा सामज करेगा प्रदर्शन



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में वक्फ संशोधन विधेयक 2024 को लेकर पसमांदा मुस्लिम समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रेसवार्ता किया। अनीस मंसूरी में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की रिपोर्ट को विवादित और एकतरफा बताया।

रिपोर्ट को पक्षपातपूर्ण और पसमांदा समाज के अधिकारों का हनन करार दिया है। मंसूरी ने कहा कि इस्लाम में वक्फ की अवधारणा गरीब, यतीम बच्चों, विधवा महिलाएं और समाज के वंचित वर्ग को मदद के लिए की गई थी। वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन और इनका उपयोग इन वर्गों की सहायता के लिए किया जाना चाहिए था।

लेकिन हकीकत यह है कि वक्फबोर्डो के अध्यक्ष, सदस्य, अधिकारी और मुतवल्ली लंबे समय से इन संपत्तियों का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने पसमांदा समाज के अधिकारों को कुचलते हुए इन संपत्तियों को अपने निजी लाभ के लिए इस्तेमाल किया। अनीस मंसूरी ने मांग किया है कि विधेयक से गैर-मुस्लिम सदस्यों की नियुक्ति का प्रावधान हटाया जाए। वक्फ संपत्तियों का इस्तेमाल गरीब, विधवा और कमजोर वर्ग के कल्याण के लिए हो। वक्फसंपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के लिए पसमांदा समाज के सदस्यों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।विवाद निपटारे के लिए स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायाधिकरण बनाया जाए, जिसमें सरकार का हस्तक्षेप न हो। अनीस मंसूरी ने कहा कि जिस दिन बिल पास होगा ब्लैक डे के रूप में मनाएंगे। अगर इस विधेयक को संशोधित नहीं किया गया, तो पसमांदा मुस्लिम समाज देशभर में विरोध प्रदर्शन करेगा। अन्य मुस्लिम संगठनों और विपक्षी दलों से विधेयक के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाने की अपील किया है।

# मौनी अमावस्या के लिए तैयार स्वास्थ्य महकमा: ब्रजेश



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** मौनी अमावस्या को लेकर स्वास्थ्य महकमा पूरी तरह से तैयार है। एक हजार से अधिक मेडिकल वॉलंटियरों की तैनाती मेला क्षेत्र में की गई है। तीन सौ से अधिक विशेषज्ञ चिकित्सक परेड ग्राउंड स्थित केंद्रीय अस्पताल में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। यह जानकारी मंगलवार को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने दी।

उन्होंने कहा कि अब तक 15 करोड़ से अधिक श्रद्धालु महाकुंभ मेला परिसर में अपनी उपस्थिति दर्ज कर चुके हैं। उनके स्वास्थ्य का पर्याप्त ध्यान रखा जा रहा है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि मेला परिसर के हर सेक्टर में अत्याधुनिक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। मेला परिसर में माइनर ऑपरेशन से लेकर मेजर सर्जरी तक की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय अस्पताल में तैनात विशेषज्ञ चिकित्सक किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। महाकुंभ मेला परिसर में देश एवं विदेश से आने वाले सभी साधु-संतों व श्रद्धालुओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बताया कि अब तक दो लाख से अधिक मरीज महाकुंभ में परेड ग्राउंड पर स्थापित केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही ढाई लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं। हर दिन देश-विदेश से आ रहे सैकड़ों श्रद्धालु महाकुम्भनगर में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले रहे हैं।

# श्रद्धालुओं को लुभा रहीं सांस्कृतिक झांकी

**संस्कृति विभाग के कलाकुंभ में देख सकते हैं 150 वर्ष पुराना इतिहास: जयवीर**



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** स्वच्छ सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित महाकुम्भ प्रयागराज के सेक्टर 07 में संस्कृति विभाग द्वारा लगाए गए कलाकुंभ में अभिलेखों की अनूठी प्रदर्शनी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां प्रतिदिन औसतन 09 से 10 हजार लोग प्रदेश की कला संस्कृति, पुरातत्व के साथ 3डी माध्यम से महाकुंभ की जानकारी ले रहे हैं। बीते एक पखवारे में लाखों श्रद्धालुओं और पर्यटकों ने कलाकुंभ का भ्रमण किया है।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि कलाकुंभ का उद्घाटन माननीय योगी आदित्यनाथ ने किया था। नागवासुकी क्षेत्र में लगभग दो लाख वर्गफीट में बने कलाकुंभ में प्रदर्शनी लगाई गई हैं, सांस्कृतिक और कलात्मक गतिविधियां भी हो रहीं हैं, जो आने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं को अद्वितीय अनुभव प्रदान कर रहीं हैं।

इसके साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए मंच भी सजाया गया है, जहां प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम, संगीत, नृत्य-नाटक आयोजित किए जा रहे हैं। यहां देशभर के कलाकार अपने हुनर का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनी में बच्चों के लिए किड्स जोन, ए.आर. वी.आर. सेक्शन और क्विज जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें बच्चों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। परिसर में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे, जो इस आयोजन की लोकप्रियता और महत्व को दर्शाता है।

हमारा प्रयास है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु विशिष्ट अनुभव लेकर लौटें। कलाकुंभ उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर, इतिहास और पुरातात्विक खजानों का एक अद्भुत संग्रह पेश कर रहा है, महाकुंभ के ऐतिहासिक दस्तावेजों को भी प्रदर्शित कर रहा है। कुंभ मेलों के प्रशासनिक रिकॉर्ड्स, सरकारी दस्तावेज और रिपोर्ट्स से इस आयोजन का 150 साल पुराना इतिहास देखने को मिल रहा है। कलाकुंभ में राजकीय अभिलेखागार, राज्य पुरातत्व निदेशालय, राज्य ललित कला अकादमी और लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान प्रदेश की सांस्कृतिक झांकी को प्रस्तुत कर रहे हैं।

# प्रत्येक केन्द्र में 400 गोवंश संरक्षण की क्षमता: धर्मपाल

**पशुधन मंत्री ने 20 नवीन वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों का किया लोकार्पण**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने पशुपालन निदेशालय में आयोजित कार्यक्रम में निराश्रित गोवंश के संरक्षण हेतु प्रदेश के 11 जनपदों के 20 वृहद गो संरक्षण केन्द्रों का वर्चुवल लोकार्पण किया। इसके तहत जनपद हरदोई में 05, आगरा में 03, बांदा, फर्रूखाबाद, कासगंज, हाथरस, सीतापुर एवं मुरादाबाद में एक-एक तथा सहारनपुर, शाहजहांपुर एवं सुल्तानपुर में 02-02 वृहद गो संरक्षण केंद्रो का शत प्रतिशत शामिल है। 20 वृहद गोसंरक्षण केन्द्रों के निर्माण लागत रुपए 3202.04 लाख है। प्रति केंद्र में लगभग 400 गोवंश को संरक्षित किया जा सकता है।इस अवसर पर आगरा से भारत सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी एसपी सिंह बघेल ऑनलाइन कार्यक्रम से जुड़े रहे। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा निराश्रित गो संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। धर्मपाल सिंह ने जनपदों के विधायकों, ग्रामप्रधानों, जिलाधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी तथा केयरटेकरों से भी गोवंश के रखरखाव और सहयोग पर बात की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए और गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।प्रदेश में 7753 गो आश्रय स्थलों की स्थापना की जा चुकी है, जिसमें 12,43,107 निराश्रित गोवंश संरक्षित है। प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 543 वृहद गो संरक्षण केंद्रों की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भाजपा सरकार महाकुम्भ को आत्म-प्रचार का स्थान न मानकर, सेवाभाव से देखे: अखिलेश

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुम्भ में असुविधाओं को आचोलना न समझा जाए। आस्थापूर्ण सुझाव है कि तीर्थयात्रियों की सुविधाओं के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास किये जाए। भाजपा सरकार महाकुम्भ को आत्म-प्रचार का स्थान न मानकर, सेवाभाव से देखे अखिलेश यादव ने मंगलवार को जारी बयान में यह बातें कहीं। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ में लोग नहीं व्यवस्था अतिविशिष्ट होनी चाहिए। मेला क्षेत्र में वीआईपी लोगों के आने से वन-वे किये जाने की वजह से तीर्थयात्रियों को समस्या हो रही है, वो नहीं होनी चाहिए। सरकार पिकअप-ड्राप के लिए बसें चलाए। अव्यवस्था सिर्फ श्रद्धालुओं को ही नहीं महाकुम्भ प्रशासन और प्रबंधन में दिन रात लगे अधिकारियों और कर्मचारियों को भी थका रही है।

अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति भी मानवीय दृष्टिकोण से देखा जाए, उनके उचित विश्राम व भोजन-पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित हो सके। महाकुंभ का बजट 10 हजार करोड़ रूपये है। इस बजट में जो सुविधाएं होनी चाहिए थी वह सुविधाएं नहीं है। जो गरीब लोग आ रहे हैं उनको ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं सरकार दे। महाकुम्भ में वीआई मूवमेंट के समय जनता को असुविधा नहीं होनी चाहिए। लोगों को लम्बी दूरी तक पैदल चलाना पड़ रहा है। महाकुंभ में श्रद्धालुओं की जितनी भारी भीड़ है उसके हिसाब से शौचालयों की व्यवस्था नहीं है। जो शौचालय हैं भी उनमें पानी की व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए।

अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुम्भ में संकल्प लेना चाहिए कि हमें जो जीवन मिला है वो अलग-अलग दिशाओं से आती हुई धाराओं के मिलन से ही अपना सही अर्थ और मायने पा सकता है। हमें संगम की तरह जीवन भर मेलजोल का सकारात्मक संदेश देना चाहिए। सद्भाव, सौहार्द और सहनशीलता की त्रिवेणी का संगम जब-जब व्यक्ति के अंदर होगा तब-तब हम सब महाकुम्भ का अनुभव करेंगे।

## बसपा की राष्ट्रीय बैठक आज दिल्ली में

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने बुधवार को दिल्ली में पार्टी के देशभर के नेताओं की बैठक बुलाई है। इसमें पार्टी को देशभर में मजबूत करने पर चर्चा होगी। बसपा सुप्रीमो ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर लिखते हुए कहा है कि देश के वर्तमान राजनीतिक हालात, खासकर दलितों, आदिवासियों, अति-पिछड़ों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के चिंतनीय है। राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर यह बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में आल-इंडिया के वरिष्ठ पदाधिकारियों, केंद्रीय स्टेट कोआर्डिनेटरों, बसपा प्रदेश अध्यक्षों के साथ विचार-विमर्श के बाद पार्टी के जनाधार को बढ़ाने व दिल्ली चुनाव के संबंध में जरूरी दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

# मनरेगा मजदूरों के खाते में नवंबर से नहीं पहुंच रहा पैसा: अजय राय

**मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ब्याज सहित मजदूरी देने की मांग**



लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा है कि प्रदेश के मनरेगा मजदूरों की विगत 26 नवंबर 2024 से उनकी मजदूरी का पैसा खातों में नहीं भेजा गया है। नियमतः जॉब कार्ड धारकों को 15 दिन के भीतर उनकी मजदूरी का पैसा उनके खाते में पहुंच जाना चाहिए। उन्होंने इस संबंध में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भी भेजा है।

उन्होंने कहा है कि प्रयागराज में महाकुंभ महोत्सव मनाया जा रहा है। देश-विदेश से श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए आ रहे हैं, वहीं पैसे के अभाव में गांव का गरीब मजदूर अपने आपको इस पावन अवसर से वंचित पा रहा है। इतना ही नहीं समय से मजदूरी न मिलने की वजह से प्रदेश के करोड़ों लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा है कि मनरेगा मजदूरों और उसमें तैनात कर्मियों के खाते में ब्याज सहित भुगतान किया जाए।

उन्होंने कहा है कि केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार द्वारा वर्ष 2009 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) एक रोजगार गारंटी योजना लाई गई। मनरेगा योजना के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में सड़कें, नहरें, तालाब, कुएं, जल संचयन, सूखा राहत, और बाढ़ नियंत्रण जैसे काम कराकर लोगों को रोजगार देकर उनकी आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित की जाती है।

# थाली-बेलन लेकर ऐडवा ने निकाला पैदल मार्च




लोकमित्र ब्यूरो


**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एडवा का विरोध प्रदर्शन। परिवर्तन चौक से कलेक्ट्रेट म तक थाली, बेलन लेकर मंहगाई के खिलाफमहिलाओं ने विरोध मार्च निकाला। इस दौरान केंद्रीय और राज्य सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी किया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रही मधु गर्ग ने कहा कि महंगाई ने आम आदमी का सांस लेना मुश्किल कर दिया है। एडवा के द्वारा लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों का महंगाई पे सर्वे किया गया। मधु गर्ग ने बताया कि एडवा ने लखनऊ शहर की 20 बस्तियों और एक गांव में 1600 परिवारों का सर्वे किया।

जिस में ये पाया गया कि 80: आम इंसान की थाली से दाल और हरी सब्जियां गायब हो रही हैं। एक आम नागरिक कमाई का अधिकतर हिस्सा खाने पर खर्च कर रहा है। इसके बाद जीवन की अन्य बुनियादी जरूरतों के लिए उसे हर दिन संघर्ष करना पड़ता है। आम आदमी बच्चों की पढ़ाई, दवाई को पूरा करने के लिए उधार का सहारा लेता है।

विगत 5 वर्षों में थाली की कीमत 71: बढ़ी है। ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले और मजदूरी करके पेट पालने वालों के लिए दो समय का भोजन भी मुश्किल हो गया है। सबसे ज्यादा दुखद यह है की महंगी सब्जियों और उसके उत्पादन का फायदा किसानों को नहीं मिल रहा है। इसका सीधा लाभ कालाबाजारी करने वालों की तिजोरी में जा रहा है। बढ़ती हुई महंगाई का एक मुख्य कारण पेट्रोलियम के उत्पादन की कीमतों में वृद्धि भी है। मधु गर्ग ने कहा कि विश्व स्तर पर कच्चे तेल की कीमत में 18: गिरावट आने के बाद भी लगातार पेट्रोल और डीजल के दाम बढ़ रहे हैं। मौजूदा समय में जो 20 से 25 हजार प्रतिमाह कमा रहा है वह भी गरीब है। स्थिति बेहद दयनीय है, घटती कमाई और बढ़ती महंगाई में कैसे आम आदमी गुजारा करेगा। इस मुद्दे को गंभीरता से लेने के लिए जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा है।

# खादी योजनाओं में सुधार और न्यायालयीय वादों पर तत्परता लाए: राकेश सचान

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड मुख्यालय के सभाकक्ष में विभागीय योजनाओं और कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने न्यायालयों में लंबित वादों की समीक्षा कर उनकी तत्परता से पैरवी सुनिश्चित करने और जिन मामलों में स्थगन आदेश लागू हैं, उन्हें निरस्त कराने की सख्त हिदायत दी। मंत्री ने वसूली से जुड़े मामलों में वन टाइम सेटलमेंट ओटीएस की व्यवस्था को पुनः लागू करने पर विचार का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत नवीनतम प्रस्ताव तैयार करने का आदेश देते हुए उन्होंने जोर दिया कि शासन स्तर से स्वीकृत वित्तीय प्रावधानों का 100 प्रतिशत व्यय सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि योजनाओं का कार्यान्वयन समयबद्ध और पारदर्शी होना चाहिए ताकि अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पहुंच सुनिश्चित हो सके।बैठक में प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, सचिव प्रांजल यादव, मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. उज्ज्वल कुमार सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा के कार्यकर्ता करेंगे संपर्क और सम्मान




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी लखनऊ महानगर में अटल बिहारी वाजपेयी जी के जन्म शताब्दी वर्ष को विशेष बनाने के लिए अटल स्मृति संकलन एवं सम्पर्क अभियान का आयोजन 31 जनवरी तक किया जाएगा। भाजपा महानगर कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी और महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने इस अभियान की विस्तृत जानकारी साझा की। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि अटल जी की स्मृतियों को संरक्षित करने के लिए कार्यकर्ता ऐसे व्यक्तियों से संपर्क करेंगे, जिनके पास अटल जी से जुड़ी यादें जैसे ऑटोग्राफ, पत्र, फोटो, ऑडियो-वीडियो क्लिप्स या अन्य दस्तावेज मौजूद हैं। इन स्मृतियों की एक प्रति सम्मानपूर्वक संकलित की जाएगी। साथ ही, अटल जी के साथ कार्य कर चुके वरिष्ठ जनों को सूचीबद्ध कर उन्हें सम्मानित करने की प्रक्रिया भी चलाई जाएगी। प्रदेश उपाध्यक्ष त्रयंबक त्रिपाठी ने कहा कि 15 फरवरी से 15 मार्च 2025 के बीच अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन प्रदेश के हर जिले में होगा। इसमें अटल जी के साथ काम कर चुके वरिष्ठ कार्यकर्ताओं, लेखकों और प्रबुद्धजनों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मेलन में अटल जी के जीवन और योगदान पर डिजिटल प्रस्तुतिकरण होगा। साथ ही, उनके कार्यकाल में शुरू की गई विशेष योजनाओं का विवरण साझा किया जाएगा। इस अभियान और कार्यक्रम को सफल बनाने में राम अवतार कनौजिया, घनश्याम दास अग्रवाल, दीपक शुक्ला, शिशिर बाजपेई, जया शुक्ला समेत कई वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। भाजपा का यह प्रयास न केवल अटल जी की विरासत को सहेजने का है, बल्कि उनके आदर्शों और योगदान को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का भी है। यह अभियान पार्टी के हर स्तर पर अटल जी के विचारों और उनकी कार्यशैली को जन-जन तक ले जाने का प्रयास है।

## संक्षिप्त खबरें

### सीएम के सलाहकार अवनीश अवस्थी की मां का पर्स चोरी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के हजरतगंज इलाके में सीएम योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी की मां का पर्स गायब हो गया। बुजुर्ग अपने निजी काम से पुलिस लाइन गई थी, वहां अज्ञात चोर ने बैग उड़ा दिया। कुछ देर बाद एटीएम से 10-10 हजार करके 1 लाख रुपए निकाल लिए। पुलिस मामले की जांच कर रही है। विजय खण्ड गोमतीनगर निवासी उषा अवस्थी सोमवार को अपने निजी काम से पुलिस लाइन गई थी। वहां चोर ने उनका पर्स गायब कर दिया। जिसमें 10 हजार नगद, एसबीआई बैंक के एटीएम सहित घर की चाभी व जरुरी कागज रखे थे। पर्स के गायब होने के एक घंटे बाद उनके मोबाइल पर अकाउंट से पैसे निकालने के मैसेज आने लगे। चोर ने करीब 10-10 हजार करके एक लाख रुपए निकाल लिए। जिसके बाद ऊषा सीएसआई टावर स्थित स्टेट बैंक की ब्रांच में जाकर अपना कार्ड ब्लॉक कराया। इंस्पेक्टर इजरतगंज का कहना है कि शिकायत दर्ज करके आरोपी की तलाश की जा रही है।

### फैजाबाद रोड पर एलडीए की टीम ने चलाया बुलडोजर

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने फैजाबाद रोड पर एलडीए की जमीन से अवैध कब्जा हटाया है। इस दौरान अवैध कब्जदारों से एलडीए टीम की नोकझोंक भी हुई। एलडीए अधिकारियों का कहना है कि अर्जित भूमि पर अवैध ढंग से कब्जा किया गया था। इसी को लेकर कार्रवाई हुई है। यह अवैध कब्जा एक कंपनी की तरफसे किया गया था। वहीं, बुलडोजर से अवैध निर्माण ध्वस्त करने के बाद मौके पर मौजूद कंपनी के लोगों ने नोक झोक करते हुए आरोप लगाया कि गलत ढंग से उनके खिलाफकार्रवाई की गई है। इसके कारण उनकी बाउंड्री और गोदाम टूट गया। एलडीए जोन 6 के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक का कहना है कि अवैध निर्माण के खिलाफ लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

### 86 एकड़ जमीन को नगर निगम ने कराया कब्जा मुक्त

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में अवैध रूप से नगर निगम की जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफकार्रवाई की तैयारी नगर निगम ने कर ली है। महापौर सुषमा ने अधिकारियों के साथ बैठक कर अवैध रूप से सरकारी जमीन पर कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई का निर्देश दिया है। महापौर सुषमा खारवाल ने बताया कि ग्रामसभा में गाटा वार संपत्ति रजिस्टर तैयार किया जा रहा है। इसमें किसी जमीन पर कितना कब्जा है, किसने कब्जा किया है। यह रिपोर्ट भी बनाई जा रही है। नगर निगम की तरफसे 25 गांव का सर्वे पूरा कर लिया गया है। इसमें कल्ली पश्चिम, सरोसा भरोसा, सदरौना, मल्हपुर,बिजनौर सलेमपुर, पतौरा, बेहटवा, सेमरा, उत्तर धौना, नटकुर, फर्रुखाबाद, बरिहरपुर सहित अन्य गांव हैं। इन गांवों में अवैध रूप से कब्जा करने वाले लोगों का डाटा नगर निगम ने इक्कठा कर लिया है। अब इनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं, नगर निगम की तरफसे यह सर्वे 100 से अधिक गांवों में किया जा रहा है। नगर निगम की तरफसे पिछले 10 महीने में कार्रवाई करते हुए 86 एकड़ जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई है। इस दौरान 25 लोगों के खिलाफमुकदमा भी दर्ज कराया गया है। इस दौरान वरदान लान, सीजन होटल सहित अन्य के द्वारा अवैध तरीके से कब्जा किया गया है। वही शिकायतों का तत्काल निस्तारण करने को कहा गया है। महापौर सुषमा खारवाल ने कहा कि नगर निगम की जमीनों पर तार बाड़ करने को कहा गया है। अप्रैल में नई निधि में तार बाड़ के लिए अलग बजट रहेगा।

### जमीनी विवाद को लेकर दो परिवारों में मारपीट

**लखनऊ।** गोसाईगंज कोतवाली क्षेत्र में जमीनी विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दो परिवारों में जमकर लाठी-डंडे चले, जिसमें छह जने घायल हो गए। घटना सोमवार रात की है। पुलिस के अनुसार गोबिंद यादव के परिवार और हंसराज, मंशाराम और राजेश (रामेश्वर के पुत्र) के बीच जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद ने उस समय हिंसक रूप ले लिया।आरोपियों ने गोबिंद यादव, उनके पिता लाल बहादुर यादव, बहनें नैन्सी यादव, प्राची यादव और चाचा कल्लू को गालियां देते हुए लात-घूंसों और डंडों से हमला कर दिया। हमले में सभी लोगों को चोटें आई। आरोपियों ने पीड़ित परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित परिवार ने सुरक्षा की मांग की है।

### कैंपस प्लेसमेंट के लिए 152 छात्रों ने टेस्ट दिया

**लखनऊ।** एकेटीयू में ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन हुआ। कुलपति प्रोफेसर जेपी पांडेय ने बताया कि छात्रों को नई तकनीकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे छात्रों को रोजगार मिलने में आसानी हो रही है। इसके तहत एडरोसोनिक कंपनी ने परिसर में कैंपस प्लेसमेंट का आयोजन किया। स्क्रीनिंग के बाद 152 छात्रों को फाइनल राउंड टेस्ट के लिए बुलाया गया। छात्रों का रीटेन टेस्ट पर्सनल इंटरव्यू ग्रुप डिस्कशन टेक्निकल राउंड के कई चक्रों में टेस्ट लिया गया। कुलपति का कहना है कि अंतिम रूप से चयनित छात्रों को कंपनी में बतौर सॉफ्टवेयर इंजीनियर एसोसिएट सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पदों पर नियुक्ति मिलेगी।

### एलयू में पीएचडी के पांच विषयों का परिणाम जारी

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 में पीएचडी प्रवेश प्रक्रिया के तहत पांच विषयों का साक्षात्कार के बाद परिणाम जारी कर दिया गया है। चयनित अभ्यर्थियों के लिए फीस पोर्टल मंगलवार को खोल दिया गया है। जिससे वह अपनी फीस जमा कर सकेंगे। एलयू की वेबसाइट पर कंप्लीट मेरिट सूची भी जारी कर दी गई है। जिसमें सभी अभ्यर्थी श्रेणीवार अपनी रैंकिंग भी देख सकते हैं। इस संबंध में प्रवेश समन्वयक की ओर से सूचना जारी कर दी गई है। प्रवेश समन्वयक डॉ. अनित्य गौरव ने बताया कि पर्यावरणीय अध्ययन, पब्लिक हेल्थ, वनस्पति विज्ञान, एमआईएच और एआईएच का परिणाम घोषित किया गया है। उपलब्ध सीटों के सापेक्ष चयनित अभ्यर्थियों का सीट अलॉटमेंट और कट-ऑफ जारी किया गया है। पूर्व में प्राप्त लॉगिन आईडी का इस्तेमाल करके अभ्यर्थी फीस जमा कर सकेंगे। डॉ. अनित्य के अनुसार, फीस जमा करने की अंतिम तिथि 31 जनवरी तय की गई है।

# पलक झपकते हुआ हादसा

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** रायबरेली के भदोखर थाना क्षेत्र में रायबरेली-प्रयागराज हाईवे पर मंगलवार को हुए भीषण सड़क हादसे में लखनऊ के चार लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हुए हैं। यह महाकुंभ में स्नान करने का उत्साह था कि सुबह करीब चार बजे उठकर ही सभी लोग कार से प्रयागराज के लिए निकल पड़े। परिवार के लोगों का क्या पता था कि उनके घर के सदस्यों के प्रयागराज जाने से उनके लिए यह गम कभी न भूलने वाला होगा। हादसे की वजह कार की रफ्तार तेज होना बताया जा रहा है। कहा जा रहा है कि गाड़ी की रफ्तार करीब 150 किलोमीटर प्रति घंटे थी। सभी की प्रयागराज जल्द पहुंचने की चाहत ने उनकी जिंदगी छीन ली।

हादसे की सूचना पर मौके पर आई पुलिस कार को देखकर दंग थी, क्योंकि वह पूरी तरह से क्षतिग्रस्त थी। कार के कुछ हिस्से बाहर पड़े थे। पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना के बारे में जानकारी ली। हालांकि यह कोई नहीं बता पाया कि हादसा कैसे हुआ। आसपास के कुछ लोग तो यह भी कह रहे थे कि चालक को झपकी आने से हादसा हुआ। घटना के बाद आसपास के लोग सहमे दिखे। पोस्टमार्टम हाऊस से परिजन अपनों की मौत से गमगीन थे। उन्होंने मीडियाकर्मियों तक से बात नहीं की। आंखों में आंसू थे। सीओ सदर अमित सिंह का कहना है कि ट्रैक्टर-चालक से पूछताछ की जा रही है कि यह हादसा कैसे हुआ और किसकी लापरवाही थी।

जिस दरियापुर चौराहा पर यह हादसा, वहां पर अक्सर चहल-पहल रहती है। यह हादसा पलक झपते हुआ। वहां पर मौजूद लोग कैसे क्या हुआ, समझ ही नहीं पाए। शोरगुल की आवाज आई तो लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे। लोगों को बाहर निकालना शुरू किया। चूंकि घटनास्थल से थाना कुछ ही दूरी पर है। ऐसे में थाना प्रभारी दयानंद तिवारी भी मौके पर आ गए। घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन चार लोगों की जिंदगी को नहीं बचाया जा सका। लखनऊ जिले के बलदेव बिहार तेलीबाग के रहने वाले नौ लोग मौनी अमावस्या पर महाकुंभ में स्नान करने के लिए प्रयागराज जा रहे थे। हाईवे स्थित दरियापुर चौराहा पर सलोन से रायबरेली की तरफ सरिया लदी ट्रैक्टर-ट्राली आ रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार की रफ्तार तेज थी। सामने से आ रहे ट्रैक्टर-ट्राली को देखकर चालक ने गाड़ी की रफ्तार धीमी करनी चाहिए। तेज रफ्तार होने के कारण ट्रैक्टर-ट्राली से टकरा गई। इससे कार पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। आसपास के लोगों ने आकर कार सवार लोगों को बाहर निकाला। सूचना पर पुलिस भी मौके पर आ गई। कार सवार घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आशीष द्विवेदी (45), दीपेंद्र रावत (40), माया (45), रजनी (55) को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनुज त्रिपाठी (30), शुभम (25), प्रभा नेगी (55) के अलावा ललिता और शुभम को भर्ती कर लिया गया। घायल प्रभा नेगी की हालत होने पर चिकित्सकों ने उन्हें एम्स रेफर कर दिया। एम्स से प्रभा को लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। कार मृतक आशीष चला रहे थे।

सीओ सदर अमित सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली चालक को हिरासत में लेकर घटना के बारे में पूछताछ की जा रही है। चालक सलोन का रहने वाला है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कराया जाएगा। कार की रफ्तार अधिक होने के चलते हादसा होने का अंदेशा जताया जा रहा है।

# पति ने पत्नी का गला काटा, चाकू से खुद को भी किया घायल

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के बिजनौर कस्बे में घरेलू विवाद के बाद पति ने अपनी पत्नी का चाकू से गला काट कर घायल कर दिया। इसके बाद खुद अपने गले में चाकू मार कर चोट पहुंचा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को घायल अवस्था में पीजीआई स्थित ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया। जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह राणा के मुताबिक सीतापुर के लहरपुर स्थित केसरी गंज की रहने वाली रानी (40) बिजनौर में किराए के मकान में रहती है। उसका लखीमपुर के खीरी स्थित जमुनिया निवासी पति रमेश कश्यप (42) से कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। बताया गया कि रमेश कश्यप सुबह बिजनौर पहुंचा और अपनी पत्नी रानी से साथ चलने को कहने लगा। लेकिन रानी ने उसके साथ जाने से मना कर दिया। इसको लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। काफी देर तक बहस होने के बाद रमेश ने तैश में आकर रानी पर चाकू से हमला कर दिया। इससे पहले परिवार के लोग समझ पाते रमेश ने पत्नी का गला रेत दिया। जब रानी खून से लथपथ हो गई तो उसे देख रमेश घबरा गया और खुद अपने गले में चाकू मार कर चोट पहुंचा ली। आस-पास के लोगों ने दोनों को लहूलुहान हालत में देखा तो इसकी सूचना बिजनौर पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर एम्बुलेंस बुलाई और दोनों को पीजीआई स्थित ट्रॉमा सेंटर भेज दिया। जहां दोनों का इलाज जारी है। रमेश और रानी के चार बच्चे है। रानी अपने दो बच्चों को लेकर बिजनौर में ही किराए पर रहकर मजदूरी करती है। वहीं दो बच्चे रमेश के पास रह रहे हैं। रमेश काफी लम्बे समय से रानी पर अपने साथ रहने का दबाव बना रहा था। इसी के चलते उसने हमला किया। बिजनौर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि महिला के मायके पक्ष को सूचना कर दी गई है। मायके पक्ष के लोग अस्पताल पहुंच रहे हैंस तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# बाघ को देख पेड़ पर चढ़ा किसान, एक घंटे रेस्क्यू टीम का इंतजार किया

लोकमित्र ब्यूरो



**लखनऊ।** राजधानी के रहमानखेड़ा में आम के बाग में पानी लगा रहे किसान के सामने बाघ आ गया। घबराए किसान ने पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। करीब एक घंटे तक पेड़ पर बैठे रहने के बाद उसने गांव के लोगों को खबर दी। सूचना पाकर गांव के लोग बाग की ओर दौड़ पड़े। साहिलमाऊ गांव के रहने वाले किसान होरीलाल मंगलवार को अपने बाग में पानी लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक उनके सामने शेर आ गया। घबराए किसान ने तुरंत नजदीक के आम के पेड़ पर चढ़कर अपनी जान बचाई। पेड़ पर चढ़ने के बाद होरीलाल ने दोस्त सत्तिदीन को फोन कर मदद मांगी। ग्रामीणों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। करीब एक घंटे तक होरी लाल पेड़ पर फंसे रहे। वन विभाग की टीम हथिनियों डायना और सुलोचना के साथ मौके पर पहुंची। इसके बाद बागवान पेड़ से नीचे उतरा। वन विभाग की टीम ने इलाके में हथिनियों की मदद से कांबिंग की। घटना से डरे होरीलाल ने कहा मैं बाग में पानी लगा रहा था। अचानक जानवर के चलने की आहट मिली। कुछ पल में ही शेर मेरे सामने खड़ा था। मैं घबरा गया। तुरंत पेड़ पर चढ़ गया। जब बाघ वहां से चला गया तो गांव में अपने दोस्त को फोन कर बुलाया। उन्होंने कहा अब मैं बाग में पानी लगाने नहीं जाऊंगा। चाहे कितना नुकसान हो जाए। अगर बाघ हमला कर देता या मार देता तो मेरे परिवार का क्या होता। डीएफओ सितांशु पांडेय ने बताया कि साहिलमाऊ गांव में बाघ की सूचना मिली थी। वन विभाग को यहां आम के बाग में बाघ के पैरों के निशान मिले हैं। ग्रामीणों को सतर्क किया गया है। इलाके में कांबिंग की जा रही है।

# साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म करने वाला गिरफ्तार



## बंधा रोड पर हुई आरोपी से पुलिस की मुठभेड़

डीसीपी नॉर्थ गोपाल चौधरी ने बताया कि केस दर्ज होने के बाद पुलिस की टीमों को आरोपी कुंदन की तलाश में लगाया गया। रात करीब दो बजे आरोपी कुंदन सर्वोदयनगर बंधा रोड के पास दिखा। पुलिस ने उसको रोकने का इशारा किया तो उसने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाब में पुलिस को कुंदन पर फायरिंग करनी पड़ी और उसके दाहिने पैर में गोली लगी। घायल कुंदन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस को कुंदन के पास एक तमंचा और कारतूस मिले हैं। एसीपी ने बताया कि कुंदन के खिलाफ पहले से चोरी सहित अन्य अपराध के मामले दर्ज हैं।

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** इंदिरानगर के सर्वोदयनगर इलाके में रहने वाली साढ़े तीन साल की बच्ची को सोमवार दोपहर बच्ची के पिता का दोस्त बाइक मैकेनिक कुंदन कश्यप उठा ले गया। आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया और उसको शाम के वक्त घर के बाहर छोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज किया और देर रात आरोपी कुंदन को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया। उसके दाहिने पैर में गोली लगी है।

एसीपी गाजीपुर ए. विक्रम सिंह ने बताया कि बच्ची के पिता मजदूरी करते हैं। उनकी दोस्ती चिनहट के लौलाई निवासी कुंदन कश्यप से थी। कुंदन अक्सर उनके घर आता-जाता था। सोमवार दोपहर को कुंदन बच्ची के घर पहुंचा। बच्ची के पिता और कुंदन आपस में बातचीत कर रहे थे। घर में बच्ची व उनकी दादी मौजूद थीं। इस बीच कुंदन ने बच्ची के पिता को गुटखा लेने के लिए भेज दिया। वह गुटखा लेने गए तो आरोपी कुंदन मौका देखकर बच्ची को उठा ले गए।

इसके बाद आरोपी ने बच्ची के साथ लौलाई स्थित अपने घर में दुष्कर्म किया। कुछ देर के बाद जब बच्ची के पिता गुटखा लेकर लौटे तो बेटी व कुंदन दोनों गायब थे। उन लोगों ने दोनों को तलाशना शुरू किया पर कुछ पता नहीं चल सका। इस बीच आरोपी कुंदन बच्ची को इधर-उधर लेकर टहलता रहा। शाम के वक्त आरोपी चुपके से बच्ची को उसके घर के पास छोड़कर भाग निकला।

बच्ची के बड़े पिता ने उसको घायल अवस्था में देखा और फौरन उठाकर घर पहुंचाया। देर रात बच्ची के परिजन उसको गाजीपुर थाने लेकर पहुंचे। पुलिस ने फौरन बच्ची को इलाज के लिए क्वीन मेरी अस्पताल में भर्ती कराया।


# बदरुद्दीन उर्फ बदर हुआ गिरफ्तार

**पत्नी और 4 बेटियों की हत्या करने वाला आरोपी अरेस्ट, गिरफ्तारी के दौरान किया जहर खाने का प्रयास**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में पुलिस ने पत्नी और चार बेटियों समेत अपने परिवार के पांच लोगों की हत्या करने के एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि चारबाग इलाके में होटल शरणजीत में 31 दिसंबर 2024 को अपने बेटे अरशद की मदद से अपने परिवार की हत्या करने वाले बदरुद्दीन उर्फ बदर को सोमवार को पुलिस ने गोपनीय सूचना के आधार पर गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तारी के दौरान आरोपी ने जहरीला पदार्थ खाने की भी कोशिश की, लेकिन तत्काल चिकित्सा सहायता के बाद वह सुरक्षित है।

## बदर पर था 25 हजार का इनाम घोषित



सोशल मीडिया पर एक कथित वीडियो में अरशद ने अपनी बहनों और मां की कलाई और गला रेतने की बात कबूल की। उसने दावा किया कि मोहल्ले के लोगों के उत्पीड़न के कारण उसने यह कदम उठाया। अरशद ने कहा था, मैं और मेरा पूरा परिवार लाचारी और निराशा में यह कदम उठाने को मजबूर हैं... मैंने अपनी बहनों और मां को खुद को मार डाला है। जब पुलिस को यह वीडियो मिले तो मैं अनुरोध करता हूं कि वे इस सब के लिए मोहल्ले के लोगों को जिम्मेदार ठहराएं। पुलिस ने बदरुद्दीन उर्फ बदर के बारे में जानकारी देने वाले को 25 हजार रुपये का इनाम देने का ऐलान किया था और उसकी तस्वीरें भी जारी की थीं। उसके खिलाफ गैर-जमानती वारंट भी जारी किया गया था।

**हत्या के बाद आरोपी अरशद को किया था गिरफ्तार:** पिता-पुत्र के हाथों मारे गए लोगों में बदर की पत्नी आसमां (49) और उसकी बेटियां आलिया (9), अलशिया (19), अक्सा (16) और रहमीन (18) शामिल हैं। अरशद ने अपने गृहनगर आगरा में अपने समुदाय के कुछ स्थानीय लोगों द्वारा भूमि विवाद को लेकर उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था, जिसके कारण क्षुब्ध होकर उसने अपराध करने का दावा किया था। पांच हत्याओं का मामला एक जनवरी को सामने आने के तुरंत बाद आरोपी मोहम्मद अरशद को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार दो युवकों की मौत, एक गंभीर, डिवाइडर से टकराई गाड़ी

**लखनऊ।**राजधानी लखनऊ के विभूतिखंड इलाके में सोमवार देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बुलेट सवार दो युवकों की मौत हो गई व एक गंभीर घायल हो गया।

तीनों युवक सिनेपोलिस से मंत्री आवास की तरफ जा रहे थे तभी अनियंत्रित होकर गाड़ी डिवाइडर से टकरा कर पेड़ से टकरा गई। हादसे में रोबिन रावत (28) पुत्र विक्रम निवासी रामपुर थाना कीर्ति नगर जिला टेहरी गढ़वाल उत्तराखंड (क्लर्क कैंट लखनऊ) और रोहित रावत (26) सहायक प्रबंधक मुजफ्फर नगर आरओ) पुत्र दरबान सिंह निवासी मोहल्ला कमलेश्वर कस्बा व थाना श्री नगर जनपद पौड़ी गड़वाल उत्तराखंड की मौत हो गई। वहीं, सनाय शर्मा (26) सहायक मैनेजर आरओ आगरा पुत्र रामसेवक निवासी मकान नंबर 312 मोहल्ला खेड़ा कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद घायल हो गए। रोहित रावत, रोबिन और सनाय मंत्री आवास स्थित यूनियन बैंक में ट्रेनिंग के लिए आए थे।

# देश भर में एनपीएस का विरोध, पुरानी पेंशन की मांग

**बहाली न होने पर देश भर में बड़ा आंदोलन करने को चेताया**

लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** देशभर में शिक्षकों व कर्मचारियों ने मंगलवार को जमकर यूपीएस का विरोध जताया, साथ ही एनपीएस व यूपीएस समाप्त कर ओपीएस बहाली की मांग की। मांग पूरी न होने पर देश में बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम के राष्ट्रीय महासचिव स्थित प्रज्ञ ने बताया कि एनएमओपीएस के आह्वान पर देशभर में यूपीएस का विरोध हुआ।

केंद्र व राज्य सरकार के सभी शिक्षकों व कर्मचारियों ने प्रदर्शन कर अपना विरोध जताया। शिक्षा विभाग हो या मेडिकल हो या अन्य विभागों के कर्मचारी सभी ने अपने कार्य स्थल पर नई पेंशन स्कीम का विरोध करते हुए पुरानी पेंशन बहाली की पुरजोर मांग की। साथ ही यूपीएस लिखी प्रतियों को जला दिया। इस बीच जमकर एनपीएस/यूपीएस गो बैक, ओपीएस कम बैक के नारे लगाए गए। एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बन्धु ने कहा कि अगर सरकार ने इस विरोध पर भी नहीं सुना तो देश में बड़े आंदोलन की तैयारी की जाएगी। संगठन के राष्ट्रीय संगठन सचिव विजेंद्र धारीवाल ने यूपीएस को एक धोखा बताया।

पंजाब, महाराष्ट्र, तेलंगाना, राजस्थान, बिहार व दिल्ली समेत कई अन्य राज्यों में यूपीएस का जमकर विरोध हुआ। वहीं शिक्षकों के साथ अर्द्धसैनिक बलों के भी पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की है।

# एलडीए के जोनल अधिकारी को कारण बताओ नोटिस

**मंडलायुक्त ने सीलिंग के खुलने पर दिखाई सख्ती, सरकारी जमीन पर कब्जे की शिकायत**

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** लाल बाग स्थित स्मार्ट सिटी कार्यालय में नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मंडलायुक्त डॉक्टर रोशन जैकब ने लोगों की समस्याओं को सुना है। नजरबाग और फूल बाग में मकान नंबर 105/254 और 22 में बिना नक्शा पास करे अवैध निर्माण करने पर सितंबर 2024 में सीलिंग का निर्देश दिया था। बावजूद इसके बिल्डर जीशान अली ने सीलिंग खुलवाकर दोबारा से बिजली कनेक्शन ले लिया। इसकी शिकायत पर मंडला आयुक्त ने एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार को तत्काल बिल्डिंग सील करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही लड़ा के जोनल अधिकारी शशि भूषण पाठक को कारण बताओ नोटिस जारी करने को कहा। पहाड़पुर चौराहा गांव सिकंदरपुर इनायत से पहुंचे लोगों ने बताया कि खसरा नंबर 269 में कब्रिस्तान दर्ज है। कब्रिस्तान की जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। इस दौरान लोगों ने कार्रवाई की मांग की। इस पर मंडल आयुक्त ने तत्काल कब्रिस्तान का सीमांकन करने का निर्देश दिया और अवैध निर्माण मिलने की स्थिति में उसके ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करने को कहा है। ठाकुरगंज से पहुंचे फर्नीचर दुकानदार ने कहा कि उनकी दुकान के ठीक बगल में नाला है। नाले और शोरूम के बीच की सरकारी जमीन पर किसी ने अवैध रूप से कब्जा कर लिया है, जिसकी वजह से मेरे शोरूम पर इमर्जेंसी एग्जिट जो आग लगने जैसी आपदा के लिए बेहद जरूरी है पूरी तरह से बंद हो गया है।इस दौरान उन्होंने कार्रवाई की मांग की है। मंडला आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने कहा कि हर महीने के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस का आयोजन स्मार्ट सिटी के कार्यालय में किया जाएगा। इस दौरान कुल 47 प्रार्थना पत्र मिले। इसमें से 9 का महके पर निस्तारण किया गया। लखनऊ विकास प्राधिकरण से 25, नगर निगम-20, सदर तहसील 1, और खाद्य विभाग विभाग की एक शिकायत आई।

# वकील के घर से गांजा बरामद, नारकोटिक्स टीम ने तीन घंटे ली तलाशी




लोकमित्र ब्यूरो

**लखनऊ।** राजधाानी लखनऊ के अलीगंज स्थित डांडिया बाजार में इंडियन नारकोटिक्स ब्यूरो (आईएनबी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा के घर और चौंबर पर छापेमारी करते हुए चार लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, घेराबंदी कर तीन घंटे तक मकान और चौंबर की तलाशी ली गई। इसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद किया गया। यह छापेमारी डांडिया मार्केट इलाके में हुई। यहां से संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पहले से मिल रही थी। आईएनबी टीम के अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच जारी है। हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस छापेमारी ने इलाके में हड़कंप मच गया है। अधिवक्ता का नाम आने से मामला और गंभीर हो गया है। प्रारंभिक जांच में नारकोटिक्स टीम को बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिससे यह आशंका जताई जा रही है कि पूरे मामले का संबंध मादक पदार्थों की तस्करी से हो सकता है। गिरफ्तार व्यक्तियों और बरामद गांजे की मात्रा के बारे में विस्तृत जानकारी फिलहाल गोपनीय रखी गई है।

# डीएम ने ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया

**कैसरबाग बस अड्डे पर जाम में सुधार को लेकर दिए निर्देश**

लोकमित्र ब्यूरो




**लखनऊ।** लखनऊ शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के लिए जिलाधिकारी विशाख जी ने मंगलवार सुबह कैसरबाग बस अड्डे का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यातायात सुधार, बसों की पार्किंग व्यवस्था और सफाई से जुड़े कई अहम निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि बाहरी डिपो की बसें सड़क पर खड़ी न हों।

इन्हें बस स्टेशन परिसर के भीतर ही यात्रियों को उतारने और चढ़ाने का आदेश दिया गया। बसें बाहर खड़ी पाए जाने पर अर्थदंड और लाइसेंस रद्द करने की चेतावनी दी गई। कैसरबाग से चलने वाली हरदोई, सीतापुर, बाराबंकी और अन्य रूटों की जानकारी ली गई। बसों के लिए तय वन-वे रूट का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया। बस संचालन का समय तय कर उसकी सूची उपलब्ध कराने को कहा गया। बस स्टेशन परिसर और शौचालयों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया।

डिपो वर्कशॉप में पार्किंग और बस मूवमेंट मैनेजमेंट को व्यवस्थित करने के लिए योजना बनाने को कहा गया। लांग रूट बसों के डीजल भरने की प्रक्रिया को वर्कशॉप के अंदर ही करने का निर्देश दिया। लाइन के लिए गार्ड तैनात करने का आदेश दिया गया। सड़क पर खड़ी बसों के खिलाफ अगले 5-6 दिनों में अभियान चलाने और चालकों पर कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। निरीक्षण में नगर मजिस्ट्रेट ज्ञान गुप्ता, आरएम रोडवेज आर के त्रिपाठी, अपर नगर मजिस्ट्रेट मोहित यादव सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# डीआईईटी प्रवक्ता ने किया सलोन के स्कूलों का निरीक्षण, बच्चों की परख की प्रगति



लोकमित्र ब्यूरो


**रायबरेली।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रायबरेली के प्रवक्ता डॉक्टर मोहम्मद जुबेर ने प्राव विव पूरे विसैनन व उमरी एवं आंगनबाड़ी केंद्र का शैक्षिक सपोर्टिव सुपरविजन किया ।दोनों विद्यालयों में खुद शिक्षण कार्य कर के शिक्षा में गुणात्मक सुधार लाने के निर्देश दिए। विसैनन में 82 के सापेक्ष 74 तथा उमरी में 90 के सापेक्ष 77 जूनियर हाई स्कूल उमरी में 151 के सापेक्ष 130 छात्र छात्राएं मौजूद रहे स कक्षा 6 से 8 तक में अंग्रेजी एवं हिंदी की परीक्षाएं संचालित थी उनका भी अवलोकन किया।

पूरे विसैंन में कक्षा 2 की अनमोल नैना और आराध्या ने 2 से 20 तक कक्षा चार की छात्रा रोहिणी और रश्मि ने 22 से 25 तक का पहाड़ा फ्राटे से सुनाया जिस पर उन्हें शाबाशी दी। प्रअव नरेंद्र सिंह ने स्मार्ट क्लास में कक्षा शिक्षण के माध्यम से आदर्श पाठ का प्रस्तुतीकरण किया । पाठ के अच्छे प्रस्तुतीकरण पर अनंत कुमार सुमन रानी एवं नरेंद्र सिंह को शाबाशी दी।प्राव एवं पूर्व माव उमरी का भी अवलोकन किया जहां पर आकलन ट्रैक्टर, शिक्षक डायरी, पाठ योजना टी एल एम के प्रयोग और यूथ क्लब के गठन पर जोर दिया।

सी एस के प्रअ अखिलेश सिंह ने बताया कि इको क्लब का गठन हो गया है यूथ क्लब का शीघ्र ही गठन कर लिया जाएगा। यहां शिक्षक करुणेश कुमार सिंह आकस्मिक अवकाश पर पाए गए ।शेष दोनों विद्यालयों में शिक्षक शिक्षण कार्य करते हुए पाए गए। प्रवक्ता के साथ सेवा निव शिक्षक इस्माइल खान भी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में मनाया गया 34वां स्थापना दिवस

- जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने अस्तौली के किसानों को दी बड़ी सौगात, 16 किसानों को बांटे 10 करोड़ रुपए की धनराशि से भी अधिक के चेक



लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** विगत दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के जनपद गौतमबुद्धनगर भ्रमण के दौरान जेवर विधायक धीरेन्द्र सिंह ने डंपिंग ग्राउंड को मुद्दे को उनके समक्ष रखा था।

जिसके बाद किसानों के हित में यह निर्णय लिया गया। आज दिनांक 28 जनवरी 2025 को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह के प्रयास से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के 34वें स्थापना दिवस के मौके पर ग्राम अस्तौली के डंपिंग ग्राउंड से प्रभावित 16 किसानों को तकरीबन 10 करोड रुपए की धनराशि से भी अधिक की धनराशि के चेक वितरित किए। इस मौके पर जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि गौतमबुद्धनगर के किसान भाइयों की लंबित समस्याओं को चिन्हित कर लिया गया है, जिनका शीघ्र निराकरण होगा।

साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के तीनों ही प्राधिकरण को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसानों की तत्कालीन लंबित समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाए। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने किसानों को आश्वस्त करता हूं कि जिस तरीके से इस जनपद के विकास में आपने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है, उसी की वजह से आज बड़ी-बड़ी परियोजनाओं पर काम चल रहा है।

यह बदलाव है, जहां किसानों ने आगे आकर उस विकास को गति दी, जहां तत्कालीन सरकारों में किसानों की जमीनों को लेने के लिए उन पर गोलियां चलती थी। जेवर के विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के उपस्थित अधिकारियों से कहा कि प्रदेश का विकास, किसानों की सहमति के बिना संभव नहीं है। इसलिए किसानों की आने वाली पीढ़ियां के लिए, हमें ऐसी योजनाएं बननी चाहिए, जिससे उनका जीवन स्तर उन्नत और खुशहाल हो।

इससे पहले जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने ग्रेटर नोएडा अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी सुनील कुमार सिंह, श्रीलक्ष्मी वीएस, श्रीमति प्रेरणा सिंह, विशेष कार्याधिकारी गिरीश झा व जनरल मैनेजर (परियोजना) एके सिंह, जनरल मैनेजर (प्लानिंग) श्रीमति नीलू सहगल, आरके भारती, सीनियर मैनेजर नागेन्द्र सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ अधिसूचित ग्रामों व ज़ेवर विधानसभा के सेक्टरों के विकास कार्यों को लेकर हुई विस्तृत चर्चा।

जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि सभी ग्रामों में एक कार्य योजना के माध्यम से विकास कार्य कराए जाएं।

# स्कूटी चालक ने बुजुर्ग को मारी टक्कर मौत, दवा लेने जा रहा था किसान




लोकमित्र ब्यूरो

**हरदोई।** जनपद में एक और सड़क दुर्घटना ने एक बुजुर्ग किसान की जान ले ली। बघौली थाना क्षेत्र के ग्राम सहोरिया निवासी तोताराम साइकिल से कछौना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दवा लेने जा रहे थे। लखनऊ-पलिया हाईवे (एनएच 731) पर भल्ले पेट्रोल पंप के सामने एक तेज रफ्तार स्कूटी ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने स्कूटी चालक को पकड़ लिया। जिसने अपनी पहचान बरेली जिले के फरीदपुर का तस्लीम पुत्र इकरार के रूप में बताई। वह संडीला से बांगरमऊ मार्ग पर स्थित एक ईंट भट्ठे पर काम करता है। गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को एम्बुलेंस से पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहां से उन्हें जिला अस्पताल और फिर लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर किया गया। लेकिन इस बीच उनकी मृत्यु हो गई। आरोपी स्कूटी चालक, जो शुरुआत में पीड़ित के साथ अस्पताल गया था, बाद में मौका पाकर फरार हो गया। उसकी बिना नंबर प्लेट की स्कूटी पुलिस ने जब्त कर ली है। मृतक के परिजनों ने कोतवाली कछौना में शिकायत दर्ज कराई है और पुलिस ने कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। यातायात निरीक्षक प्रमोद यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लोगों से निर्धारित गति सीमा का पालन करने, सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है।

# जनता की मदत करने में लगा हूं: किशोरी लाल

**अमेठी।** जिले के कांग्रेस किसान जिला सचिव सूर्य भान तिवारी ने अपने पैतृक आवास हरी राम तिवारी का पुरवा( हारीपुर) मे कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सांसद किशोरीलाल शर्मा ने जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनता का काम कर रहा हूँ। कांग्रेस को मजबूत करे। जनता के प्रति आभार जताया। और हारीपुर फिर आने का वादा किया। कांग्रेस किसान जिला सचिव सूर्य भान तिवारी ने सांसद के हाथो महिलाओ को कम्बल बितरण करवाये। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस मण्डल अध्यक्ष पवन कुमार दूबे ने किया। इस अवसर कांग्रेस कमेटी अमेठी जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल,कांग्रेस कार्यालय प्रभारी बृजेश कुमार तिवारी,मुन्ना सिंह तिसुण्डी,सुनील कुमार सिंह,एस के श्रीवास्तव आदि नेताओ की मौजूद रहे।

# अखिल भारतीय किसान सम्मेलन का किया गया भव्य आयोजन

लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** एटा महोत्सव के अवसर पर भारतीय हलधर किसान यूनियन द्वारा अखिल भारतीय किसान सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह मौजूद रहे। भारतीय हलधर किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी ने किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा करते हुए उनके समाधान के लिए कई सुझाव प्रस्तुत किए।

उन्होंने किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के स्थायी समाधान पर बल दिया। कार्यक्रम में कृषि उपनिदेशक रोहतास कुमार ने सरकारी योजनाओं की जानकारी साझा की। उन्होंने किसानों को बीज पर अनुदान और कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने की प्रक्रिया के दिशा-निर्देश दिए। इस



अवसर पर बड़ी संख्या में किसानों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कृषि से संबंधित योजनाओं एवं लाभकारी नीतियों की जानकारी प्राप्त की यह आयोजन किसानों के सशक्तिकरण और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा साजन देव वाष्णेय ने कहा कि जो सरकार किसानों के हित मे कार्य नही करेगी वो सरकार नही चलेगी किसान अन्न दाता की हर हाल में सुननी पड़ेगी अन्यथा की स्थिति में भुगतना पड़ेगा। कार्यक्रम में आये किसानों का शुक्र गुजार हूँ कि राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेंद्र सोलंकी को दिल से प्यार दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष रवि पचौरी,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष युवा साजन देव वाष्णेय,सुधीर चौहान महा मंत्री ब्रज क्षेत्र,रानू ठाकुर मंडल उपाध्यक्ष,कुंवर सुधीर सिंह राघव राष्ट्रीय प्रवक्ता,राजेन्द्र सिंह राणा,यादवेंद्र सिंह,राष्ट्रीय मुख्य महा सचिव देश राज भगत जी, प्रीति कश्यप राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, निर्मला गोलाने प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश, जरनैल सिंह, प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण गोपाल भदौरिया, असीम सोलंकी, शिव नाथ सिंह, अरुण चौहान प्रदेश अध्यक्ष युवा रिषभ यादव राष्ट्रीय अध्यक्ष छात्र मोर्चा, सुशील यादव राष्ट्रीय युवा सचिव,मो0 अनस राष्ट्रीय प्रचार प्रसार मंत्री, अंकित यादव राष्ट्रीय प्रभारी कैम्प कार्यालय, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के संयोजक एंव सह संयोजक ने सभी का हृदय से आभार प्रकट किया।

# भाकियू भूमिपुत्र ने धरना प्रदर्शन किया

लोकमित्र ब्यूरो

**नोएडा।** भारतीय किसान यूनियन भूमिपुत्र ने राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यमुना विकास प्राधिकरण ग्रेटर नोएडा में किसानों की समस्याओं को लेकर धरना प्रदर्शन किया इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार से मांग की यमुना प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले गांवों में प्रधान ना होने के कारण गांव के रास्ते, नाली स्थिति दयनीय हो रही है जिनकी मरम्मत अति आवश्यक हो।

एयरपोर्ट का निर्माण कार्य होने के कारण जेवर सिकंदराबाद नेशनल हाईवे अन्य रास्ते बंद होने के कारण क्षेत्र के लोगों को रोजमर्रा के कार्यों हेतु तहसील, ब्लाक आदि जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है इसलिए बंद हुए रास्तों का सही विकल्प होना बहुत जरूरी है यमुना विकास प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले कस्बों झाझर,रबुपुरा, जेवर ,टप्पल ,जहांगीरपुर आदि विभिन्न क्षेत्रों में कॉलोनाइजरों के द्वारा बहुत बड़े



पैमाने पर अवैध कॉलोनी बसाई जा रही हैं महोदय भोले वाले लोगों को कॉलोना इजरों के द्वारा एयरपोर्ट फिल्म सिटी आदि के सपने दिखाकर फंसा लिया जाता है

इन अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए , जिससे आम आदमी के मेहनत का पैसा गलत हाथों में जाने से बच सके एयरपोर्ट एयरपोर्ट निर्माण कार्य हेतु बंद किए गए रास्तों का जब तक कोई विकल्प नहीं होता है तब तक स्थानीय लोगों को यमुना एक्सप्रेसवे के जेवर टोल प्लाजा से निशुल्क निकलने की व्यवस्था की जाए महोदय क्षेत्र में चल रही औद्योगिक कंपनियों में स्थानीय नौजवानों को प्राथमिकता से रोजगार दिया जाए तथा सभी कंपनियों में काम करने वाले मजदूरों से 8 घंटे की बजाय 12 घंटे काम लिया जा रहा है जो कि सही नहीं है।

इस पर भी उचित कार्रवाई की जाए, इस अवसर पर रवि राघव, राजीव शर्मा, केशव, सलमान, जितेंद्र, हेमराज, धीरज, मुकेश, नरेंद्र, रविंद्र सिंह, संजय, अनिल कुमार, कुंदन, जयपाल, असलम आदि किसान उपस्थित रहे।

# पटना के पास रजवाह में मिला युवक का शव, फैली सनसनी



लोकमित्र ब्यूरो

**जलेसर/एटा।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के गांव पटना के निकट रजवाह में एक अज्ञात युवक का शव पड़ा मिला। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंची कोतवाली पुलिस द्वारा शव को पानी से बाहर निकाला गया। शव पर हल्के चोट के निशनहीं। पुलिस द्वारा शिनाख्त के लिए शव को कोतवाली लाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गांव पटना के निकट रजवाह में मंगलवार को सुबह पानी से अंदर एक शव पड़ा हुआ था।

मृतक की उम्र लगभग 30 वर्ष के लगभग है। मृतक ब्राउन कलर की जैकेट उसके अंदर सफेद रंग की कमीज तथा अंदर काले रंग की बनियान पहने हुए है। नीचे नीले रंग की जींस पहने हुए है। शव रजवाह के पानी मे उल्टा पड़ा हुआ मिला था। शव के पास कोई भी आधार कार्ड या पहचान का कोई भी वस्तु नहीं मिली है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक डॉ सुधीर राघव ने बताया कि मृतक की आंख में हल्की सी चोट है। तथा होठ पर छोटा सा कट का निशान है। जींस की पेंट उतरी हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि मृतक शौच इत्यादि करने के लिए रजवाह में उतर हो और पानी में गिर गया हो। शव की जानकारी आसपास के पुलिस थानों में दे दी गयी है।

# सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया अटल जन्म शताब्दी वर्ष

लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** भाजपा के महानगर कार्यालय नेहरू नगर पर सुशासन दिवस अटल जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, कार्यक्रम के महानगर संयोजक बॉबी त्यागी, महानगर मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी, सह मीडिया प्रभारी करण शर्मा, महिम गुप्ता मौजूद रहे। मीडिया को संबोधित करते हुए संजीव शर्मा ने बताया यह वर्ष भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी का जन्म शताब्दी वर्ष है।

25 दिसंबर को श्रद्धेय अटल जी की जयंती को सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। इस मौके पर बूथ, मंडल, जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर कई कार्यक्रम हुए।श्रद्धेय अटल जी के स्मारक ÷सदैव अटल% नई दिल्ली पर श्रद्धांजली एवं प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। भारत के




राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित केंद्रीय मंत्रीगण के साथ-साथ एनडीए के नेतागण एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने सभा में भाग लिया। श्रद्धेय अटल जी के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

सभी देशवासी गौरवान्वित है कि देश के दूरदर्शी, कर्मठ एवं यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अनेकों ऐतिहासिक उपलब्धियों के साथ विकसित भारत के संकल्प की ओर बढ़े । रहे हैं एवं श्रद्धेय अटल जी की सोच साकार हो रही है। प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) आदरणीय श धर्मपाल सिंह के निर्देशानुसार अटल जी की स्मृति में 31 जनवरी 2025 तक अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान तथा 15 फ़रवरी से 15 मार्च 2025 तक अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन जिले वार किया जाएगा। श्वअटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान श्रद्धेय अटल जी के मंगल जीवन एवं अभियान परक प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया है।

अटल विरासत सम्मेलन में श्रद्धेय अटल जी के साथ कार्य कर चुके महानुभाव व्यक्तियों से सामग्री का संकलन कर उनका सम्मान किया जाना भी तय किया गया। महानगर के सभी मंडल अध्यक्ष, पार्षद गण अटल स्मृति संकलन एवं संपर्क अभियान को आगे बढ़ाते हुए पूरी जानकारी जुटाकर कार्य को प्रदेश नेतृत्व को सौंपा जाएगा। संगठन द्वारा स्मृति संकलन में नामित होने वाले महानुभावों को सम्मानित किया जाएगा। पूरे कार्यक्रम का प्रचार महानगर मण्डल के सोशल मीडिया संयोजकों के माध्यम से अभियान टीम की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# लखनऊ के बोलेरो सवार 4 लोगों की मौत, माघ स्नान करने जा रहा था परिवार



लोकमित्र ब्यूरो

**रायबरेली।** लखनऊ-प्रयागराज मार्ग पर रायबरेली में सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। हादसा भदोखर थाना क्षेत्र के मुंशीगंज बाईपास के पास कान्हा ढाबे के निकट हुआ।

लखनऊ के तेलीबाग से माघ मेला में मौनी अमावस्या स्नान के लिए जा रहा परिवार इस हादसे का शिकार हुआ। तड़के हुए इस हादसे में बोलेरो और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से बोलेरो में सवार सभी छह लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। डॉक्टरों के अनुसार तीन लोग मृत अवस्था में लाए गए थे, जबकि एक महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। दीपेंद्र रावत (42) माया पत्नी विजय (40) आशीष द्विवेदी (55) रजनी (70) वर्तमान में एक बच्चे सहित दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन लखनऊ से रायबरेली के लिए रवाना हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश में जुटी है।

# गंगा वैली फार्म एंड कॉटेज का हुआ शुभारंभ



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** दिल्ली से एक घंटे की दूरी पर स्थित गंगा वैली प्रोजेक्ट का शुभारंभ गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर पूर्व मंत्री डी.पी यादव व हरेंद्र सिंह तेवतिया विधायक गढ़मुक्तेश्वर के द्वारा किया गया, इस अवसर पर डॉ. संजीव गर्ग, पूर्व विधायक कमल मलिक व प्रमोद नागर जिला पंचायत अध्यक्ष हापुड़,वर्षा यादव जिला पंचायत अध्यक्ष बदायूं सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि डी.पी यादव ने अपने विचार रखते हुए हमें प्रकृति से प्रेम करने व आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ व तनाव रहित रखने के लिए लोगों को इस प्रकार के वातावरण में रहने के लिए कहा, उन्होंने कहा गांव में रहने वाले व्यक्ति का स्वास्थ्य शहरों से अच्छा रहता है, क्योंकि वो प्रकृति के नजदीक रहते हैं और परिश्रम करते हैं, गंगा वैली में आकर शहर के लोग भी साफ हवा, धूप व पानी मिल सके, प्रोजेक्ट के बारे में आयोजकों ने बताया की दिल्ली, गाजियाबाद एन.सी.आर के लोगों के सिर्फ एक घंटे की दूरी पर गंगा वैली स्थित है, यहां पर लोग फार्म हाउस में कॉटेज खरीद कर अपना सेकंड होम बना सकते हैं और प्रत्येक वीकेंड पर अपने परिवार सहित आकर रह सकते हैं जहां पर अनेक प्रकार के प्रदूषण से राहत मिलेगी और शहरों की तेज जिंदगी से मुक्ति मिलेगी, उनके स्वास्थ्य के साथ उनके कार्य क्षमता भी बढ़ेगी, यूरोप व यू.एस के लोग इसी प्रकार का जीवन जीते हैं, पांच दिन का काम दो, दिन पूरा आराम, प्रोजेक्ट के बारे में विस्तृत जानने के लिए आप कंपनी में संपर्क कर सकते हैं, इस अवसर पर मेहमानों के लिए घोड़ा गाड़ी, ऊंट गाड़ी व घोड़ियों का डांस व बच्चों के लिए जादूगर व संस्कृति कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, कार्यक्रम में कई गणमान्य लोगों ने शिरकत की जिसमें मनोज गुप्ता प्रधान संपादक करंट क्राइम, आमोद गुर्जर जिला पंचायत अध्यक्ष, जितेंद्र यादव पूर्व एमएलसी, स्थानीय प्रधान प्रमुख व कॉरपोरेट सेक्टर के कई व्यापारी भी शामिल रहे, कार्यक्रम का आयोजन फाइव इंफ्रा कंपनी के डायरेक्टर सिकंदर यादव, रवि कुरील, रोहित प्रताप, संजय व यतेंद्र चौधरी ने सभी का धन्यवाद किया।

# मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगति के बारे में ली जानकारी

- मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास संबंधित कार्यों की एवं फैमिली आई. डी. कार्य की समीक्षा बैठक आयोजित
- खंड विकास अधिकारी अवागढ़, शीतलपुर एवं निधौली कला को फैमिली आई डी कार्ड कार्य में शिथिलता बरतने पर दी कड़ी चेतावनी



लोकमित्र ब्यूरो

**एटा।** जिलाधिकारी प्रेमरंजन सिंह के निर्देशानुसार मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 नागेंद्र नारायण मिश्र की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार सभागार में मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास संबंधित कार्यों एवं फैमिली आई. डी.कार्ड की समीक्षा बैठक विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि जिन विभागों की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है वह अपनी कार्य दक्षता में विशेष प्रयास कर अपनी रैंक में निरंतर प्रगति करते रहें तथा जिन विभागों को बी , सी ,डी श्रेणी प्राप्त हुई है वह अपनी कार्य क्षमता में सुधार कर विशेष प्रयास करें अगर किसी भी विभाग की उदासीनता एवं खराब कार्यशैली के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हुई तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित विभागों के विभागाध्यक्ष अपने-अपने अधीनस्थों के साथ निरंतर स्थिति पर नजर बनाए रखें तथा विशेष प्रयास कर अपनी रैंक किसी भी दशा में प्रभावित न होने दें,जिन विभागों की श्रेणी बी व सी है ऐसे विभाग अगले माह में प्रगति में सुधार लाते हुए ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें।

उन्होंने कहा कि अगले माह जिन अधिकारियों प्रगति की खराब पाई जाएगी उन पर कार्रवाई हेतु शासन में पत्राचार किया जाएगा अतएव सभी अधिकारी संज्ञान लेते हुए शासन द्वारा स्वीकृत की गई परियोजनाओं एवं चल रहे विकास कार्यों में व्यक्तिगत रुचि लेते हुए पूरी पारदर्शिता के साथ गुणवत्तापूर्ण कार्यों का निष्पादन करें।मुख्य विकास अधिकारी ने सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशानुसार हर पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी एवं लाभार्थी परक योजना का लाभ पहुंचाने के लिए फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाने की नितात आवश्यकता है सभी खंड विकास अधिकारी एवं नगरीय निकाय अधिकारी अपने-अपने स्तर से ग्रामीण क्षेत्र में प्रधानों एवं शहरी निकायों में सभासदों के माध्यम से तथा रोजगार सेवकों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं, पंचायत सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती इनके माध्यम से फैमिली आई डी कार्ड बनाए जाने की नियमित समीक्षा कर हर पात्र व्यक्ति को फैमिली आईडी कार्ड बनाए जाने हेतु प्रेरित करें,समीक्षा के दौरान उन्होंने कार्य में शिथिलता बरतने पर विकासखंड निधौली कला अवागढ़ एवं शीतलपुर के खंड विकास अधिकारी को चेतावनी देते हुए फैमिली आई.डी. कार्ड बनाए जाने की स्थिति में सुधार लाने के निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं को पात्र व्यक्तियों हो ही प्रदान किया जाए।

तत्पश्चात आकांक्षात्मक विकास खण्डों में कराए जा रहे कार्यों की प्रगति के संबंध मे जानकारी लेते हुए बिन्दुवार विस्तृत समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक मे जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी प्रदीप कुमार,रेखा मिश्रा, समस्त खण्ड विकास अधिकारी, सम्बन्धित विभागों के विभागाध्यक्ष आदि उपस्थित रहें।

संक्षिप्त खबरें

## मोबाइल टावर से उपकरण चोरी करने वाले दो बदमाश दबोचे



**गाजियाबाद।** क्राइम ब्रांच की टीम ने मोबाइल टावर से आरआर यूनिट समेत अन्य उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाशों कासिम और गोल्डी उर्फ फरहान को गिरफ्तार किया है। कासिम और गोल्डी 25-25 हजार रुपये का इनाम भी घोषित था। आरोपियों के पास से 25 लाख की कीमत के दो आरआर यूनिट और चार बेसबेंड यूनिट बरामद की गई है। एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि मोबाइल टावरों के उपकरण चोरी करने वाले गिरोह के सात बदमाशों को पुलिस ने पूर्व में गिरफ्तार किया था। आरोपियों से पूछताछ के आधार पर कासिम व गोल्डी का नाम सामने आया था।इसके बाद दोनों को गिरफ्तार किया गया। दोनों पांचवीं पढ़े हुए हैं। पहले दुकान पर उन्होंने नौकरी की थी। दो साल पहले नौकरी छूट गई।इसके बाद दोनों एक दूसरे के संपर्क में आए। तभी उनकी मुलाकात दिल्ली के स्क्रैप कारोबारी के यहां काम करने वाले कुछ लोगों से हुई। एक बार में उनको 10 से 15 हजार रुपये दिए जाते थे। कासिम व गोल्डी ने भी उनके लिए रेकी करने का काम शुरू कर दिया। उनकी निशानदेही पर आरआर यूनिट समेत अन्य उपकरण भी बरामद किए गए।

## तीन हफ्तों के अंदर संपन्न करवाएं चुनाव

**गाजियाबाद।** जनपद की सबसे पुरानी एवं बड़ी घंटाघर रामलीला कमेटी में विगत कुछ वर्षों से सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालत यह है कि धार्मिक आयोजनों की बजाए यह कमेटी अपनी आर्थिक अनियमिताओं तथा घोटालो की वजह से जनपद में तथा बाहर ज्यादा चर्चित रहती है। जनपद के लोग रामलीला के मंचन को लेकर नहीं अपितु पार्किंग तथा एग्जीबिशन के ठेके की अनियमिताओं की चर्चा ज्यादा करते नजर आते हैं । कार्यकारिणी के गठन के लिए यहां होने वाला वार्षिक चुनाव विगत कई वर्षों से लगातार टलता आ रहा है जो कि मिली भगत के साथ घालमेल किए जाने की तरफ स्पष्ट इशारा करता है। इनमें से एक पक्ष सीधे तौर पर चुनाव करवाने के पक्ष में है जबकि दूसरे पक्ष द्वारा किसी न किसी जुगत से चुनाव को टालने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस संबंध में डिप्टी रजिस्ट्रार को लंबे अरसे से पत्र भेजे जाते रहे हैं, परंतु डिप्टी रजिस्ट्रार द्वारा अब तक चुनाव करवाए जाने को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गंभीर अनियमितताओं को लेकर जब रामलीला कमेटी के एक पक्ष ने हारकर हाई कोर्ट का रुख किया तो हाई कोर्ट ने इस बात का संज्ञान लेते हुए डिप्टी रजिस्ट्रार को 3 हफ्तों के अंदर चुनाव करवाने का निर्देश दिया। इसके साथी अदालत की अवमानना का नोटिस भी डिप्टी रजिस्ट्रार को भेजा गया है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि घंटाघर रामलीला में वर्षों से घटित होने वाले पर्चे और खर्चे के खेल के केवल चर्चे ही होते रहेंगे अथवा इस बार हाई कोर्ट के निर्देश पर कुछ ठोस कदम उठाया जाएगा। क्या वाकई इस बार हाई कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद आने वाले तीन हफ्तों के अंदर रामलीला कमेटी में चुनाव संपन्न हो पाएंगे?

# घने कोहरे ने ले ली दो छात्रों की जान

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया में डॉक्टर मौजूदन होने पर निघासन रेफर किया गया परिजनों ने निजी वाहन से सीएचसी निघासन पहुंचाया

लोकमित्र संवादसूत्र



**तिकुनिया-खीरी।** कस्बा निवासी व्यापारी पुत्र घर से स्कूल के लिए बाइक से निकले, स्कूल के बंद होने पर बेलरायां की ओर घूमने चले गए वापस आते समय सामने से आ रहे डंपर से टकराकर हाई स्कूल के छात्र शिवांश जैन 16 पुत्र मुकेश जैन तथा आर्यन सिंह 15 पुत्र प्रताप सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए बाइक चकनाचूर हो गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया में डॉक्टर मौजूदन होने पर निघासन रेफर किया गया परिजनों ने निजी वाहन से सीएचसी निघासन पहुंचाया । जहां इलाज के दौरान दोनों छात्रों की मौत हो गई। दोनों परिवारों में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है घटना को लेकर पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टैनी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। मंगलवार को कस्बा निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी मुकेश जैन के इकलौते बेटे शिवांश जैन तथा व्यापारी प्रताप सिंह के पुत्र आर्यन सिंह गुरु नानक देव सिख अकादमी में दसवीं कक्षा के छात्र थे सुबह दोनों स्कूल के लिए बाइक से निकले थे।सुबह के 8 बजे रहे थे इस समय घना कोहरा छाया हुआ था दोनों छात्र स्कूल पहुंचे स्कूल बंद होने पर बेलरायां रोड की ओर घूमने चले गए। वापस आते समय पावर हाउस के सामने तिकुनिया की ओर सेआ रहे डंपर में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें बाइक चकनाचूर हो गई दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर मनोज वर्मा के न होने पर निघासन सीएचसी रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने आर्यन सिंह के शव को कब्जे में लेकर पीएम को भेज दिया है। मुकेश जैन और परिजनों ने बेटे का पीएम कराने से मना कर दिया है। कोतवाली प्रभारी अमित सिंह भदोरिया ने बताया घटना को लेकर दोनों पक्षों ने तिकुनिया में तहरीर दी है ट्रक को कब्जे में ले लिया गया है रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। मिल जाते डॉक्टर तो शायद बच जाती जान परिजनों ने बताया मंगलवार को सुबह 8:00 दुर्घटना के बाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तिकुनिया में जब घायल दोनों छात्रों का लेकर पहुंचे तो यहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे फार्मासिस्ट ने निघासन को रेफर कर दिया लोगों का कहना है यदि अस्पताल में डॉक्टर मौजूद होते तो शायद प्राथमिक उपचार में दोनों छात्रों की जान बच सकती थी।

## स्वतंत्र कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त बनने पर दी शुभकामनाएं



लोकमित्र ब्यूरो

**गाजियाबाद।** मोहित सूद वाल्मीकि महानगर अध्यक्ष आजाद समाज पार्टी काशीराम गाजियाबाद ने स्वतंत्र कुमार सिंह को नव नियुक्त कविनगर सहायक पुलिस आयुक्त बनने पर उनके कार्यालय पहुंचकर फूल के बुके देकर व मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं दी और शिष्टाचार मुलाक़ात की।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि आजाद समाज पार्टी एक सर्व समाज समावेशी पार्टी है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों और विशेष रूप से दलित शोषितों वंचितों तथा अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा हेतु संघर्षशील रहना है। पार्टी के गाजियाबाद जनपद के महानगर अध्यक्ष होने के नाते उनका यह अहम उत्तरदायित्व बनता है कि समाज के सभी वर्गों के हितों की रक्षा बिना किसी भेदभाव के समान रूप से होनी चाहिए। परंतु इसके लिए शासन एवं प्रशासन तालमेल बैठाना एवं से जनता के मुद्दों एवं समस्याओं को लेकर विभिन्न विभागों में पहुंचकर उन समस्याओं के निराकरण के उपाय करना सबसे बड़ी चुनौती है। यही वजह है कि उन्होंने शासन एवं प्रशासन के विभिन्न महकमों में सीधा संपर्क साधना प्रारंभ कर दिया है ताकि जरूरत पड़ने पर उन महकमों के विभिन्न उच्च अधिकारियों के सहयोग से जनता की समस्याओं का निराकरण कम से कम समय में किया जा सके।

# सारथी वाहनों को किया गया रवाना

- मिशन परिवार विकास के अंतर्गत चलाया गया परिवार नियोजन
- सीएमओ संतोष गुप्ता द्वारा सारथी वाहनो को किया गया रवाना

लोकमित्र ब्यूरो




**लखीमपुर-खीरी।** जनसंख्या नियंत्रण को लेकर मिशन परिवार विकास के अंतर्गत परिवार नियोजन की सेवाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आईईसी से सुसज्जित दो सारथी वाहनों को हरी झंडी दिखाकर सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता के द्वारा रवाना किया गया।

ब्लॉक स्तर पर भी ऐसे ही तीन-तीन प्रचार वाहन गांव-गांव तक परिवार नियोजन का संदेश पहुंचाएंगे।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बढ़ती हुई जनसंख्या का स्थिरीकरण करना एक अच्छे भविष्य की शुरुवात से है। परिवार नियोजन की सेवाओं में महिला नसबंदी, पुरुष नसबंदी, कापर टी, अंतरा इंजेक्शन, छाया साप्ताहिक गोली, माला एन, ई सी पिल आदि सभी सीएचसी और पीएचसी पर उपलब्ध है।

हमारे देश में सीमित संसाधन है ऐसे में बढ़ाने वाली जनसंख्या से संसाधनों में कमी आएगी, परंतु जनसंख्या नियंत्रण से इनमें व्यापक सुधार भी किए जा सकतें हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मिशन परिवार विकास के अंतर्गत सारथी वाहनों का संचालन गांव-गांव तक जन जागरूकता पहुंचने के लिए किया जा रहा है। इस दौरान एसीएमओ डॉ एसपी मिश्रा, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद वर्मा, सीएचसी अधीक्षक डॉ देवेंद्र सिंह, डॉ रवि सिंह, डॉ रामू वर्मा, डॉ अमित सिंह, डॉ राकेश गुप्ता, डीपीएम अनिल यादव, डैम सतपाल सिंह, एफएम फैमिली प्लानिंग पद्माकर सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# हृदय नारायण दीक्षित को बधाई देने वालों का तांता

लोक मित्र संवाद



**पाटन उन्नाव।** किसी भी व्यक्ति की उपलब्धियां स्वयं उसके कार्यो का परिणाम नहीं होती ,कोई भी व्यक्तिबड़ा या प्रतिष्ठित तभी बन सकता है जब उसका परिवार ,उसके साथी संघी, समाज , देश ,आचार्य , गांव देहात के बुजुर्ग माता पिता का सहयोग एक साथ मिलता है ,तब उन्नति करता है।

साहित्यकार एवं लेखक पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित को भारत सरकार द्वारा पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा के बाद आवास पर मिलने पहुंचे शुभ चिन्तकों से व्यक्त किए । उन्होंने कहा कि मनुष्य अपने प्रयत्नों से उतनी उन्नति नही कर सकता जितनी उसकी इच्छा होती है । व्यक्ति उन्नति मे पूरे समाज का योगदान रहता है । हमारा जो सम्मान घोषित हुआ है इसमे हमारे पुरखों , गांव देहात के बुजुर्गो , आचार्यो , पत्रकार साथियों के समय समय पर सुझाव , राजनीतिक क्षेत्र के वरिष्ठजनों सहित पूरे समाज ने भागीदारी की तब बन कर तैयार हुआ है । इससे सामूहिकता की प्रेरणा लेनी चाहिए। कई बार शत्रुओं की कृपा से भी प्रेरणा मिलती है ,तो व्यक्ति और गुणात्मक होता है। हमारी भारतीय संस्कृति का संदेश भी है कि हम सब मिलजुल कर कार्य करें । मै जिस शैली , भारतीय दर्शन , संस्कृति , सामूहिकता ,वैदिक काल यही शैली हमारी काम करने की शैली हैं । उसमें मै और दूने वेग से मजबूती के साथ जुटेंगे । समाज हमको आशीर्वाद देगा तो और प्रतिष्ठा बढ़ेगी । श्री दीक्षित साहित्यकार के साथ साथ वरिष्ठ पत्रकार भी है। भारत सरकार ने साहित्य कला शिक्षा एवं पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए पद्मश्री पुरस्कार देने की घोषणा की हैं। पुरस्कार की घोषणा होने के बाद उनके आवास पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है । बधाई देने वालों में विधायक श्रीकान्त कटियार , सूरज सिंह चौहान , शिववीर सिंह , सरोज सिंह चौहान , अनिल कुशवाहा, आशीष कुमार उर्फ रिंकू शुक्ला, पिन्कू सिंह , यतीन्द्रनाथ मिश्रा , सोमू सिंह , शिवम् तिवारी अन्य लोग रहे ।

# बसंत पंचमी पर भव्य यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन देवकली में

- बसंत पंचमी पर सामूहिक यज्ञोपवीत कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार

लोकमित्र ब्यूरो



**लखीमपुर-खीरी।** सनातन हिन्दू धर्म के 16 संस्कारों में से एक उपनयन संस्कार के अंतर्गत ही जनेऊ पहना जाता है जिसे यज्ञोपवीत संस्कार कहते हैं, बसंत पंचमी के अवसर पर जनपद लखीमपुर-खीरी के श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल में नवीन सत्र में अध्ययनरत वटुक ब्रह्मचारियों व समाज से आए वटुको का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार महोत्सव सुनिश्चित हुआ है महंत प्रमोद जी महाराज ने कहा कि बसंत पंचमी के दिन बिना किसी मुहूर्त के यज्ञोपवीत संस्कार और विवाह करने की मान्यता है हिंदू धर्म में 16 संस्कारों में यज्ञोपवीत संस्कार सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है।

देवकली तीर्थ स्थित श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ में इस बसंत पंचमी ,03 फरवरी को ब्राह्मण बटुकों के लिए यज्ञोपवीत संस्कार का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस विशेष आयोजन की जानकारी महंत प्रमोद जी महाराज ने दी।श्रीमती चन्द्रकला आश्रम परिवार की तरफ से श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल के नवीन सत्र में अध्ययनरत वटुक ब्रह्मचारियों एवंसमाज से आए बटुकों का यज्ञोपवीत संस्कार किया जाएगा।

महंत प्रमोद जी महाराज ने बताया कि इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से यह आयोजन होगा।

विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोगों को इस पवित्र संस्कार में भाग लेने के लिए अपील की है। आश्रम ने इस बार अधिकतम बटुकों का उपनयन संस्कार कराने का लक्ष्य रखा है।

**पंजीकरण प्रक्रिया शुरू:** यज्ञोपवीत संस्कार के लिए पंजीकरण प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है।जो भी बन्धु अपने पाल्यो का यज्ञोपवीत संस्कार कराना चाहते हैं।वह परिजन शीघ्रातिशीघ्र श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल कार्यालय पहुंचकर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 जनवरी 2025 रखी गई है आश्रम प्रबंधन ने आयोजन को सफल बनाने के लिए पूरी तैयारी कर ली है।

**यज्ञोपवीत संस्कार!:** श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ में आयोजित यह उपनयन संस्कार आगामी बसंत पंचमी 03 फरवरी, दिन सोमवार को सम्पन्न होगा। इस सेवा के तहत बटुकों का पवित्र संस्कार पूरे विधि-विधान के साथ संपन्न कराया जाएगा।

**यज्ञोपवीत संस्कार आयोजन के लिए तैयारियां पूरी!:** श्रीमती चन्द्रकला संस्कृत विद्यापीठ/आश्रम प्रबंधन ने इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए हैं। आयोजन स्थल को सजाने और आने वाले अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

**समाज के लिए विशेष महत्व:- महंत प्रमोद जी महाराज**

यह यज्ञोपवीत संस्कार ब्राह्मण समाज के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन है। हर साल की तरह इस बार भी यह आयोजन ब्राह्मण समाज को एकजुट करने और उनके पारंपरिक संस्कारों को जीवित रखने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

बसंत पंचमी पर यज्ञोपवीत संस्कार का आयोजन श्रीमती चन्द्रकला आश्रम/संस्कृत विद्यापीठ देवकली तीर्थ स्थल में बसंत पंचमी के शुभ दिन पर आयोजित इस कार्यक्रम में आने वाले बटुकों के जीवन में यह संस्कार एक नई शुरुआत का प्रतीक होगा। आश्रम प्रबंधन ने श्रद्धालुओं से अपील की है।

# दईया-दईया, दईया रे छूटि गई गईया रे

- मुख्य रूप से कोतवाल सुरेश मिश्रा व महेश गंभीर की मौजूदगी रही

लोकमित्र ब्यूरो




**धौरहरा-खीरी।** गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में धौरहरा कस्बे के नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सोमवार शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें कविता की थीम थी कविता चली गांव की ओर। जिसमें दूर दराज से कवि आऐ थे।

गणतंत्र दिवस के अवसर पर धौरहरा कस्बे के नागेश्वर महादेव मंदिर परिसर में कवि सम्मेलन का आयोजन स्थानीय कवि जगदीश पाण्डेय द्वारा किया गया। जिसमें कवियों द्वारा देश भक्ति किसानों व समाज में मौजूद कमियों को उजागर किया गया।जिसमें मुख्य रुप से हरिहर दंत पाण्डेय बाराबंकी, अतुल मिश्रा मधुर लखीमपुर, कृति श्रीवास्तव लखीमपुर, तमन्ना हुसैन लखीमपुर, संदीप कटियार, धर्मेन्द्र शर्मा, अर्पित मिश्रा तेजस आदि की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कोतवाल धौरहरा सुरेश मिश्रा ने फीता काट कर कवि सम्मेलन का शुभारंभ किया।इस दौरान मुख्य रूप से शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन के अध्यक्ष महेश गंभीर पत्रकार व सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# गोल्डन जुबली ईयर 2025 का हुआ शानदार आगाज

लोकमित्र ब्यूरो



**तिकुनिया-खीरी।** 26 जनवरी 2025 को भारत का 76वां गणतंत्र दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर विद्यालय द्वारा सजीव झांकियों व जय घोष के साथ शोभायात्रा निकाली गई,कार्यक्रम की*मुख्य अतिथि सहायक कमांडेंट एस0एस0बी0 चौकी डांगा रौनक त्यागी का स्वागत एन0सी0सी0 कैडेट्स द्वारा सलामी परेड करके किया गया। मुख्य अतिथि द्वारा प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्याम सुंदर पाण्डेय, उपाध्यक्ष अमित कुमार अग्रवाल, प्रबन्धक राजेश अग्रवाल उप प्रबन्धक देवेंद्र सिंह व सदस्य राम स्नेही गुप्ता तथा 26 क्कक्ष्ह ह्ष्ष्ट लखीमपुर खीरी के जवानों की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण एवं राष्ट्रगान के उपरांत विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम स्कूल के बच्चों के द्वारा संपन्न हुए, एवं 25 जनवरी को कराई गई विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी रहे छात्र-छात्राओं को तथा आज के कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने वाले छात्रों तथा एन0सी0सी0 परेड में प्रतिभाग करने वाले कैडेट्स को विद्यालय की प्रबंध समिति के द्वारा पुरस्कृत किया गया। सभी कार्यक्रमों के उपरांत मुख्य अतिथि के द्वारा विद्यालय में लगी कला एवं विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण किया गया । इसके बाद मुख्य अतिथि ने अपने शब्दों में विद्यालय की प्रबन्ध समिति व स्टाफ की भूरि भूरि प्रशंसा की। प्रबंधक राजेश अग्रवाल द्वारा छात्रों को आत्मनिर्भर बनाये जाने की दिशा में कौशल विकास, करियर काउंसलिंग, पर जोर देने एवं 12ह्लद्ध की पढ़ाई के साथ साथ विभिन्न कोर्स शुरुआत करने पर बल दिया जिससे 12ह्लद्ध के बाद छात्र को किसी पर निर्भर ना होना पड़े। इन सभी कार्यक्रमों में प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता, विनीत कुमार मिश्रा, राजेश कुमार मौर्य एवं विद्यालय के समस्त अध्यापक /अध्यापिकाएं तथा अभिभावक गण उपस्थिति रहे।

## कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा सोसाइटी में बेंच उपलब्ध करवाए जाने की सराहना

**गाजियाबाद।** कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार सुनील शर्मा तथा बीजेपी नेता एवं पूर्व पार्षद संजीव त्यागी का राजनगर एक्सटेंशन की 50 सोसाइटियों को पांच-पांच बेंच उपलब्ध कराने के लिए फ्लैट ओनर्स फेडरेशन गाजियाबाद द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। बताया गया कि इस सराहनीय कदम न केवल स्थानीय निवासियों के लिए सुविधा होगी , बल्कि समुदाय के बीच एकता और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिलेगा। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि दोनों नेता अपने क्षेत्र के विकास और निवासियों की सुविधा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

विधायक निधि कोटे का उपयोग करके ऐसी परियोजनाओं को अमल में लाना न केवल स्थानीय निवासियों के लिए लाभकारी है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि नेता अपने निर्वाचन क्षेत्र के हित में काम कर रहे हैं।

# यूपीएस के विरोध में अटेवा का जोरदार प्रदर्शन

लोकमित्र ब्यूरो




**लखीमपुर।** अटेवा/एनएमओपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के आह्वान पर 28 जनवरी 2025 को पूरे देश में कर्मचारियों और शिक्षकों ने एकजुट होकर यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) का विरोध दर्ज किया। जनपद में जिला सयोजक विश्वनाथ मौर्य के नेतृत्व में इस विरोध प्रदर्शन के तहत सभी विद्यालयों और विभागीय कार्यालयों में कर्मचारियों व शिक्षकों ने कागज पर ÷यूपीएस यूनिफाइड पेंशन स्कीम गो बैक÷ लिखकर उसे जलाकर अपना विरोध प्रकट किया।

अटेवा/एनएमओपीएस के प्रदेश संगठन मंत्री एवं जिला संरक्षक संदीप वर्मा ने कहा कि यूनिफाइड पेंशन स्कीम (यूपीएस) शिक्षक कर्मचारियों के साथ धोखा है। इसके विरोध में अटेवा का यह आंदोलन सभी जिलों में व्यापक रूप से समर्थन प्राप्त कर रहा है। शिक्षकों और कर्मचारियों ने इस बात पर जोर दिया कि पेंशन उनका अधिकार है और इसके लिए वे हर संभव संघर्ष किया जायेगा।

जिला संयोजक विश्वनाथ मौर्य ने बताया कि अटेवा/एनएमओपीएस के आंदोलन का उद्देश्य नई पेंशन योजना (एनपीएस) को समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करना है। उन्होंने कहा कि पेंशन कर्मचारियों का हक है और इसे हर हाल में लेकर रहेंगे। यूपीएस किसी कर्मचारी को किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं है। बहुत जल्द ही लखनऊ व दिल्ली में बड़ा प्रदर्शन होगा। महामंत्री मनोज वर्मा ने कहा कि यूपीएस जैसी योजनाएं उनके भविष्य के साथ अन्याय करती हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए अटेवा/एनएमओपीएस के साथ हर कर्मचारी और शिक्षक एकजुट हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा, यदि हम एकजुट रहेंगे तो कोई भी हमारा हक हमसे छीन नहीं सकता। जिला कोषाध्यक्ष राजेश पाण्डेय में बताया कि अटेवा/एनएमओपीएस की इस पहल को लेकर प्रदेश के सभी विभागों में आक्रोश देखा गया और यह आंदोलन धीरे-धीरे एक राष्ट्रीय मुद्दा बनता जा रहा है।

इस अवसर पर संतोष वर्मा, मनोज वर्मा, राजेश पांडेय, डॉ0 कमल मौर्य, ओम प्रकाश, सतीश वर्मा, बलवीर यादव, लक्ष्मी नारायण दीक्षित, प्रफुल भारती, प्रिया वर्मा, सुजीत सम्यक रामानुज वर्मा, कमलेश यादव, सोमेंद्र मौर्य, वीरेन्द वर्मा, रिपुंजय पटेल, अवधेश प्रताप सिंह, हरिशंकर वर्मा, राम विनय, गीतांजलि, आरती मौर्य, श्वेता पुरवार, पंकज वर्मा, राजेश कुमार, जावेद अख्तर, राम सजीवन विश्वकर्मा, अंजनी वर्मा, आनंद पाल, कैलाश शंकर, राम मिलन भार्गव, डीके राम, विशेष शर्मा, प्रशांत सिंह, अनिल शुक्ला आदि सैकड़ो शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और बंगलूरू फ्लाइट की बुकिंग शुरू

लोकमित्र ब्यूरो



**साहिबाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से गोवा और बंगलूरू के लिए फ्लाइट की बुकिंग शुरू हो चुकी है। सांसद अतुल गर्ग ने बताया कि एक मार्च को गोवा और दो मार्च से बंगलूरू के लिए हिंडन एयरपोर्ट से उड़ान शुरू होगी।

पहली बार है जब हिंडन एयरपोर्ट से 180 सीटर व्यावसायिक विमान उड़ान भरेगा। पूर्व में स्टार एयर ने जहां 50 सीटर हुबली एवं कलबुर्गी के लिए विमान चलाई थी। वहीं बठिंडा व लुधियाना के लिए करीब 80 सीटर विमान उड़ान भर रहा है। सांसद ने बताया कि गोवा व बंगलूरू के बाद अब अयोध्या, प्रयागराज व लखनऊ की उड़ान के लिए विभिन्न एयरलाइंस कंपनियों से बात की जा रही है। एयरपोर्ट निदेशक उमेश यादव ने बताया कि विमान कोलकाता से सुबह 7:10 पर हिंडन के लिए उड़ान भरेगा और यहां 9:30 बजे पहुंचेगा। यहां एक घंटे के बाद गोवा के लिए यही विमान सुबह 10:30 बजे उड़ान भरेगा और गोवा 1:15 पर पहुंचेगा। गोवा से यही फ्लाइट दोपहर दो बजे हिंडन सिविल एयरपोर्ट के लिए उड़ान भरेगी और शाम 04:40 बजे पहुंचेगी।

इस विमान का उड़ान समय 2 घंटे 40 मिनट होगा। यहां 40 मिनट रुकने के बाद कोलकाता के लिए 5:20 पर विमान उड़ान भरेगा और रात 7:40 बजे कोलकाता पहुंचेगा। बंगलूरू से 12:40 बजे विमान प्रस्थान करेना और दोपहर 03:15 बजे हिंडन पहुंचेगा।

# एनपीएस ,यूपीएस स्वाहा के नारे लगाते हुए शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

## शिक्षकों ने यूपीएस ,एनपीएस की प्रतिलिपि को किया आग के हवाले





### पुरानी पेंशन बहाली को लेकर शिक्षकों ने किया विरोध प्रदर्शन

**बलरामपुर।** मंगलवार को एमपीपी इंटर कॉलेज में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ एकजुट गुट के अगुवाई में केंद्र सरकार से यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू करने का विरोध किया है ।शिक्षकों ने एनपीएस एवं यूपीएस की प्रतिलिपि को जलाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए सिर्फ ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करने की मांग की है। संघ जिलाध्यक्ष अजय चौधरी एवं जिला मंत्री सुरेश कुमार यादव की अगवाई में यूनिफाइड पेंशन स्कीम लागू होने पर शिक्षकों के साथ विरोध प्रदर्शन करते हुए एनपीएस एवं यूपीएस की प्रतिलिपि आग के हवाले किया है। संघ जिला मंत्री ने कहा कि किसी भी सूरत में न्यू पेंशन स्कीम एवं यूनिफाइड पेंशन स्कीम को शिक्षक कर्मचारी अधिकारी को स्वीकार नहीं है। शिक्षक कर्मचारियों ने पुरानी पेंशन लागू करने की मांग की है। संघ मंत्री ने कहा कि शिक्षक कर्मचारी अधिकारी के हक को करने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन किसी भी हाल में शिक्षक झुकने वाले नहीं हैं केंद्र एवं राज्य सरकार को पुरानी पेंशन लागू करना ही होगा। यही बुढ़ापे का सहारा है इसे शिक्षक लेकर रहेंगे। एमपीपी इंटर कॉलेज में विरोध प्रदर्शन के दौरान रामाशीष वरुण उमानाथ उपाध्याय मनोज कुमार आनंद प्रताप सिंह जेके मिश्रा गीत गौतम मीना वर्मा सईद अहमद आरिफ वाहिद डॉक्टर मेहंदी अंजुम आदि शिक्षक कर्मचारी एवं संघ पदाधिकारी विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे हैं इन सभी ने एक स्वर में पुरानी पेंशन बहाली की मांग की है इसके अतिरिक्त कोई भी पेंशन स्कीम न मानने का ऐलान किया है।

### अटेवा संघ ने भी यूनिफाइड पेंशन स्कीम का किया विरोध

ऑल टीचर्स इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में यूनिफाइड पेंशन स्कीम को केंद्र सरकार से लागू करने का विरोध किया है। जिलाध्यक्ष अनुरागरस्तोगी जिला मंत्री मोहम्मद इकबाल खान ने संयुक्त रूप से कहा कि शिक्षक कर्मचारी अधिकारी के साथ यूनिफाइड पेंशन स्कीम छलावा है इस स्कीम को किसी भी सूरत में कर्मचारी नहीं मानेंगे।

कर्मचारी अधिकारी शिक्षक को सिर्फ केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पुरानी पेंशन ही मान्य होगी इस सरकार बहाल करें। सभी ने यूनिफाइड पेंशन स्कीम का गजट लागू होने का विरोध किया है।

# फर्जी बैनामा प्रकरण में मोस्ट ने दी जिला प्रशासन को चेतावनी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** मोस्ट कल्याण संस्थान के तत्वाधान में मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद के नेतृत्व में जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया।

ज्ञापन में लिखा है कि लाल बहादुर सुत स्व0 अंगनू निवासी ग्राम सैफुल्लागंज (टांटिया नगर) थाना गोसाईगंज जनपद सुलतानपुर के अनुसार उनकी संपूर्ण पुश्तैनी भूमि का फर्जीवाड़ा कर बैनामा बीते 02 जनवरी को भूमाफिया संदीप कुमार शुक्ला पुत्र शिवभूषण शुक्ला द्वारा कर लिया गया है, पीड़ित लाल बहादुर निषाद के अनुसार पिछले 10 दिन से तहरीर पर तहरीर गोसाईगंज थाने व नगर कोतवाली में देता चला आ रहा है, लेकिन अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। उक्त फर्जी प्रकरण में मोस्ट कल्याण संस्थान ने मांग की है कि पीड़ित लाल बहादुर निषाद का एफआईआर दर्ज कर फर्जीवाड़ा करने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाय एवं फर्जी बैनामा को रद्द कर उक्त भूमि पर लाल बहादुर निषाद का स्वामित्व किया जाय और पीड़ित लाल बहादुर निषाद परिवार की मानसिक प्रताड़ना व भाग दौड़ में हुए खर्च की सम्पूर्ण धनराशि को क्रेता से दिलवाना सुनिश्चित किया जाए।



मोस्ट प्रदेश प्रमुख जीशान अहमद ने कहा कि यथाशीघ्र उपरोक्त मांगे पूरी नहीं हुई तो मोस्ट के लोग जिलाधिकारी कार्यालय गेट पर धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में पीड़ित लाल बहादुर निषाद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, सह संयोजक अमृतलाल निषाद, जिला प्रमुख डा. गोविंद भगत, जिला महासचिव शिवराम गुप्ता, दिलीप निषाद, डा. राहुल निषाद, रमाकांत यादव, सुखराज निषाद सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# गोमती आरती में उमड़ा जन सैलाब, संख्या पहुंची हजार के पार



**सुल्तानपुर।** कहते हैं दृढ़ इच्छा शक्ति व नेक नियति के साथ किये गये कार्य में सफलता विलंब से मिले लेकिन मिलती अवश्य है, सच ही कहा है ÷कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता एक पत्थर जरा तबीयत से उछालो तो यारों÷ 2012 में मात्र पांच लोगों की मौजूदगी में गोमती मित्र मण्डल ने इस आशय के साथ आरती शुरू की थी कि इसी बहाने लोग धाम आएंगे मां गोमती की दुर्दशा देखेंगे उसकी व्यथा से पीड़ित होंगे और गोमती मित्र मंडल के स्वच्छ गोमती संकल्प अभियान में सहयोगी बनेंगे और आज 25 सदस्यों वाले संगठन की सदस्य संख्या 500 के पार हो गई है।

साप्ताहिक स्वच्छता श्रमदान में जन सहभागिता व हर रविवार होने वाली आरती में जनसैलाब उमड़ने लगा है, मां गोमती के जयकारों से गूंजता सीता कुंड धाम किसी तीर्थ स्थान से काम नहीं लगता, 26 जनवरी की शाम होने वाली आरती में तो श्रद्धालुओं का आंकड़ा 1000 के पार हो गया। मुख्य यजमान रहे वरिष्ठ चिकित्सक डा. राजेन्द्र कपूर, मधु कपूर, भजन गायक जन्मेजय प्रताप सिंह, उपस्थित मुख्य जनों में डा.अनिल पाण्डेय, मालती पाण्डेय, इन्दू शर्मा, प्रमोद शंकर मिश्रा, कल्पना मिश्रा, व्यवस्था में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह÷मदन÷, महिला मण्डल अध्यक्ष शालिनी कसौधन, राजेन्द्र शर्मा, राजेश पाठक, संतकुमार प्रधान, राकेश सिंह दद्दू, दीपक मिश्रा,डॉ कुंवर दिनकर प्रताप सिंह, विकास शर्मा आदि का सहयोग रहा।

# मिल्कीपुर दोहराएगा अयोध्या लोकसभा का इतिहास- हसीब खान

## कड़ाके की ठंड में मिल्कीपुर चुनाव में सपाइयों ने बढ़ाई गर्मी, मिल्कीपुर उपचुनाव में दांव पर सपा भाजपा की प्रतिष्ठा

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव में सपा भाजपा ने चुनावी महासमर में एक दूसरे को मात देने के लिए जनता जनार्दन के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। सपा नेताओं ने कड़ाके की ठंड में चुनावी गर्मी बढ़ा दी है। अयोध्या संसदीय क्षेत्र का मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव आगामी 5 फरवरी को होने जा रहा है।

उपचुनाव में जहां भाजपा ने अपने तमाम मंत्रियों को उतार कर चुनावी जीत अपने पक्ष में करने का पूरा प्रयास कर रही है ।वहीं सपा मुखिया पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपने तमाम करीबी भरोसेमंद नेताओं को मिल्कीपुर चुनाव में लगाकर अयोध्या की तरह इस विधानसभा पर भी दोबारा कब्जा बरकरार रखने के प्रयास में जुटे हुए हैं ।इस चुनाव में जहां सपा मुखिया ने आजमगढ़ सांसद व वरिष्ठ समाजवादी नेता धर्मेंद्र यादव को लगातार जनसभा में उतार दिया है ,वहीं उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ सपा नेता हसीब खान के साथ सीसामऊ विधायक नसीम सोलंकी भी मिल्कीपुर के जनता से मिलकर सपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने में लगे हुए हैं। सपा नेता हसीब खान ने मिल्कीपुर प्रत्याशी अजीत प्रसाद को भारी बहुमत से जीत दिलाने में दिन रात एक कर दी है।





कार्यकर्ताओं के साथ लगातार पूरे विधानसभा में जनमानस से संपर्क में जुटे हुए हैं ।उन्होंने जनसंपर्क के दौरान जन मानस से अपील किया कि जिस तरह से अयोध्या में लोकसभा चुनाव में भाजपा को कड़ी शिकस्त देकर जनता जनार्दन ने अवधेश प्रसाद को सांसद बनाया है। इसी तरह से बहुमुखी प्रतिभा के धनी, स्वच्छ, नेक, ईमानदार छवि के सपा नेता अजीत प्रसाद के पक्ष में जन समर्थन देकर दोबारा इतिहास कायम करेगी। जनसंपर्क अभियान में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल रागिनी सोनकर एवं सांसद धर्मेंद्र यादव ने मिल्कीपुर में खिराहना, अमानीगंज एवं कल्याणपुर में जनसभाएं करके सपा के पक्ष में जन समर्थन की अपील कर रहे है निषाद समाज को साधने के लिए जय हिंद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदलाल निषाद पहले से ही मिल्कीपुर में डेरा डाले सपा प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी समर्थन जुटाने में जुटे हुए हैं। मिल्कीपुर विधानसभा के उपचुनाव में दो दर्जन से अधिक समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता जनसंपर्क करके जनता से सपा के पक्ष में मतदान को लेकर अपील कर रहे हैं।

मिल्कीपुर उपचुनाव में जिले के उतरौला विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ सपा नेता हसीब खान, विधायक नसीम सोलंकी ने डोर टू डोर जनसंपर्क भी किया है

इस दौरान गोंडा से प्रदेश सचिव महिला प्रकोष्ठ अंजू वर्मा, बलरामपुर महिला जिलाध्यक्ष हिना कौसर, फिरोज खान विनय वर्मा ,सलीम उतरौलवी,अनवर जावेद, इमरान, जावेद खान अंकित वर्मा ,शादाब ,पिंटू, गोपी, अरुण सिंह आदि सैकड़ो सपाई जनसंपर्क में शामिल रहे हैं।

# तुलसी के आंगन में हुआ मेधा व बुजुर्गजनों का सम्मान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बलदीराय/सुल्तानपुर।** बल्दीराय ब्लाक के पूरे तुलसीराम तिवारी का पुरवा में स्वर्गीय जगपति देवी की द्वितीय पुण्यतिथि धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मेधावियों का सम्मान हुआ। पांच 80 वर्षीय स्वास्थ्य बुजुर्गजन सम्मानित हुए।ग्राम सभा सादुल्लापुर के सौ अल्पआय वर्ग परिवार के प्रतिनिधियों का कंबल भेंट किया गया। मुख्यअतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डा. अवधेश तिवारी, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेत्री मनीषा पांडेय व मंडल अध्यक्ष विशाल जायसवाल रहे। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय जगपति के चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। जिला संघ चालक डा अवधेश तिवारी ने कहा कि विद्यार्थियों को ज्ञान प्राप्त करना आवश्यक है, लेकिन इसके उपयोग का तरीका जानना भी जरूरी है। बताया कि त्रेतायुग का महाज्ञानी ज्ञान के दुरुपयोग के कारण ही दुरात्मा रावण बना। कहा शिक्षा का सदुपयोग करना होगा। सदमार्ग पर चलकर समाज व राष्ट्र के उन्नयन में सहायता करनी होगी। विशिष्ट अतिथि मनीषा पांडेय ने कार्यक्रम को सराहा। इसे ग्राम स्तर पर ही नहीं बल्कि जिला व प्रदेश स्तर के लिए उदाहरण है। कहा ग्राम सभा में मेधावियों को सम्मानित करना उन्हें प्रेरित करना है। उन्होंने आयोजक वीरेंद्र कुमार तिवारी को विशेष धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संयोजन इंजीनियर नवीन तिवारी, अभिषेक तिवारी व विवेक तिवारी ने किया। सम्मानित होने वाले मेधावियों में कैप्टन बाल चंद इंटर कालेज मीरपुर , रामरति मेमोरियल चिल्ड्रन स्कूल रसूलपुर के मेधावी क्रमश- हर्षिता मिश्रा, आयुषी श्रीवास्तव, श्रद्धा यादव, साक्षी सिंह, वैभव अग्रहरि, अनिमेष यादव, आदित्य तिवारी, गौरव यादव, सुरेंद्र द्विवेदी को मेडल व पट्टी पहनाकर सम्मानित किया गया। गौरव यादव को स्वर्गीय रामबली प्रजापति सम्मान दिया गया। अन्य मेधावियों को स्वर्गीय रामसुमिरन, गयादीन, शिवमूर्ति व राममूर्ति सम्मान से नवाजा गया। इसके अलावा प्रेरणादायी बुजुर्ग पंडित राम कुमार शास्त्री, संकठा प्रसाद तिवारी व देवी प्रसाद, राम करन वर्मा व संत राम प्रजापति को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। देवी प्रसाद तिवारी ने नई पीढ़ी को खान पान अच्छा व खूब परिश्रम करने को कहा। इसके बाद सौ ग्राम सभा के सौ परिवारों के प्रतिनिधि सदस्यों को कंबल भेंट किया गया। इसके पहले सुंदरकांड के पारायण से इसकी शुरुआत हुई। वीरेंद्र कुमार व पत्नी शेष तिवारी ने आरती की। प्रसाद का वितरण हुआ। इस मौके पर राजधर शुक्ला, घनश्याम अग्रहरि, प्रदीप यादव, एबीवीपी के विभाग कार्यालय मंत्री दुर्गेश तिवारी, अमन वर्मा, रूपेश द्विवेदी, अमरनाथ तिवारी, रूप नारायण, तिवारी, करूणा शंकर तिवारी, अर्जुन यादव, जय प्रकाश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे। संचालन धर्मेंद्र शुक्ला ने किया।



### सड़क सुरक्षा रैली, हेलमेट लगाने का किया निवेदन

**सुलतानपुर।** राणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स व राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा रैली निकाली। विद्यार्थियों ने रास्ते में आने जाने वालों को यातायात नियमों की जानकारी दी व हेलमेट लगाकर चलने का निवेदन किया। प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश कुमार त्रिपाठी ने कालेज परिसर से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली सिविल लाइंस हनुमान मंदिर चौराहा व एमजीएस चौराहा होते हुए कालेज पहुंची। रैली के साथ चल रहे एनसीसी समन्वयक डॉ आलोक कुमार, असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि,एनएसएस कार्यक्रमाधिकारी डॉ. प्रभात श्रीवास्तव,वीरेंद्र कुमार गुप्त व डॉ विभा सिंह ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर ज्ञानेन्द्र विक्रम सिंह रवि ने बताया कि रैली के रास्ते में मिलने वाले 90 प्रतिशत से अधिक बाइक चालक बिना हेलमेट के और चार पहिया चालक बिना सीट बेल्ट के थे।

# अटल के आदर्श हमारे लिए अमूल्य धरोहर- डॉ एमपी सिंह

## 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन होगा आयोजित



**सुलतानपुर।** भाजपा भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर पूरे वर्ष विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगी। पूर्व पीएम की जन्म शताब्दी वर्ष को लेकर पयागीपुर स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय परिषद सदस्य डॉ एमपी सिंह ने उनसे जुड़े संस्मरणों को साझा किया। उनके राजनीतिक जीवन पर चर्चा की।उन्होंने कहा अटल जी के आदर्श हम सबके लिए अमूल्य धरोहर है।उन्होंने अटल जी को लोकतांत्रिक व मानवतावादी मूल्यों की प्रतिमूर्ति बताया। उन्होंने कहा वह इतने विशाल व्यक्तित्व के नेता थे कि विपक्ष समेत दुनिया भर के नेता उनकी सराहना और सम्मान करते थे।

उन्होंने बताया कि 15 फरवरी से 15 मार्च तक अटल विरासत सम्मेलन आयोजित होगा भाजपा प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी मीना चौबे ने अटल जी के व्यक्तित्व व कृतित्व पर चर्चा करते हुए उनको राजनीति का ध्रुवतारा बताया और अटल जी रचित कविता सुनाई।भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी के संचालन में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ.आरए वर्मा ने पूर्व पीएम अटल जी को राजनीति का अजातशत्रु बताया।उन्होंने बताया की पूर्व पीएम अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष के तहत 25 दिसम्बर 2024 से 25 दिसम्बर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से उनको याद किया जाएगा।इस दौरान मौजूद लोगों ने पार्टी कार्यालय पर अटल जी के जीवन व योगदान पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया।इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी पूर्व जिला महामंत्री कृपा शंकर मिश्रा,जिला उपाध्यक्ष सुनील वर्मा, जिला मंत्री आशीष सिंह रानू आदि मौजूद रहे।

# अशासकीय माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य को मिला नेतृत्व क्षमता का प्रशिक्षण

## डाइट सभागार में राज्य स्तर के प्रशिक्षकों ने दिया प्रशिक्षण



**बलरामपुर।** मंगलवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सभागार में माध्यमिक शिक्षा अभियान समग्र शिक्षा के अंतर्गत अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य एवं प्रधानाध्यापक का पांच दिवसीय नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ।प्रशिक्षण में 19 अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य प्रशिक्षण में शामिल हुए है।

नेतृत्व क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण डायट प्राचार्य मृदुला आनंद के निर्देशन में शुरू हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर मालदर्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। प्रशिक्षण के शुभारंभ के दौरान प्राचार्य ने कहा कि शिक्षक का मुख्य उद्देश्य बच्चों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। इसी के तहत जो भी जानकारी शिक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान मिल रही है उसे बच्चों के बीच साझा करके उनके नेतृत्व क्षमता संवर्धन में सहायक बने। प्रशिक्षण में 19 अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय के प्रधानाचार्य शामिल रहे हैं सभी को नेतृत्व क्षमता संवर्धन का प्रशिक्षण दिया गया है ।राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त संदर्भ दाता आशीष कुमार मौर्य सुधीर कुमार पांडे द्वारा प्रधानाचार्य को नेतृत्व क्षमता के विकास से संबंधित जानकारी दी गई है इस अवसर पर सेवक प्रशिक्षण प्रभारी डाइट तोता पवन कुमार वर्मा त्रिपुरारी पूजन के साथ चंद्रमणि मिश्रा सपना वर्धन डाइट प्रवक्ता रेखा आदि शामिल रहे हैं।

# आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित हुए 10 अध्यापक

## सामाजिक संस्था शिवनारायण सेवा समिति ने उत्कृष्ट शिक्षण कार्य पर किया सम्मानित



**बलरामपुर।** सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग की सहयोगी संस्था शिवनारायण सेवा समिति ने गत वर्षो की भाग इस वर्ष की परिषदीय विद्यालयों में बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया है। जिले में आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले 10 अध्यापक हैं जो विभिन्न विकासखंड के हैं । आदर्श शिक्षक पुरस्कार सम्मान के मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला रहे हैं उन्होंने सामाजिक संस्था शिवनारायण सेवा समिति के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि इस संस्था ने विगत वर्षो से बुनियादी शिक्षा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मानित करके न केवल शिक्षकों के हौसले को बढ़ा रहा है बल्कि बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शिक्षकों को प्रेरित भी कर रहा है। संस्था अध्यक्ष अरविंद मिश्रा एवं सचिव आशुतोष मिश्रा ने रूप से बताया कि आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित होने वाले सदर शिक्षा क्षेत्र से इंचार्ज प्रधान अध्यापिका शिखा तिवारी शिक्षा क्षेत्र शिवपुर के शुभंकर श्रीवास्तव शिक्षा क्षेत्र तुलसीपुर के रंजन श्रीवास्तव पचपेड़वा के राम आशीष सीरतगंज के सहायक अध्यापक सुनीता पांडे उतरौला की संगीता से स्वास्थ्य गंडास बुजुर्ग के राजेंद्र प्रसाद वर्मा लहर बाजार के महेंद्र कुमार गुप्ता एवं बलरामपुर नगर की आमना खातून अध्यापक अध्यापिका शामिल है इन सभी को बेसिक शिक्षा अधिकारी शुभम शुक्ला ने आदर्श शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित करते हुए निरंतर परिषदीय विद्यालय में नवाचार शिक्षा को बढ़ाने में विशेष योगदान देने के लिए प्रेरित किया है।

# सभी लाइसेंसधारी व्यापारियों के लिए शस्त्र ट्रेनिंग कैंप का हो आयोजन - डीपी गुप्ता

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सुलतानपुर।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित उद्योग बंधु व व्यापार बंधु की बैठक में शिरकत करते हुए भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने जिला अधिकारी सुल्तानपुर कुमार हर्ष को एक आवेदन पत्र सौंप कर सेफ हैंडलिंग आफ् आर्म्स एंड एम्युनिशन हेतु जिले में व्यापारियों के लिए एक शस्त्र प्रशिक्षण शिविर आयोजित करवाये जाने की मांग किया। दिए गए अपने आवेदन पत्र में भारतीय उद्योग किसान व्यापार मंडल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी पी गुप्ता एडवोकेट ने लिखा कि जिले के तमाम व्यापारियों को प्रशासन द्वारा उनकी जान माल की सुरक्षा हेतु शस्त्र लाइसेंस जारी किए गए हैं परन्तु शस्त्रों के सुरक्षित रखरखाव व इस्तेमाल हेतु उन्हें किसी भी प्रकार का कोई प्रशिक्षण आज तक नहीं मिला है। ऐसे में किसी मुसीबत या आपराधिक वारदात होने पर वे अपने जान माल की सुरक्षा हेतु लाइसेंसी शस्त्रों का प्रयोग कैसे करें,इसकी तकनीकी जानकारी व्यापारियों को होना नितांत आवश्यक है। अक्सर देखा गया है कि कि उचित प्रशिक्षण के अभाव में व्यापारियों में आत्मविश्वास की कमी रहती और वे शस्त्र होने के बावजूद अचानक घटित होने वाले आपराधिक वारदातों के समय उसका सामना उचित ढंग से नहीं कर पाते। इसी के साथ उन्होंने कहा कि इसी प्रकार का एक ट्रेनिंग कैंप श्रावस्ती जिले में फरवरी 2024 को आयोजित हुआ था जिसमें अवध राइफल शूटिंग अकादमी लखनऊ से पधारे शूटिंग कोच विक्रम राय व जमाल असगर राना द्वारा वहां के व्यापारियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया था।

# मौनी अमावस्या पर बन रहा समुद्र मंथन तुल्य योग

## 29 जनवरी से 8 फरवरी प्रातः तक किसी भी समय स्नान करने पर मिलेगा अमृत समान जैसा पुण्य

➪8 फरवरी तक मिलेगा अमृत स्नान का पुण्य लाभ

➪ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, महाकुम्भ में मौनी अमावस्या तिथि के दिन बन रहा है विशिष्ट त्रिवेणी संयोग





**लोकमित्र ब्यूरो**

**महाकुम्भ नगर।** सनातन आस्था के महापर्व महाकुम्भ के सबसे प्रमुख पर्व मौनी अमावस्या का अमृत स्नान 29 जनवरी, बुधवार को होगा। ज्योतिषशास्त्रियों की काल गणना के अनुसार इस वर्ष मौनी अमावस्या कि तिथि पर 144 वर्षों बाद अद्भुत त्रिवेणी योग बन रहा है। ज्योतिषशास्त्रियों का कहना है कि ये योग समुद्र मंथन के योग के समान है, इस योग में पवित्र त्रिवेणी में स्नान करने से सहस्त्र वाजपेय यज्ञ और सौ अश्वमेध यज्ञ के सामान पुण्य प्राप्त होता है। ज्योतिषशास्त्रियों के अनुसार, यह समुद्र मंथन तुल्य योग मंगलवार अपराह्न 2.35 से लेकर 8 फरवरी प्रातः 7.25 बजे तक रहेगा। इस योग में स्नान करने पर अमृत स्नान का पुण्य प्राप्त होगा। शास्त्रों और पुराणों में वर्णन है कि महाकुम्भ में मौनी अमावस्या तिथि पर पवित्र संगम में स्नान करना मोक्षदायक माना गया है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, श्रद्धालु किसी विशेष योग और नक्षत्र के बजाए सुविधा के साथ किसी भी घाट पर स्नान करें, उन्हें संगम स्नान जैसे ही पुण्य फल की प्राप्ति होगी।

### पूरा दिन बन रहा स्नान का शुभ मुहूर्त

**प्रयागराज।** मौनी अमावस्या तिथि के दिन अमृत स्नान के कई शुभ मुहूर्तों का निर्माण हो रहा है, जिसमें स्नान और दान विशेष फलदायी है। इसमें ब्रह्म मुहूर्त से लेकर अमृत चौघड़िया मुहूर्त और शुभ चौघड़िया मुहूर्त भी है। साथ ही मौनी अमावस्या पर उत्तराषाढ़ा नक्षत्र के बाद श्रवण नक्षत्र लग रहा है। इन सभी योग और नक्षत्रों में स्नान दान करने व पितरों की शांति के लिये पूजन करने से विशेष पुण्य प्राप्त होता है।

### 144 साल बाद बन रहा है विशिष्ट संयोग

पौराणिक मान्यता के अनुसार मौनी अमावस्या कि तिथि पर मौन व्रत रख कर ब्रह्म मुहूर्त में स्नान करने का विधान है। पंचांग की गणना के अनुसार माघ मास की अमावस्या तिथि 28 जनवरी को सांयकाल 07 बजकर 32 मिनट से शुरू होकर 29 जनवरी को शाम 06 बजकर 05 मिनट तक रहेगी। प्रयागराज के ज्योतिष शास्त्री एचके शुक्ला का कहना है कि इस वर्ष महाकुम्भ में 144 वर्ष बाद विशिष्ट संयोग बन रहा है। इस वर्ष माघ मास की अमावस्या तिथि पर मकर राशि में सूर्य, चंद्रमा और बुद्ध तीनों ग्रह स्थित हो रहे हैं तथा बृहस्पति ग्रह नवम दृष्टि में है।

इस विशिष्ट संयोग को त्रियोग या त्रिवेणी योग कहा जाता है। यह रिवेणी योग समुद्र मंथन काल के योग के समान है। इस योग में त्रिवेणी स्नान विशेष फलदायी है। मौनी अमावस्या तिथि पर मौन व्रत रख कर स्नान करने और भगवान विष्णु का पूजन किया जाता है।

### संगम स्नान नहीं कर पाने वाले घर पर ही करें विशेष स्नान

कानपुर के प्रख्यात ज्योतिशाचार्य पीएन द्विवेदी के अनुसार, महाकुम्भ में माघ मास की अमावस्या तिथि को ही मौनी अमावस्या कहा जाता है। मौनी अमावस्या के दिन ही वैवस्वत मनु का जन्म हुआ था। इस दिन मौन व्रत रख कर स्नान करना शुभ माना जाता है। मौनी अमावस्या पर स्नान का उत्तम मुहूर्त ब्रह्म मुहूर्त में होता है, लेकिन पूरे दिन ही मौनी अमावस्या तिथि का स्नान करना शुभ माना गया है। उदया तिथि होने कारण पूरे दिन ही अमावस्या का स्नान होगा। संभव हो तो इस दिन मौन व्रत रख कर संगम स्नान करना चाहिए, विशेष पुण्य फल की प्राप्ति होती है। जो लोग त्रिवेणी संगम में स्नान नहीं कर पा रहे हैं वो संगम या गंगा जल को पानी में मिलाकर स्नान करें, उससे उन्हें संगम स्नान का ही फल प्राप्त होगा।

# आर्केस्ट्रा संचालक का हत्यारा निकला पत्नी का प्रेमी

## मेजा पुलिस व एसओ जी टीम ने आरोपी को दबोच कर भेजा जेल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा (प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के चपौर श्यामनगर (धर्मपुर) गांव में बीते दो दिनों पूर्व आर्केस्ट्रा संचालक की हत्या कर दी गई थी।हत्यारोपी मृतक की पत्नी से प्रेम करता था। प्रेमी ने प्रेमिका के पति की हत्या कर लाश घर से कुछ दूरी पर खेत में फेक दिया था। एसओजी टीम व पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है।

बता दें धर्मपुर गांव निवासी अशीष बिंद पुत्र पप्पू बिंद की बीते शनिवार को हत्या कर दी गई थी। घर से थोड़ी दूर खेत में लाश मिलने से ग्रामीणों सहित इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक अशीष आर्केस्ट्रा संचालक था।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर, मृतक के भाई मनीष की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जाँच मे जुटी रही।

यमुनानगर के एसओजी प्रभारी नवीन कुमार सिंह मय टीम व मेजा थानाध्यक्ष मेजा राजेश उपाध्याय व सर्विलास सेल प्रभारी प्रमोद यादव ने टीम के साथ मुखबिर की सटीक सूचना पर मंगलवार को क्षेत्र के ओनौर बिंद चौराहा से आरोपी सूर्य प्रकाश बिंद पुत्र बलराम बिंद को 36 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर मामले का खुलासा कर दिया गया।

कड़ाई से पूछताछ में आरोपी ने अपना जुल्म कबूल कर लिया। आरोपी के पास से हत्या में प्रयुक्त लाठी डंडे मफलर,जूते आदि बरामद कर लिया गया।पुलिस ने लिखा पढ़ी के बाद आरोपी को जेल भेज दिया।

### आरोपी ने स्वीकारा जुर्म

आर्केस्ट्रा संचालक आशीष बिंद का हत्या आरोपी सूर्य प्रकाश बिंद पुत्र बलराम बिंद निवासी श्याम नगर चपौर थाना मेजा ने अपना जुर्म कबूल करते हुए बताया कि वह आशीष बिंद की पत्नी से बेइंतहा प्यार करता था। किसी भी कीमत पर उसको पाना चाहता था।इसलिए आशीष को रास्ते से हटा दिया।

# उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल महिला इकाई की जिलाध्यक्ष बनी सरिता जैन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता के निर्देश पर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिला प्रभारी प्रदीप गुप्ता की सहमति से समाज सेविका सरिता जैन को उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल सीतापुर महिला इकाई का जिलाध्यक्ष घोषित किया गया है।

जैन मंदिर में आयोजित बैठक में संगठन के पदाधिकारियों द्वारा बुके एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि समाज सेवा के क्षेत्र में सरिता जैन का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से कमेटी के विस्तार के लिए कहा। आदर्श व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष संजय मिश्रा ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि मातृशक्ति समाज के विभिन्न क्षेत्र में उद्योग,व्यापार के माध्यम से देश की प्रगति के लिए अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर रही है। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। संरक्षक विश्ववीर गुप्ता ने भी नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का स्वागत करते हुए कहा कि संगठन व्यापारियों के कल्याण के लिए सदैव कार्य करता रहेगा। नव नियुक्त महिला जिलाध्यक्ष सरिता जैन ने कहा कि संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें दी है उसका पूरी तन्मयता से निर्वहन कर संगठन व समाज को मजबूत बनाने के लिए कार्य करेगी।

इस अवसर पर मातृशक्ति रीना अग्रवाल, कविता अरोड़ा, नूतन जैन, निर्मला अग्रवाल, जिला महामंत्री अमित अग्रवाल, प्रवक्ता नरेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष एहराज बेग आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक धूमधाम से मनाया गया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद के श्री दिगंबर जैन मंदिर में प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जैन समाज के श्रद्धालुओं ने निर्वाण लाडू अर्पित कर विश्व शांति की कामना की। इस अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

नगर पालिका परिषद महमूदाबाद के मोहल्ला सरावगी टोला स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में काफी संख्या में जैन श्रद्धालुओ ने भगवान ऋषभदेव की प्रतिमा का अभिषेक, पूजन और शांतिधारा की। भगवान को निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य नीरज जैन परिवार को प्राप्त हुआ। मंदिर की सभी वेदियों और मान स्तंभ पर निर्वाण लाडू अर्पित करते हुए विश्व शांति और सद्भाव की प्रार्थना की गई। इस दौरान जैन समाज के अध्यक्ष अनुज जैन, अजय जैन, अमित जैन, नेमि चन्द्र जैन और मुकेश जैन सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे। वही मोहल्ला इंदौरा वार्ड स्थित भगवान ऋषभदेव पर दीपेश जैन और अभिषेक जैन के नेतृत्व में पूजन और अभिषेक का आयोजन कर मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया।

# कस्तूरबा गांधी कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** कस्तूरबा गांधी कन्या गर्ल्स इंटर कॉलेज भरवारी में 76वें गणतंत्र दिवस पर कॉलेज के प्रबंधक पितांबर लाल केशरवानी ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने अमर शहीद सेनानियों के योगदान को याद करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं समस्त छात्रों,अभिभावकों एवं छात्रों,कर्मचारियों हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। कॉलेज के छात्राओं द्वारासांस्कृतिक कार्यक्रम, राष्ट्र गीत,भाषण एवं डांस प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्या,समस्त शिक्षक एवं नगर के गणमान्य उपस्थित रहे।

# गंगा कछार में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

**फाफामऊ।** रेलवे ब्रिज गंगा कछार में ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। जानकारी के मुताबिक गंगा नदी पर बने रेलवे ब्रिज के नीचे रेत में एक युवक का शव देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने शव को शिनाख्त किया तो पता चला कि मृतक युवक गोंडा जिले के कोतवाली क्षेत्र का 30 वर्षीय सुरेश कुमार है। पुलिस ने बताया कि युवक ट्रेन से नीचे रेत में गिर जाने से युवक की मौत हो गई।

# मजिस्ट्रेट लिखी स्कॉर्पियो से भिड़ी लक्जरी कार, बाल बाल बचे सवार

**अजुहा ।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे नवीन मंडी के पास नेशनल हाईवे पर मजिस्ट्रेट लिखी स्कॉर्पियो के ब्रेक मारने पर पीछे से लक्जरी कार भीड़ गई जिसमें कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि दोनों गाड़ियों में सवार लोग बाल बाल बीच गए , जिसके बाद स्कॉर्पियो चालक उतरकर कार चालक के साथ मारपीट करने लगा स्थानीय लोगों के समझाने बुझाने के बाद दोनों कार चली गई ।प्रयागराज के मेजा के कुण्डपुर के मदरंग निवासी सत्यम मिश्रा पुत्र इंद्रमणि मिश्रा अपने साथी अरुण तिवारी के लक्जरी कार से मथुरा वृंदावन से घर लौट रहे थे , कार चालक मंगलवार की शाम सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के नवीन मंडी के नजदीक पहुंचा तभी नेशनल हाईवे पर आगे जा रही मजिस्ट्रेट लिखी स्कॉर्पियो के चालक ने अचानक ब्रेक मार दिया इस दौरान पीछे चल रही लक्जरी कार स्कॉर्पियो में भीड़ गई , जिसके बाद स्कॉर्पियो चालक उतरकर हंगामा करते हुए कार चालक के साथ मारपीट करने लगा तो स्थानीय लोगों ने देखा तो पुलिस को सूचना दी , सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों कार के चालकों को समझाबुझा कर मामला शांत कराया , हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई जबकि कोई घायल नहीं हुआ ।

# नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष ने पीड़ित परिजनों से मिलकर मुहैया कराई सहायता राशि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मंझनपुर विधान सभा के विदाव गांव में एक मकान में विघुत घर्षण से आग लग गई। जिसमें मकान में रखा हजारों रूपया का सामान जल कर खाक हो गया। इसकी जानकारी होते ही सोमवार को नगर पालिका अध्यक्ष बीरेन्द्र फौजी पीडित के घर पहुचे, और हाल चाल जाना, इस दौरान उन्होने नगद राशि देकर सहायता किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि वह जिलाप्रशासन के अधिकारियों से भी बात करेगे, जिससे उनको सरकार की ओर से जो भी सहायता मिलती हो, वह मिल जायेगी।

मंझनपुर विधानसभा के बिदांव गांव के घनश्याम पासी के मकान में रात में विघुत घर्षण से आग लग गई। इस आग में एक बाइक व दो भैस सहित हजारों रूपया का गृहस्ती का सामान जल कर खाक हो गया है, इसकी जानकारी नगर पालिका परिषद मंझनपुर बीरेन्द्र फौजी को हुई तो वह सोमवार को पीडित के घर पहुच गये, उन्होने पीडित से घटना के बारे में पूरी जानकारी लिया। इस दौरान पीडित परिवार को संत्वना देते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि तहसील प्रशासन और जिला प्रशासन से वार्ता कर जो भी सहयोग हो सकेगा, वह सहयोग करायेगे। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने पीडित परिवार को राशन व कबल तथा नगद धनराशि देकर सहयोग किए। नगर पालिका अध्यक्ष के इस सहयोग की वहा पर मौजूद लोगों ने सराहना किया। लोगों का कहना है, कि कौशाम्बी जनपद में बीरेन्द्र फौजी ही एक ऐसा नेता है, जो किसी भी प्रकार की घटना की जानकारी होते ही पीडितों का दुख दर्द बाटने पहुच जाते है, भारतीय जनता पार्टी ने ऐसा नेता को नगर पालिका अध्यक्ष का टिकट देकर सराहनीय कार्य किया है, जिससे पीडितों दुखियों असहायों की मद्दत हो जा रही है। इस मौके पर भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष शिव प्रताप मौर्य विजय तिवारी सभासद अंशुल केसरवानी ज्ञानेंद्र तिवारी उपस्थित रहे।

# अनुपस्थित डॉक्टर के फर्जी हस्ताक्षर पर डीएम ने सीएसएस को लगाई फटकार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** जिला अस्पताल का मंगलवार को डीएम अभिषेक आनंद ने निरीक्षण किया। इस दौरान चार चिकित्सक अपने कक्षों से अनुप स्थित पाए गए। उपस्थिती रजिस्टर में डॉ. अरशद जमाल अनुपस्थित होने के बावजूद उनके हस्ताक्षर पाए गए। इस पर डीएम भड़क गए। उन्होंने सीएमएस से पूछा कि यह चिकित्सक अगर अनुपस्थित हैं तो रजिस्टर पर इनके हस्ताक्षर कैसे है। जिसके बाद सीएमएस कोई जवाब नहीं दे सके। डीएम ने सीएमएस को चिकित्सकों के खिलाफ कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यो लापरवाही बरतने वाले चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मचारी पर कठोर कार्रवाई करें। डीएम ने ओपीडी, भर्ती वार्ड, आईसीयू, एनआरसी, सर्जिकल वार्ड, आपरेशन कक्ष, सीटी स्कैन कक्ष, एक्सरे वार्ड, ईएनटी वार्ड, टेलीमेडिसिन सेवा कक्ष, साथिया केन्द्र काउंसलिंग कक्ष, आरबीएसके यूनिट, इमरजेंसी वार्ड, ब्लँड बैंक आदि वार्डो का निरीक्षण किया। डीएम ने जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। सभी चिकित्सकों एवं कार्मिकों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिये। निर्धारित ड्यूटी स्थल पर अनुपस्थित पाये जाने पर डा0 अरशद जमाल, डा0 रवि शेखर श्रीवास्तव, डा0 कुलदीप शुक्ला एवं डा0 राकेश श्रीवास्तव के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिये। डीएम ने चेतावनी देते हुये कहा कि यदि कोई चिकित्सक अथवा कार्मिक ड्यूटी में लापरवाही करता पाया जायेगा तो उसके विरूद्ध नियमानुसार कठोर विभागीय कार्यवाही की जायेगी। निरीक्षण के दौरान सीएमएस डॉ. इन्द्र सिंह, पवन वर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# संदिग्ध दशा में युवक की मौत ठंड की आशंका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** महेवाघाट कोतवाली क्षेत्र के कुम्हियावा बाजार में ननिहाल आए युवक की संदिग्ध दशा में मौत हो गई है। वहीं युवक की मौत की वजह ठंड लगने का कारण बताया जा रहा है फतेहपुर जनपद के कल्याणपुर कछरौली निवासी बब्बू ने बताया कि सोमवार को बेटा विजय (19) महेवाघाट कोतवाली क्षेत्र के कुम्हियावा बाजार निवासी बबलू के यहां ननिहाल है और कार्यक्रम के लिए आया था जिसे वहा ठंड लग गई इलाज के लिए पीएचसी सरसवा में ले गया जहां उसकी इलाज दौरान मौत हो गई।परिजनो ने शव को अपने गांव ले जाकर अंतिम संस्कार कर दिया है। थानाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक के पिता ने बताया कि ठंड लगने से मौत हुई है शव का पोस्टमार्टम नहीं कराना चाह रहे थे इसके बाद युवक के शव, को अपने गांव लेकर चले गए।

# प्रदेश कार्यालय पर धूमधाम के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रदेश कार्यालय 140 - न्यू बी ब्लॉक दारूल शफा लखनऊ में गणतंत्र दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर हरिश्चंद्र सिंह, प्रदेश महासचि व लखनऊ मण्डल प्रभारी प्रबीन कुमार सिंह, मनीष तिवारी, अनूप कुमार सिंह, अमय प्रताप सिंह, सीतापुर से मो. मेराज, अनिल कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, राजवीर, अनूप सोनकर, राजीव श्रीवास्तव, वकील अहमद प्रदेश महासचिव सीतापुर सहित आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# रामकोट इलाके में मिला युवक का शव हत्या का आरोप

**सीतापुर।** रामकोट थाना इलाके के शंकरपुर गांव में रविवार रात एक किशोर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। परिजनों पर गांव के ही एक युवक पर हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

रामकोट के शंकरपुर गांव निवासी शुभम (15) पुत्र किशनपाल अपने घर से गांव के ही रिंकू रैदास के साथ शाम 5 बजे निकला था काफी देर वापस न आने पर परिजनों ने तलाशना शुरू किया तो रविवार रात्रि करीब 8 बजे शुभम गाँव के बाहर 1 कि.मी दूर नाले में पड़ा मिला एवं मौके से रिंकू को भागते देखा, पकड़ने की कोशिश के बावजूद आरोपी मौके से फरार हो गया। आनन-फानन में परिजन उसे जिला चिकित्सालय सीतापुर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी पर पहुंची रामकोट पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल परिजनों द्वारा हत्या का आरोप गांव के ही एक व्यक्ति पर लगाया जा रहा है। रामकोट के अपराध निरीक्षक घनश्याम सिंह ने बताया है कि परिजन गांव के ही रिंकू रैदास पर मृतक को घर से ले जाने का आरोप लगा रहे हैं। मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# नगर पालिका में होगे दस करोड़ से विकास कार्य, बोर्ड की बैठक में खींचा खाका

**लोकमित्र ब्यूरो**

**भरवारी, कौशाम्बी।** नगर पालिका परिषद भरवारी में मंगलवार की शाम चार बजे बोर्ड की बैठक हुई। बैठक में सभासदों ने विकास कार्यो में अनदेखी को लेकर अपनी बात प्रमुखता से उठाया।



नगर में विकास कार्यो का खाका खींचने के लिए मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष कविता पासी की अध्यक्षता में बोर्ड की पांचवी बैठक हुई। वार्ड नंबर 12 के सभासद सूरज यादव ने कहा कि दो टेंडर निकले है उनमें वॉर्ड 12 का कोई कार्य नहीं लिया गया, वॉर्ड के साथ सौतेला व्यवहार किया गया, नगर पालिका प्राइवेट लिमिटेड फर्म की तरह कार्य कर रही है, वॉर्ड के विकास कार्य पुराने प्रस्ताव को सम्मिलित कर वॉर्ड का विकास करे, हैंडपंप रिबोर नए लगाए जाए, धार्मिक स्थल पर मिट्टी व रास्ता बनवाए, प्रकाश की व्यवस्था की जाएं द्य वार्ड पांच सभासद विक्रम सिंह एडवोकेट ने कहा कि वार्ड नंबर 5 में शादी घर बनवाने, स्वास्थ सुविधा के लिए अस्पताल, नगर पालिका में अग्निशमन की व्यवस्था, पुस्तकालय की व्यवस्था, शव वाहन की संख्या बढ़ाई जाए, वार्डों में बेहतर साफ सफाई के लिए सफाई कर्मचारीयों की संख्या बढ़ाई जाये, वार्ड नम्बर 5 में पानी सप्लाई हेतु 17.5एचपी का नया पंप हाउस की मांग, खेल कूद के लिए ओपन जिन ,नगर पालिका की सरकारी जमीनों कों अधिग्रहित की मांग की, नगर पालिका के सीमा विस्तारित क्षेत्र के पिछड़े और अतिपिछडी बस्तियों कों बिशेष पैकेज देकर विकास कराया जाय द्य वॉर्ड 14 के सभासद शादाब अहमद ने कहा कि मूरतगंज बस स्टॉप जीटी रोड से भरवारी रोड तक नाले का निर्माण,

रसूलपुर काजी में सड़क निर्माण ,आने वाली बरसात मौसम को देखते हुए सभी वार्डो में जल निकासी की व्यवस्था को दुरुस्त करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में अध्यक्ष कविता पासी ने सभासदों के सभी सवालों का जवाब दिया। ईओ राम सिंह ने कहा कि नियम के मुताबिक ही काम होंगे।

### शव वाहन खरीदने समेत रखें 78 प्रस्ताव

नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सभासदों ने करीब दस करोड़ से अधिक के 78 कार्यो का प्रस्ताव रखा। इसी में शव वाहन खरीदने का प्रस्ताव भी शामिल रहा। जिस पर अध्यक्ष और ईओ ने एक सप्ताह में निर्णय लेने के लिए कहा है। अवर अभियंता मनोज सिंह व बुद्धराज पाल, लेखा लिपिक बबलू गौतम, वार्डो के सदस्य गण नौरती देवी,गंगा देवी, सुषमा देवी, विकास बाबू सोनकर, राकेश कुमार,विजय सिंह, सविता देवी,सुरेन्द्र सिंह,हेमा केसरवानी, शंकर लाल,पुष्प देवी, वीरेंद्र कुमार, मंजू देवी, मो0 यासीन, मो0 हुसैन, ज्योति गुप्ता उपस्थित रहे। ईओ रामसिंह ने मेहता रोड भरवारी स्थित निकाय कार्यालय को सामुदायिक भवन व मार्केट बनाए जाने के प्रस्ताव पर सभी के द्वारा सहमति जताई गई।

अध्यक्ष कविता पासी ने कहा कि बैठक मिले प्रस्ताव से नगर का विकास कार्य पूरा किया जाएगा, नगर में अग्निशमन केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, स्टेडियम, बारात घर व पुस्तकालय की व्यवस्था के संबंध में नगर विकास विभाग से अतिरिक्त बजट भेजकर विकास कार्य कराने हेतु प्रयास किया जाएगा

# लापता युवती का शव शारदा नहर में मिला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सीतापुर।** महमूदाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम माल सराय निवासी युवती मोहिनी उर्फ़ पूजा 19 वर्षीय का मंगलवार की सुबह ग्राम सेदनपुर के सामने शारदा नहर में शव उतराता मिला। 21 जनवरी को ग्राम माल सराय निवासी सियाराम ने कोतवाली मे मुकदमा दर्ज करवाया था, मेरी बहन मोहिनी उर्फ़ पूजा को गांव के नरेंद्र कुमार रावत बहला फुसला कर भगा ले गया था। पुलिस ने लापता युवती के संबंध में गुमसुदगी दर्ज कर जांच शुरु कर दी थी। जिसका मंगलवार की सुबह ग्राम सैदनपुर के सामने शरदा नहर में बहते हुए शव को ग्राम बंशीपुर के प्रधान दिलीप ने देखा।

जिसकी पुलिस को सूचना दी। मौक़े पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाल कर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा। इंस्पेक्टर अनिल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज था शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है मामले की जांच की जा रही है।

